जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, मंगलवार 16 अप्रेल, 2024

Hero

WORLD'S NO.1* MOTORCYCLE

Splendor+

अब XTEC के साथ






4 करोड़ खुशहाल ग्राहक*

कम डाउन पेमेंट ₹4999^

ई.एम.आई. ₹2699^ से शुरू

शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत ₹75766ˇ

कम ब्याज दर 9.99%* से शुरू

Hero GoodLife अतिरिक्त कैश डिस्काउंट ₹2000˜ तक

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY*

6000^^ km OR Months Service interval

टोल फ्री 1800 266 0018

Hero FINCORP

IDFC FIRST Bank

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **As per the cumulative dispatch number till March 2023. #Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2022 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY22). ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. *Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only. ˜On successful redemption of Hero GoodLife Sales Voucher. Offer valid for eligible Hero GoodLife Members only. For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. ^^Terms and Conditions apply. ˇStarting price of Splendor+ Drum Brake Kick Start in Jaipur.

**अधिकृत डीलर: जयपुर: सूर्या हीरो,** सीकर रोड़, लेन नं. 8, वीकेआईए, 9289922901, **सुप्रीम हीरो,** गोविन्द मार्ग, राजापार्क, 9289922197, **आकड़ हीरो,** अजमेर रोड़, 9289922192, **शुभम हीरो,** सहकार मार्ग, 9289922207, **कोटपूतली: चौधरी हीरो,** 9289922797, **अधिकृत सर्विस प्वाइंट: जयपुर: सुपर मोटर्स,** 8824088678, **मानसरोवर: आर.एल. मोटर्स,** 9579258884, **जगतपुरा: टीनिटी मोटर्स,** 8003088062, **झोटवाड़ा: बीपीएस मोटर्स,** 9314048181, **सिरसी रोड़ मीनावाला: रजत स्पीड जोन,** 9261499995, **बगरू: लाम्बा मोटर्स,** 97728 81888, **भांकरोटा: हरितवाल ऑटोमोबाइल्स,** 9314013185, **चाकसू: नाकोडा ऑटोमोबाइल,** 9950560918, **बस्सी: वरधानी ऑटोमोबाइल्स,** 9414312552, **दूदू: श्री गणेश ऑटोमोबाइल्स,** 9352727667, **शाहपुरा: सत्यम मोटर्स,** 8104361919, **हरमाड़ा: बी.एल. ऑटोमोबाईल्स,** 9314050594, **फुलेरा: अग्रवाल ऑटोमोबाइल्स,** 9414818930, **जमवा रामगढ़: उदय ऑटोमोबाइल्स,** 9828090676, **जोबनेर: केशव ऑटोमोबाईल्स,** 8769505565, **पावटा: पंकज मोटर्स,** 96104 26700, **कानोता: के.पी. ऑटोमोबाइल्स,** 9414228404, **मनोहरपुर: श्री कृष्णा मोटर्स,** 8560000816, 9414643816.

## विचार बिन्दु

**कंजूसी मैं तुझे जानता हूँ! तू विनाश करने वाली और व्यथा देने वाली है। –अथर्ववेद**

# मतदान अवश्य कीजिए

लोकसभा चुनाव, 2024 के प्रथम चरण में जयपुर सहित राजस्थान की 12 लोकसभा सीटों के लिए मतदान 19 अप्रैल, 2024 को होगा। राजस्थान की शेष 13 सीटों के लिए मतदान 26 अप्रैल को दूसरे चरण में होगा। देश में कुल सात चरणों में यह मतदान होगा, जिसकी मतगणना 4 जून को होगी और उसी दिन परिणाम भी घोषित हो जाएंगे। विजय उस उम्मीदवार को मिलती है जिसे सर्वाधिक मत प्राप्त होते हैं। डाले गए मतों में से 30-35 प्रतिशत मत प्राप्त करके भी उम्मीदवार विजय प्राप्त कर लेते हैं। यदि इसे संसदीय क्षेत्र के कुल मतदाताओं के सन्दर्भ में देखा जाय तो यह 15-20 प्रतिशत ही रह जाता है, क्योंकि मतदान का प्रतिशत लगभग 65-70 प्रतिशत रहता है। किसी भी क्षेत्र का सही प्रतिनिधि तब कहला सकता है जब संसदीय क्षेत्र के अधिकांश मतदाताओं का समर्थन उसे प्राप्त हो। इसके लिए यह आवश्यक है कि अधिकाधिक मतदाता मतदान करें।

चुनाव आयोग की ओर से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के कई प्रकार के प्रयास हर चुनाव से पूर्व किए जाते हैं एवं मतदाताओं से अपील भी की जाती है कि वह अधिकाधिक संख्या में अपने मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस बार का चुनाव अत्यंत महत्वपूर्ण है और सभी राजनीतिक दल अपनी ओर से पूरा प्रयास कर रहे हैं कि वह इसमें विजय प्राप्त करें। यदि 30-35 प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करेंगे तो कोई उम्मीदवार जीत कर लोकसभा का सदस्य तो बन जाएगा किंतु यह कहना बहुत सही नहीं होगा कि वह उस क्षेत्र के मतदाताओं का पूरा प्रतिनिधित्व करता है।

शत प्रतिशत मतदान नहीं होने के कई कारण हैं। एक प्रमुख कारण तो यह है कि कई लोग अपने काम में लगे रहते हैं और उनके नियोक्ता, विशेषकर निजी क्षेत्र के नियोक्ता, आदेशों के बावजूद भी अपने कर्मचारियों को मतदान करने के लिए आवश्यक अवकाश उपलब्ध नहीं कराते हैं। सबको पता होना चाहिए कि कोई भी नियोक्ता, किसी भी मतदाता को अपने मत देने के अधिकार से वंचित नहीं कर सकता है चाहे इसके लिए उसे काम हेतु, वैकल्पिक व्यवस्था ही क्यों न करनी पड़े। मतदाताओं की उदासीनता एवं निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधियों की लापरवाही के कारण आज भी बहुत बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो अपने-अपने क्षेत्र में मतदान करने के योग्य हैं, किंतु मतदाता सूची में उनका नाम किसी न किसी कारण से अंकित नहीं है। इसलिए वह मतदान के अधिकार से वंचित रहते हैं। आशा की जानी चाहिए कि इस बार ऐसे लोग बहुत कम होंगे जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं होगा। फर्जी मतदान की संभावना अधिक हो जाती है जब मतदाता सूची में कई ऐसे लोगों के नाम हों जो संबंधित क्षेत्र में नहीं रहते हैं अथवा कहीं बाहर पलायन कर गए हैं। इस बारे में वैसे तो सभी राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं तथा निर्वाचन आयोग के अधिकारियों को पूर्णतया सचेत रहने की आवश्यकता होती है ताकि केवल ऐसे व्यक्ति का नाम ही मतदान सूची में अंकित किया जाए जो सामान्यतः किसी स्थान पर निवास करता है।

ऐसे दृश्य भी सामने आते हैं जब कई लोग वोटर आईडी लिए मतदान केंद्र के बाहर खड़े होते हैं किंतु उन्हें मतदान करने नहीं दिया जाता सबके लिए जानना आवश्यक है की वोटर आईडी होने से मतदान का अधिकार नहीं मिलता अभी दो मतदान का अधिकार उसी को मिलता है इसका नाम उसे केंद्र की मतलब सूची में अंकित है वोटर आईडी पहचान के लिए आवश्यक काम में लिया जा सकता है। कई बार मतदाता इसलिए भी मतदान केंद्र तक नहीं जाते हैं कि उसे लगता है कि उसका जीवन तो वैसे ही चलना है, चाहे कोई भी जीते या हारे। उसके जीवन पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ना है। यह धारणा कतई सही नहीं है, क्योंकि देश का शासन उन लोगों के द्वारा चलाया जाएगा, जिन्हें मतदाता सर्वाधिक समर्थन देगा।

यह उल्लेखनीय है कि भारत, उन गिने-चुने देशों में है जहां स्वतंत्रता के बाद पहले चुनाव से ही प्रत्येक वयस्क व्यक्ति को मत देने का अधिकार मिल गया। इसमें पुरुष, महिला, अमीर, गरीब, शिक्षित, अशिक्षित, ग्रामीण, शहरी, सबको एक मत का समान अधिकार मिला। इसमें जाति, धर्म या समुदाय के आधार पर भी कोई भेदभाव नहीं है। विश्व के बहुत कम ऐसे देश हैं जहां स्वतंत्रता के बाद पहले चुनाव से ही सभी वयस्क लोगों को मतदान का अधिकार प्राप्त हो गया हो। कई चुनावों में मतदान की न्यूनतम आयु 21 वर्ष थी, जिसे राजीव गांधी के प्रधानमंत्री बनने पर घटाकर 18 वर्ष कर दिया गया। यह भी देखा गया है कि कई बार कम आयु के युवा मतदान में अधिक रुचि नहीं लेते हैं। जब शिक्षित युवा अपने लोकतंत्र में इतनी कम रुचि दर्शाएंगे तो यह देश के लोकतंत्र को सुदृढ़ करने की दिशा में कार्य नहीं करेगा।

यह सुझाव भी दिया गया है कि मतदान को अनिवार्य कर दिया जाए और मत न दे उसे दण्डित किया जाय। इसकी व्यावहारिक कठिनाइयों को देखते हुए एवं यह जानते हुए कि कई लोग चाहते हुए भी, परिस्थितिवश मतदान नहीं कर कर पाते, अभी तक मतदान को अनिवार्य बनाया नहीं गया है।

इस आलेख का मुख्य उद्देश्य इस बात को पाठकों तक पहुंचना है कि उनके लिए मतदान करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। कई लोग मतदान करने के लिए इसलिए नहीं जाते हैं कि वह पहले ही यह धारणा बना लेते हैं कि विशेष व्यक्ति या दल जीतेगा एवं उनके एक वोट से क्या अंतर पड़ेगा। यह सोच लोकतांत्रिक अवधारणा के बिल्कुल विपरीत है क्योंकि प्रत्येक वोट अत्यंत महत्वपूर्ण है यहां राजा की वह कहानी याद रखनी चाहिए जिससे सभी नागरिकों से एक लोटा दूध एक तालाब में डालने के लिए कहा गया था किंतु सब नहीं यह सोच लिया कि दूसरे तो दूध डालेंगे ही मैं एक लोटा पानी डाल दूं तो क्या फर्क पड़ेगा और प्रातः काल पूरा तालाब केवल पानी से भर गया था। यदि जागरूक मतदाता जानकर, समझकर, विवेक का प्रयोग करके मतदान नहीं करेंगे तो वह एक प्रकार से उसे व्यक्ति या दल को जीतने में मदद करेंगे जिसे वह पसंद नहीं करते हैं। मतदान करते समय यह अवश्य ध्यान रखें कि पहले जिनके पक्ष में मतदान किया था क्या वे उनकी अपेक्षाओं पर खरे उतरे थे? क्या उनके द्वारा किए गए वादे पूरे किए गए चाहे वे रोजगार के हों, सुरक्षा के हों, व्यवसाय में सरकारी दखल को कम करने के हों अथवा अन्य किसी प्रकार के हों। इस कसौटी पर कस कर यदि वे अपने उम्मीदवार का चयन करेंगे तो वह अपने वोट का सही उपयोग कर पाएंगे।

**चुनाव आयोग की ओर से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के कई प्रकार के प्रयास हर चुनाव से पूर्व किए जाते हैं एवं मतदाताओं से अपील भी की जाती है कि वह अधिकाधिक संख्या में अपने मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस बार का चुनाव अत्यंत महत्वपूर्ण है और सभी राजनीतिक दल अपनी ओर से पूरा प्रयास कर रहे हैं कि वह इसमें विजय प्राप्त करें।**

कई बार लोगों को यह कहते हुए भी सुना जाता है कि सारे उम्मीदवार एक जैसे हैं अतः किसी को भी वोट देने से कोई फायदा नहीं है और वह 'नोटा' का बटन दबा के आते हैं। नोटा या NOTA का अर्थ है None Of The Above)। यह सोच भी सही नहीं है क्योंकि नोटा का बटन दबाना एक प्रकार से व्यर्थ है। अब तक कानून में इस प्रकार का प्रावधान नहीं है कि यदि 'नोटा' को सर्वाधिक मत मिले तो उस क्षेत्र में नए उम्मीदवारों के बीच के लिए पुनः मतदान होगा।

मतदाताओं को इस ओर भी सचेत रहना है कि उनके मत का अंकन अवश्य हो जाए। इस बारे में निर्वाचन आयोग द्वारा कई बार जानकारी उपलब्ध करायी गई, किंतु मेरा यह अनुभव है कि कई मतदाता समुचित जानकारी के अभाव में यह सुनिश्चित नहीं कर पाते हैं कि ई वी एम में उनका मत रिकार्ड हुआ है या नहीं? ऐसी स्थिति में कोई पीठासीन या मतदान अधिकारी किसी मतदान एजेंट के दबाव में या उसकी मिलीभगत से किसी और उम्मीदवार के पक्ष में मत अंकन कर सकता है। प्रत्येक मतदाता को ध्यान रखना चाहिए कि वह जब मतदान कक्ष में पहुंच जाता है एवं अपना बटन दबाता है उसके पूर्व वोटिंग मशीन को सक्रिय करने का बटन पीठासीन अधिकारी के पास होता है। जब मतदाता अपनी पसंद के उम्मीदवार के समक्ष बटन दबा दे, तो उसके बाद एक 'बीप' की आवाज सुनाई देती है, जो इस बात का संकेत है कि उसके द्वारा दिया गया मत रिकॉर्ड हो गया है। प्रत्येक मतदाता को यह देखना चाहिए कि वह मशीन के सक्रिय होने के बाद ही बटन दबाये। और यह सुनिश्चित करे कि मत के अंकन करने के बाद बीप की आवाज सुनाई दी है।

जब से 'विविपेट' Voter Verified Paper Audit Trail) की प्रक्रिया लागू की गई है, मतदाता जिस उम्मीदवार के पक्ष में मत देगा उससे संबंधित चुनाव चिन्ह पर्ची पर अंकित होकर के नीचे डिब्बे में गिरेगी। गिरने से पहले वीवीपीएटी मशीन के अंदर के बल्ब के प्रकाश में 7 सेकंड तक मतदाता उसको देख सकता है। इसका उद्देश्य यह है कि वह यह सुनिश्चित कर सके कि जिस उम्मीदवार के पक्ष में उसने मतदान किया है उसी की पर्ची उसमें छपी है अथवा नहीं। किसी प्रकार का अन्तर होने पर वह मतदान अधिकारी को अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। पाठकों के लिए जानना रुचिकर होगा कि मतगणना यूनिट वी वी पेट मशीन से जुड़ी होती है। आपने ballot यूनिट पर किसी भी बटन को दबाया हो, जब तक वही अंकन वी वी पेट मशीन के माध्यम से नहीं दिखाई देगा, तब तक रिकॉर्ड सही नहीं होगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि जिस उम्मीदवार को मतदाता मत देना चाहे, उसी के पक्ष में मत का अंकन हो और जिसके पक्ष में अंकन हो वही रिकॉर्ड में जाए और जो रिकॉर्ड में जाए उसी की गिनती हो। यदि यह प्रक्रिया पूरी तरह शत प्रतिशत सही नहीं होगी तो ई वी एम के बारे में शंकाएं व्यक्त की जाती रहेंगी जैसी की जाती रही हैं।

कई सामाजिक संगठनों द्वारा इस बात की मांग लंबे समय से की जाती रही है कि चुनाव कागज के मत पत्रों के माध्यम से ही करना उचित है क्योंकि इससे मतदाता को विश्वास अधिक होता है। इस संबंध में कई याचिकाएं भी माननीय उच्चतम न्यायालय में दायर की गई हैं किंतु अब तक इस बारे में कोई निर्णय अंतिम रूप से नहीं हो पाया है। अतः वर्तमान लोकसभा चुनाव में तो यही संभावना है कि ईवीएम का ही प्रयोग होगा और वी वी पेट मशीन लगाई जाएगी। यह संभव है उच्चतम न्यायालय, शत शत प्रतिशत वीवीपीएटी पर्चियां की गिनती करके उसका मिलान मशीन में अंकित परिणाम से करने का आदेश दे। यदि ऐसा हुआ तो फिर लगभग वही स्थिति होगी जिस प्रकार की मत पत्रों के माध्यम से चुनाव करने पर होती थी। ऐसा वर्तमान में इसलिए नहीं किया जाता है कि ऐसा करने पर परिणाम में समय लगेगा और परिणाम एक या दो दिन बाद में आएगा। मतदाता का विश्वास बनाए रखने के लिए इस प्रकार का विलंब कोई बहुत बड़ी बात नहीं है, क्योंकि चुनाव वैसे ही लगभग डेढ़ महीने तक चलेगा। इस कारण एक-दो दिन का विलंब महत्वहीन है। यह उल्लेखनीय है कि कई विकसित देशों में जहां ई वी एम का प्रयोग प्रारंभ हुआ था वहां पुनः मत पत्रों के आधार पर चुनाव होने लगा है। क्योंकि मशीन के साथ छेड़छाड़ की संभावना तकनीकी विकास के कारण पहले से कहीं अधिक हो गई है।

उपरोक्त सारी बातें तो न्यायालय के देखने की हैं। जहां तक मतदाता का प्रश्न है, उसे तो केवल एक काम करना है कि मतदान के दिन उसे अपने केंद्र पर जाकर अपने पसंद के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान अवश्य करना है। लोकतंत्र के मूल में निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव है, और उसमें सबसे बड़ी भूमिका मतदाताओं की है।

इस आलेख के माध्यम से जयपुर के सभी मतदाताओं से आग्रह है कि वे 19 अप्रैल को अपने संबंधित मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग बिना किसी दबाव एवं प्रलोभन के करें। ऐसा करते समय उन्हें जाति, धर्म, समुदाय से ऊपर उठकर सोचना है और यह देखना है कि सबसे सशक्त रूप से एवं निष्पक्ष रूप से उनके हितों का संरक्षण कौन सा उम्मीदवार कर पाएगा? आपके निर्णय से यह तय होगा कि आगामी पांच वर्ष तक आपको किस प्रकार का शासन मिलेगा एवं आपका प्रतिनिधि किस प्रकार का होगा? इस समय की उदासीनता या निष्क्रियता का दुष्परिणाम आपको 5 वर्ष तक झेलना पड़ेगा। आशा है अपने आलस्य का परित्याग करते हुए एवं कुछ असुविधा उठाते हुए भी सभी मतदाता अपने अधिकार का प्रयोग अवश्य करेंगे। जो पाठक इसे पढ़ रहे हैं, उनसे आग्रह है कि वे अपने संपर्क में आने वाले सभी मतदाताओं को मतदान हेतु आग्रह करें क्योंकि, यह लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव है।

भारत के मतदाताओं ने पूर्व में कई बार अपने निर्णय से अपनी बुद्धिमत्ता, विवेक और परिपक्वता का परिचय दिया है। आशा है इस बार भी अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। अपेक्षा यही है कि आगामी चरण में होने वाले चुनाव में राजस्थान और भारत के सभी मतदाता उसमें भाग लेंगे। इसी आशा और विश्वास के साथ, शुभकामनाएं।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# आखिर इस मर्ज की दवा क्या है...



अविनाश जोशी

भारत की सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली मुख्य रूप से एक आपदा है क्योंकि चिकित्सा संस्थानों के द्वारा प्राप्त कम धन के कारण इनकी स्थिति खराब है। वास्तव में, नए औद्योगिक देशों में और यहाँ तक कि ब्रिक्स देशों में भी, स्वास्थ्य देखभाल पर भारत का प्रति व्यक्ति खर्च बहुत ही निराशाजनक है। भारत में वार्षिक प्रति व्यक्ति स्वास्थ्य सेवा पर खर्च करीब 75 डॉलर है। जबकि चीन की प्रति व्यक्ति वार्षिक 420 डॉलर तथा दक्षिण अफ्रीका की 570 डॉलर, रुस की 949 डॉलर और ब्राजील की 947 डॉलर है तथा ब्रिटेन में प्रति व्यक्ति स्वास्थ्य खर्च 4003 अमेरिकी डॉलर है, जापान में 4150 डॉलर तथा अमेरिका में 9451 डालर है। यदि यह आँकड़े देश की स्वास्थ्य सेवा की निराश और दुःखी स्थिति को प्रकट करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं, तो आइये देखते हैं कि सरकार इनसे निपटने के लिए क्या करती है।

ऐसी संभावना है कि भारत में सार्वजनिक चिकित्सा केन्द्रों पर उपचार करवाने में एक मरीज को जितना खर्च करना पड़ता है उससे 800 गुना अधिक निजी अस्पतालों और चिकित्सा केन्द्रों में खर्च करना पड़ता है। इसके बावजूद, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोग निजी चिकित्सकों और चिकित्सा सेवाओं को ज्यादा पसंद करते हैं। निजी चिकित्सा केन्द्र अपनी व्यय का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा अपनी सेवाओं पर ही लगा देते हैं, जबकि सरकार ने लगभग अपने स्वास्थ्य देखभाल और सेवाओं के खर्च को स्थिर कर रखा है। एक राष्ट्र के रूप में, हम सामाजिक सुरक्षा और राज्य द्वारा प्रायोजित चिकित्सा सहायता से बहुत दूर हैं, लेकिन बढ़ते शुल्कों के कारण अधिकांश भारतीय गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं से काफी दूर हैं।

अगस्त 2017 में, नीति आयोग ने टियर और टियर शहरों में चिकित्सा सुविधाओं और अस्पतालों का निजीकरण करने का निर्णय लिया था। यह निर्णय अस्पतालों को सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के अंतर्गत कवर नहीं किए गए उपचारों के लिए रोगियों से इसकी वसूली करने की अनुमति देगा। 2013-14 के अनुसार, सरकारी अस्पतालों पर लगभग 8,193 करोड़ रुपये के खर्च के साथ-साथ निजी अस्पतालों पर लगभग 64,628 करोड़ रुपये कुल खर्च का अनुमान लगाया गया था। इसकी वजह से आम आदमी अधिक पीड़ित है। हृदय रोग, कैंसर, फेफड़े के रोगों और जीवन शैली से संबंधित बीमारियों से, मध्यम और निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए उपचार और दवा लेना बहुत मुश्किल हो जाएगा।

यह सही समय है कि भारत सरकार चिकित्सा और स्वास्थ्य देखभाल के खर्चों पर अपना ध्यान दें। अमेरिका में देश के लोगों की राहत के लिए ओबामा केयर की शुरूआत ने अमेरिका के लोगों के लिए बहुत आराम प्रदान किया था। यहाँ तक कि ट्रम्प प्रशासन ओबामा केयर को निरस्त करने के लिए तैयार है, लेकिन देश के लोग नए प्रस्तावित नियमों के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। भारत को भी ऐसे ही कुछ गंभीर स्वास्थ्य देखभाल प्रावधानों की आवश्यकता है, जो भारत के लोगों को अनुचित चिकित्सा तथा इसके खर्चों से राहत दे सके। सरकारी और प्राइवेट अस्पताल में इलाज में कितना अंतर होता है, इसका अंदाजा इस खबर को पढ़कर बखूबी लगाया जा सकता है। यदि जयपुर के किसी व्यक्ति को अचानक से मेडिकल इमरजेंसी पड़ जाए तो उसके सामने क्या विकल्प हैं। पहला अपने बगल का कोई निजी अस्पताल। यदि मरीज को वहां से रेफर करना है तो उसके सामने सिर्फ दो रास्ते हैं। पहला एस एम एस तो दूसरा प्राइवेट अस्पताल। एस एम एस में भीड़ इतनी ज्यादा है कि परिजन सोच में पड़ जाते हैं कि वहां पर इलाज मिलेगा कि नहीं। आखिर में वे प्राइवेट अस्पताल का रास्ता चुनते हैं। वहां इलाज मिलता है और उसकी पूरी कीमत भी चुकानी होती है। कई बार यह खर्च मरीज की हैसियत से ज्यादा और इतना मनमाना होता है कि विवाद भी होते हैं। प्रशासन या सरकार के पास ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जिससे मनमर्जी के रेट पर लगाम कसी जा सके। इसका फायदा प्राइवेट अस्पताल उठा रहे हैं। हाल ही में आई नेशनल सैंपल सर्वे की रिपोर्ट भी बताती है कि सरकारी अस्पतालों के मुकाबले प्राइवेट अस्पताल औसतन चार गुना ज्यादा खर्च पर इलाज देते हैं।

विशेषज्ञों के मुताबिक रेट आउट आफ कंट्रोल होने के दो प्रमुख कारण हैं। पहला सरकारी अस्पतालों की संख्या का कम होना। जो हैं, वे पहले से बोझ से दबे हैं। दूसरा कैंसर व कार्डियोवस्कुलर बीमारियों का इलाज सिर्फ मेडिकल कालेज व टर्शरी केयर सेंटर में उपलब्ध है। यदि सरकार चाहे तो ऐसे इलाज सिविल अस्पताल में भी शुरू हो सकते हैं। यदि किसी को कार्डियो की इमरजेंसी हो तो पीजीआई में भर्ती कराने में ही पसीने छूट जाते है, जबकि प्राइवेट में आते ही तुरंत इलाज शुरू हो जाता है। दूसरा कारण प्राइवेट हॉस्पिटलों पर कोई रूल रेगुलेशन का न होना। सरकार या प्रशासन के पास ऐसा कोई नियम नहीं है, जिससे वे प्राइवेट हॉस्पिटल्स के रेट को कंट्रोल कर पाएं। दो साल पहले सुप्रीमकोर्ट के आदेश पर कैंसर की दवाओं के रेट 60 प्रतिशत कम किए गए थे। यदि ऐसा हो सकता है तो प्राइवेट हास्पिटल्स के रेट पर कंट्रोल क्यों नहीं किया जा सकता। इलाज का खर्च काफी महंगा है। चाहे सरकारी हो या प्राइवेट। सवाल यह है कि लोग प्राइवेट हॉस्पिटल में क्यों जा रहे हैं, क्योंकि सरकारी अस्पतालों में सुविधाएं नहीं हैं। केंद्र व राज्य सरकारे हेल्थ पर अपनी कुल जीडीपी का मात्र 1.2 प्रतिशत रुपये खर्च करते हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि गर्वनमेंट हेल्थ की क्या स्थिति है।

देश के 75 प्रतिशत मरीज प्राइवेट हास्पिटल पर निर्भर है। चंडीगढ़ के प्राइवेट हॉस्पिटल को प्रशासन की ओर से कोई भी मदद नहीं मिलती है। उपकरण से लेकर स्टाफ का खरचा खुद हॉस्पिटल को उठाना पड़ता है। सरकार को चाहिए कि वे अपने सरकारी अस्पतालों में सुविधाएं बढ़ाएं। यदि सुविधाएं होंगी तो मरीज क्यों प्राइवेट में आएगा। हमारे शहर में सरकारी अस्पताल बहुत बढ़िया हैं। यदि इन अस्पतालों को सुधार लिया जाए तो मरीज प्राइवेट क्यों जाए। प्राइवेट हॉस्पिटलों पर लगाम कसने के लिए क्लीनिकल इस्टेब्लिशमेंट एक्ट को लागू करना होगा।

बीमारी का निदान तो एक ही है, जो कोई डॉक्टर थोड़ा या ज्यादा लालची है तो टेस्ट लिखेगा, अपनी पसंद की लैब बताएगा और कमीशन खायेगा। फिर रिपोर्ट्स देखेगा, अपनी पसंद की कम्पनी की दवाइयां लिखेगा, एक-दो दवाइयां ज्यादा लिख देगा, ताकत की दवा के नाम पर। पसंद की कम्पनी उसे गिफ्ट देती है। वरना डॉक्टर जब पेशेंट को देखता है तो अनुभव से बीमारी का अंदाजा तो हो ही जाता है, कारगर दवा लिखकर इलाज कर सकता है। बाकी आप खुद समझ लें। प्राइवेट अस्पताल के खर्चे निकाल कर प्रॉफिट में लाने के हथकंडे तो अपनाने ही होंगे। सेवाभाव आजकल देखने को नहीं मिलता है।

भारत, 132 करोड़ से अधिक की आबादी के साथ विश्व के सबसे बड़े देश चीन को पछाड़ने की तैयारी में है। हमारी आबादी हमारी सबसे बड़ी ताकत और हमारी सबसे बड़ी कमजोरी भी है। अगर आप इस कथन से स्पष्ट नहीं है, तो इस पर विचार करें। भारत की आधी से अधिक आबादी 25 वर्ष से कम है और लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा 35 वर्ष से कम उम्र की आबादी का है। अगले 3 वर्षों में 2020 तक, भारतीय लोगों की औसत उम्र 29 साल होगी, जबकि एक चीनी की औसत आयु 37 साल तथा जापानी लोगों की औसत आयु लगभग 48 वर्ष होगी। युवा भारत उद्योग और अर्थव्यवस्था के लिए तो अच्छा है, लेकिन भारत में मध्यम आयु वर्ग के लोग स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक बड़ी समस्या बने हुए हैं।

**–अविनाश जोशी,**
**स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक**

# कांग्रेस और आर.एल.पी. के 100 कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा

## बिदियाद माली सैनी समाज के 50 कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस छोड़ी

**बिदियाद, (नीसं)।** भाजपा प्रत्याशी ज्योति मिर्धा ने परबतसर क्षेत्र के ग्राम बिदियाद में जनसंपर्क किया। इस दौरान राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के छीतर बड़ारडा के साथ करीब पचास कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी ज्योति मिर्धा को समर्थन देकर भाजपा का दामन थाम लिया। वहीं इस दौरान माली समाज के करीब पचास कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी भाजपा का दामन थाम लिया।

**■ भाजपा प्रत्याशी ज्योति मिर्धा ने परबतसर के बिदियाद में जनसंपर्क किया**

इसके बाद मिर्धा ग्रामीण क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान संबोधित करते हुए कहा कि देश लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है और देश का हर वर्ग प्रधानमंत्री के साथ जुटा हुआ है, इसलिए परबतसर की जनता भी इस बार मोदी जी के सपने को साकार करने के लिए अपना योगदान देगी और मोदी सरकार 400 पार की सरकार बनेगी।

इस मौके पर पूर्व विधायक परबतसर राकेश मेघवाल, पूर्व विधायक मानसिंह किनसरिया, पूर्व विधायक विजयपाल मिर्धा, नगर पालिकाध्यक्ष ओमप्रकाश सेन, पूर्व सरपंच गुर्जर नेता जयराम गुर्जर, भाजपा महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट सुनिता रांदड, जिला उपाध्यक्ष राजश्री खण्डेलवाल, रामकरण किरड़ोलिया, एरिया एसोसिएशन अध्यक्ष भागुराम आंवला, परबतसर विधानसभा संयोजक मूलचंद चिताई, पूर्व सरपंच मोहनराम मुंदलिया आदि उपस्थित थे।



**भाजपा प्रत्याशी ज्योति मिर्धा ने परबतसर क्षेत्र के ग्राम बिदियाद में जनसभायें की और समर्थन मांगा।**

# शेखावाटी को उसके हिस्से का पूरा पानी मिलेगा : घनश्याम तिवाड़ी

**झुंझुनूं, (निसं)।** चुनावी मौसम में यमुना नहर का पानी शेखावाटी का सबसे बड़ा मुद्दा बन गया है। सोमवार को इस मुद्दे पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने झुंझुनूं में प्रेसवार्ता की। इस मौके पर घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि वे जब पहली बार राज्यसभा में गए तो उन्होंने उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के सहयोग से तीन बार यमुना के पानी का प्रश्न उठाया, जिसके बाद ना केवल केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह ने अधिकारियों की बैठक बुलाई, बल्कि राजस्थान में भाजपा की सरकार आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों से चार पाइप लाइनों के जरिए पानी लाने पर सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार केंद्र, हरियाणा और राजस्थान अब शेखावाटी की प्यास बुझाएगी। इस बार शेखावाटी का वोट, पानी के लिए होगा। क्योंकि यदि भाजपा के उम्मीदवार जीतेंगे तो वह इस योजना को मूर्त रूप देने में सहयोगी साबित होंगे। यदि दूसरे लोग पहुंच गए तो वो सो जाएंगे, बात नहीं करेंगे, सवाल नहीं करेंगे। जिससे योजना प्रभावित होगी।

**■ राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने झुंझुनूं में प्रेसवार्ता की**

तिवाड़ी ने कहा कि हालांकि भाजपा संकल्प ले चुकी है कि यमुना का पानी शेखावाटी में हर हाल में लाया जाएगा। क्योंकि मोदी है तो मुमकिन है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग डीपीआर और एमओयू को लेकर अफवाहें फैला रहे हैं, लेकिन यह स्पष्ट है कि शेखावाटी को उसके हिस्से का पूरा पानी मिलेगा। प्रेस वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी समेत अन्य मौजूद थे। उन्होंने कहा कि 1917 क्यूसेक पानी यमुना से और 1500 क्यूसेक पानी कुंभाराम से मिलेगा, यदि 4000 क्यूसेक पानी शेखावाटी को मिल जाता है तो सिंचाई और पीने के लिए पानी की कोई कमी नहीं रहेगी।

# डमी परीक्षार्थी को बैठाने वाला मूल अभ्यर्थी गिरफ्तार

**जोधपुर, (कासं)।** शहर की सूरसागर पुलिस ने इस साल जनवरी में आयोजित डीईएल-ईडी परीक्षा में पकड़े गए डमी परीक्षार्थी के बाद अब मूल अभ्यर्थी को गिरफ्तार कर लिया है। मूल अभ्यर्थी ने अपनी परिचित को परीक्षा में फोटो में कांट-छांट कर बिठाया था। जिस पर परीक्षा अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज हुआ था। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ में जुटी है।

थानाधिकारी मांगीलाल विश्नोई ने बताया कि इस साल जनवरी में डीईएल-ईडी की भर्ती परीक्षा का आयोजन कालीबेरी सूरसागर में हुआ था। जिसका एक सेंटर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आया था। जहां परीक्षा भवन में एक फ र्जी परीक्षार्थी फलोदी सांवरीज के सुभाष गोदारा को पकड़ा गया था। वह मूल अभ्यर्थी विकास विश्नोई के स्थान पर परीक्षा देते पकड़ा गया था। फोटो मिलान में वह डमी परीक्षार्थी पाया गया था। जिस पर प्रधानाचार्य गायत्री बोहरा की तरफ से राजस्थान परीक्षा अधिनियम में केस दर्ज कराया गया था। थानाधिकारी मांगीलाल विश्नोई ने बताया कि अब मूल अभ्यर्थी आरटीओ विद्यानगर भदवासिया निवासी विकास पुत्र निंबाराम विश्नोई को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

**■ इस साल जनवरी में आयोजित हुई थी डीईएल-ईडी परीक्षा**

## राशिफल मंगलवार 16 अप्रेल, 2024



पंडित अनिल शर्मा

चैत्र मास, शुक्ल पक्ष, अष्टमी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2081, पुष्य नक्षत्र बुधवार प्रातः 5:16 तक, धृति योग रात्रि 11:16 तक, बव करण दिन 1:24 तक, चन्द्रमा आज कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-कुम्भ, बुध-मीन, गुरू-मेष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।


आज दुर्गाष्टमी, महाष्टमी, अशोकाष्टमी, भौमाष्टमी और अन्नपूर्णा पूजा है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 9:21 से 10:55 तक, लाभ-अमृत 10:55 से 2:02 तक, शुभ 3:36 से 5:10 तक।


**राहूकालः** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:06, सूर्यास्त 6:48




**मेष**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।



**वृष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।



**मिथुन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।



**कर्क**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। घर-परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा।



**सिंह**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी।



**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे।




**तुला**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**वृश्चिक**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक विवादों से से राहत मिल सकती है।




**धनु**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। नवीन कार्यों में परेशानी हो सकती है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।



**मकर**
घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।




**कुंभ**
स्वास्थ्य में सुधार होगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मीन**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज परिवार में महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 254 प्रभात जयपुर, मंगलवार 16 अप्रेल, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBiT




जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

**Pish Pash And Other Foods For The Raj**

Quinine was so bitter that soldiers and officials began mixing it with soda and sugar, unwittingly giving birth to 'tonic water.' It turned out to be an excellent against malaria.

**Checking Your Own Blood Pressure**



*गृह मंत्री अमित शाह ने जयपुर वॉल्ड सिटी में सोमवार को रोड शो किया। करीब 1.8 किलोमीटर लम्बा यह रोड शो सांगानेरी गेट से शुरु होकर छोटी चौपड़ पर खत्म हुआ। अमित शाह के साथ खुली जीप में मु.मंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा की उम्मीदवार मंजू शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी भी थीं। पूरे रोड शो में चारदीवारी में बहुत भारी भीड़ देखी गई। शाह का कार्यक्रम शुरु होने से पहले चारदीवारी के अंदर पूरे शहर को भाजपा के पोस्टर्स और बैनर्स से सजाया गया था।*

# 'राहुल गांधी व अभिषेक के हैलिकॉप्टरों की तलाशी

## चुनाव आयोग सूत्रों ने तलाशी को जायज़ ठहराया

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 15 अप्रेल। चुनाव आयोग के अधिकारियों द्वारा आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हैलीकॉप्टर व रविवार को तृणमूल कांग्रेस नेता अभिषेक बनर्जी के हैलीकॉप्टर की तलाशी लिया जाना कई सवाल खड़े करता है, तथापि चुनाव आयोग के सूत्रों ने इस बात पर जोर दिया कि मुफ्त उपहारों के परिवहन को रोकने के मानक निर्देशों के अनुसार ही ऐसा किया जा रहा है।

- **इन सूत्रों के अनुसार, तलाशी लेने व कालाधन लाने ले जाने पर कड़ी निगाह रखने की नीति ने बहुत अच्छे ''रिज़ल्ट'' दिये हैं और अब तक 4650 करोड़ रूपये पकड़े गये।**
- **विपक्ष का पलट आरोप है, यह तलाशी केवल विपक्ष के नेताओं व काफिलों की ही क्यों हो रही है।**

चुनाव आयोग के अधिकारियों ने ना तो पहचान उजागर की और ना ही अपनी कार्यवाही का अधिकृत रूप से बचाव करने का प्रयास किया। लेकिन तलाशी के लिए जिस नेता को चुना गया उस पर अवश्य सवाल खड़े होते हैं क्योंकि जाँच-पड़ताल विपक्ष के नेताओं तक ही सीमित है और खासतौर पर सत्तारूढ़ भाजपा की दो मुख्य राजनीतिक प्रतिद्वंदी पार्टियाँ कांग्रेस और तृणमूल तक।

अपनी कार्रवाई को उचित ठहरा रहे अधिकारियों ने उल्लेख किया कि तलाशी लेना कोई नई बात नहीं है, जैसा अभिषेक व राहुल गांधी के केस में किया गया है।

तमिलनाडू पुलिस ने बताया कि राहुल गांधी जिस हैलीकॉप्टर में सवार थे, उसके नीलगिरी में उतरने पर फ्लाईंग स्कवाड के अधिकारियों ने उसकी तलाशी ली।

राहुल गांधी केरल के अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वायनाड जाने वाले थे, जहाँ उन्हें एक सार्वजनिक रैली सहित कुछ चुनाव प्रचार गतिविधियों में भाग लेना था।

राहुल वायनाड से लगातार दूसरी बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। वहाँ 26 अप्रेल को वोटिंग है।

चुनाव आयोग की ओर से बताया गया कि चुनावों से पूर्व सभी जिला मजिस्ट्रेटों और पुलिस अधीक्षकों से कहा गया है कि वे एयरफील्ड्स और हैलीपैड्स पर कड़ी निगरानी रखे। देश के सार्वजनिक एवं निजी दोनों ही एयरफील्ड्स पर तलाशी ली जा रही है ताकि मतदाताओं को प्रलोभन देने वाली वस्तुओं का हवाई मार्ग से परिवहन ना होना सुनिश्चित किया जा सके।

आयोग की ओर से बताया गया कि चुनाव प्रचार में राजनेताओं की सहायता करते पाए गए करीब 106 सरकारी सेवकों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की गई है, क्योंकि ऐसा करना विविध नियमों और रीति-नीतियों के विरूद्ध है।

चुनाव आयोग के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि आयोग की निगरानी में काम करने वाले अधिकारियों ने लोकसभा चुनाव से पूर्व 2,069 करोड़ की नशीली दवाईयों सहित कुल 4,650 करोड़ की जब्ती की है।

चुनाव पैनल ने बताया कि गत 1 मार्च से लेकर अब तक जो जब्तियाँ की गई है, वे वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान की गई 3,475 करोड़ रूपयों की जब्तियों से अधिक हैं।

सात चरणों में सम्पन्न होने वाले लोकसभा चुनाव की गत 16 मार्च को घोषणा की गई थी। मतदान का पहला चरण 19 अप्रेल को, जबकि अंतिम चरण 1 जून को है।

आयोग ने बताया कि प्रशासन 1 मार्च के बाद से प्रतिदिन 100 करोड़ रूपये मूल्य की वस्तुओं की जब्ती करता रहा है।

कुल 4,658 की जब्ती में नकदी 395 करोड़ और 489 करोड़ से अधिक की शराब है।

विशेष बात यह है कि ज़ब्त की गई सामग्री में 2,069 करोड़ रूपए से अधिक मूल्य की नशीली दवाईयाँ हैं।

आयोग ने ध्यान दिलाया कि काला धन और सीमा से अधिक रूपया अधिक साधन सम्पन्न पार्टी या प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बना सकता है। उसने आगे बताया कि सभी पार्टियाँ और प्रत्याशियों के लिए समान अवसर उपलब्ध करवाने और दुराचार एवं प्रलोभन मुक्त चुनाव सम्पन्न करवाने के उसके संकल्प में जब्ती एक महत्वपूर्ण भाग है।

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# '500 साल बाद रामलला अपना जन्मदिन भव्य मंदिर में मनाएंगे'

## जयपुर के भव्य रोड शो में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राम मंदिर की याद दिलाई

जयपुर 15 अप्रेल । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जयपुर चारदीवारी में रोड शो किया। रोड शो सांगानेरी गेट से शुरू होकर छोटी चौपड़ पर खत्म हुआ और तकरीबन 1.8 किलोमीटर लंबा रोड शो एक घंटे तक चला। इस दौरान अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और जयपुर शहर लोकसभा सीट से भाजपा की प्रत्याशी मंजू शर्मा भी मौजूद रहीं। विधानसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसी क्षेत्र में शानदार रोड शो किया था।

इस रोड शो के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि, गर्मी है सुबह 7 बजे ही जाकर मतदान कर लेना और मंजू शर्मा को जिता देना। मंजू और कमल के निशान पर दिया वोट मोदी को प्रधानमंत्री बनाएगा। अमित शाह ने कहा कि, 17 अप्रैल रामनवमी को 500 साल बाद रामलला अपना जन्म दिन भव्य मंदिर में मनाएंगे। भूमि पूजन हुआ और प्राण प्रतिष्ठा भी हो गई। इस दौरान लोगों ने जमकर प्रधानमंत्री मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए।

- **राम मंदिर का जिक्र आने पर जनता ने ''मोदी जिंदाबाद'' के नारे लगाए।**
- **रोड शो में गृहमंत्री शाह ने भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा को शानदार मतों से जिताने की अपील करते हुए कहा कि, गर्मी है, सुबह 7 बजे जाकर ही मतदान कर मंजू शर्मा को जिता देना।**
- **रोड शो के माध्यम से भाजपा ने जयपुर शहर की उन तीन विधायनसभा सीटों को साधने का प्रयास भी किया, जहां विधानसभा चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था।**
- **रोड शो सांगानेरी गेट से शुरू हुआ, जहां शाह ने गणेश जी को नमन किया। हनुमान मंदिर में उन्हें केसरिया साफा पहनाकर गदा भेंट की गई।**

अमित शाह के रोड शो की शुरुआत सांगानेरी गेट से हुई इस दौरान शाह ने सबसे पहले सांगानेरी गेट के गणेशजी को हाथ जोड़कर नमन किया फिर रोड शो आगे बढ़ा। सांगानेरी गेट हनुमान मंदिर पर भी शाह ने दर्शन किए जहां उन्हें केसरिया साफा पहनाया गया और गदा भेंट की गई।

रोड शो में आगे चल रही महिलाओं ने केसरिया साड़ी के साथ केसरिया साफा भी धारण कर रखा था। रोड शो के दौरान लगभग 25 जगहों पर अमित शाह का स्वागत हुआ।

इससे पहले, केंद्रीय गृहमंत्री के दौरे के लिए पूरे शहर को भाजपा के झंडों और पोस्टर से सजा दिया गया। पुलिस ने शाह की सुरक्षा को लेकर बैरिकेडिंग की थी। शाह के दौरे के लिए चारदीवारी में वाहनों की आवाजाही को पूरी तरह बंद कर दी गई थी। रोड शो शुरू होने से पहले हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य की बड़ी चौपड़ पर भाजपा कार्यकर्ताओं की एन्ट्री को लेकर पुलिस से कहासुनी हो गई। शाह का रोड शो सांगानेरी गेट से शुरू होकर जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार होते हुए छोटी चौपड़ पहुंचा। इस दौरान जगह जगह पर रोड शो का स्वागत किया गया।

गौरतलब है कि शीर्ष नेतृत्व लगातार प्रदेश में दौरा कर रहा है। खास कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुनाव की कमान संभाल रखी है। कमजोर सीटों पर विशेष रणनीति के साथ काम कर रही भाजपा सुरक्षित सीटों की उन विधानसभा सीटों को भी फोकस कर रही है जहां 2023 के विधानसभा चुनाव में ज्यादा अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा। इसी कड़ी में भाजपा के चाणक्य कहे जाने वाले अमित शाह एक बार फिर राजस्थान दौरे पर रहे। शाह ने

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# सिब्बल और पित्रोदा साथ-साथ

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 15 अप्रैल। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल जो अब कांग्रेस में नहीं है उन्हें कांग्रेस ने पार्टी से निष्कासित किया हुआ है, उन्होंने कांग्रेस के सलाहकार सैम पित्रोदा के साथ मिलकर वर्तमान में चल रहे चुनावों के बारे में ''द आईडिया ऑफ डैमोक्रेसी'' नाम से एक पुस्तक लिखी है।

- **वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल भले ही अब कांग्रेस से निष्कासित हैं, पर हाल में उन्होंने कांग्रेस के प्रमुख सलाहकार सैम पित्रोदा के साथ मिल कर किताब लिखी है। ''द आईडिया ऑफ डैमोक्रेसी'' शीर्षक वाली यह किताब वीडियो कॉन्फ्रैंसिंग के जरिए लाँच की गई।**

पित्रोदा हमेशा गांधी परिवार की मदद करते रहे हैं विशेषरूप से राहुल

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# अब सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट के 21 जजों ने चीफ जस्टिस चन्द्रचूड़ को पत्र लिखा

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 15 अप्रैल। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड़ को लिखे एक पत्र में, 21 सेवानिवृत्त जजों के एक समूह ने ''कुछ गुटों द्वारा गलत सूचना, सोचा-समझा दबाव बनाकर व जनता की बुराई के माध्यम से न्यायपालिका को कमजोर करने के प्रयासों'' पर चिंता व्यक्त की है। 600 अधिवक्ताओं ने भी हाल में ही ऐसी चिंताएं जाहिर की थी।

- **इन न्यायाधीशों ने अपने पत्र में लिखा है कि, कुछ प्रमुख वकील लगातार दबाव, अफवाहबाजी व न्यायालयों की सार्वजनिक निंदा करके जजों व उनके मनोबल को कमजोर करने की साजिश कर रहे हैं।**
- **इस पत्र से पहले 600 प्रमुख व वरिष्ठ वकीलों ने इसी मुद्दे पर चिंता व आशंका जताई थी।**
- **आज के वातावरण में इन दोनों शिकायत पत्रों का आना खास मायने रखता है, क्योंकि आजकल विपक्ष के बीच बड़ा वाक् युद्ध छिड़ा हुआ है, कुछ विपक्ष के नेताओं के खिलाफ चल रहे भ्रष्टाचार के मामले पर।**

सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के सेवानिवृत जजों ने अपने पत्र में कहा कि, ''ये आलोचक अपने संकीर्ण राजनैतिक हितों और निजी लाभों से प्रेरित होकर, न्याय-तंत्र में जनता के विश्वास को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं।'' रिटायर्ड जजों, चार सुप्रीम कोर्ट के जजों समेत, ने उन घटनाओं का उल्लेख नहीं किया, जिसके कारण उनको यह पत्र लिखना पड़ा। भाजपा और विपक्षी दलों के बीच कुछ विपक्षी नेताओं के भ्रष्टाचार के मामलों के संबंध में चल रहे वाक्-युद्ध के समय यह पत्र आया है।

विपक्षी नेताओं ने, खासकर हाल के महीनों में कानूनी रास्तों से राहत प्राप्त करने के प्रयास किए हैं, जबकि भाजपा ने कथित तौर पर कुछ न्यायिक निर्णयों का उपयोग करते हुए उन घटनाओं का विशेष उल्लेख किया है, जिनमें न्यायालय ने गिरफ्तार नेताओं को राहत नहीं दी थी।

इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि, 21 जजों का यह पत्र, ''प्रधानमंत्री द्वारा प्रायोजित एक प्रचार है। वह न्यायपालिका को, जिसने हाल के कुछ महीनों में अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया था, डराना, धमकाना चाहते हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि, ''न्यायपालिका की स्वतंत्रता को सबसे बड़ा खतरा भाजपा से है। कृपया इस सूची के चौथे नाम को देखिए, जिससे इस पत्र का उद्देश्य, पृष्ठभूमि और लेखक का पता चल जाएगा।'' वह स्पष्ट रूप से पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज एम.आर. शाह का उल्लेख कर रहे थे।

जस्टिस शाह के अलावा, पूर्व सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश दीपक वर्मा, कृष्ण मुरारी और दिनेश माहेश्वरी ने भी पत्र पर हस्ताक्षर किए थे। मुंबई उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त जस्टिस अम्बादास जोशी, दिल्ली उच्च न्यायालय के जस्टिस अजीत भरिहोके और राजस्थान उच्च न्यायालय के पूर्व

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# 'इलैक्टोरल बॉण्ड पर विपक्ष झूठ फैला रहा है'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 15 अप्रेल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने कभी यह दावा नहीं किया कि इलेक्टोरल बॉण्ड्स स्कीम चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने का एकमात्र माध्यम है।

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि, उन्होंने कभी नहीं कहा कि, चुनाव प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता का सर्वश्रेष्ठ तरीका चुनावी बॉण्ड है।**

ए.एन.आई. को दिए साक्षात्कार में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लम्बे समय से देश में इस पर चर्चा होती रही है कि काला धन चुनावों के लिए बहुत खतरनाक है।

उन्होंने कहा कि ''चुनावों में पैसा

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# राष्ट्रपति जो बाइडन ने इज़रायल को अफरा-तफरी में जवाबी कार्यवाही न करने की सलाह दी

## पूर्व डिफैन्स सचिवों ने अमेरिकी राष्ट्रपति की इज़रायल को दी गयी सलाह को बड़ी ''शर्मिन्दा'' करने वाली बात बताया

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 15 अप्रेल। इज़रायल पर ईरान का बहुप्रतिक्षित हमला आखिर हो गया, किन्तु ईरान के लिए इसकी परिणति एक रिरियाते हुए छोटे बच्चे के सामन रही।

ईरान ने सीरिया की राजधानी दमिश्क स्थित उसके वाणिज्य दूतावास पर इज़रायल द्वारा की गई बमबारी के जवाब में इज़रायल पर मिसाइल्स का जबर्दस्त हमला बोला था, लेकिन इज़रायल का एयर डिफैन्स अम्ब्रेला युद्ध तकनीक में ईरान से बेहतर साबित हुआ।

ईरान ने पिछले सप्ताहांत इज़रायल पर तकरीबन 300 बैलिस्टिक मिसाइल्स, ड्रोन्स तथा अन्य अस्त्र दागे, लेकिन इज़रायल के एयर डिफ्रैंस सिस्टम ने एक या दो को छोड़कर सभी को इन्टरसैप्ट कर नष्ट कर दिया। इज़रायल के रक्षा अभियान में अमेरिका भी शामिल था।

- **अमेरिका के रक्षा विशेषज्ञों के एक धड़े ने साफ कहा कि, इज़रायल की डिफैन्स के मामले में ''टैक्नोलॉजिकल सुपीरिऑरिटी'' अब स्थापित हो गयी, ईरान के मुकाबले, क्यों इज़रायल की ''एयर अम्ब्रेला'' ने ईरान द्वारा दागी गयी लगभग 300 मिसाइल्स व ड्रोन्स को हवा में ही मार गिराया।**
- **पर, यह भी सच है कि, भाग्य ने भी इज़रायल का साथ दिया था, अगर अगले ऐसे आक्रमण में इज़रायल इतना भाग्यशाली नहीं हुआ तो उसे भारी तबाही का सामना करना पड़ सकता है। अतः इज़रायल को जवाबी कार्यवाही पर संयम बरतने की सलाह इज़रायल के लिये आत्मघाती है।**

इज़रायल के एयर डिफ्रैंस कवर में अमेरिका की रेथिऑन डिवाइसेस के अलावा राफेल के सिस्टम्स का इस्तेमाल किया जाता है। ज्ञातव्य है कि भारत ने अपनी वायु सेना की मारक क्षमताओं को बढ़ाने के लिए राफेल लड़ाकू विमानों का एक बेड़ा खरीदा था।

इन हमलों और जवाबी हमलों को देखते हुए ऐसा लगता है कि मध्य-पूर्व एक तीव्र गति से बारूद के एक ऐसे ढेर में तब्दील होता जा रहा है, जिसमें महाविस्फोट हो सकता है और एक व्यापक संघर्ष की सूरत में कई देश इसकी जद में आ सकते हैं। इज़रायल के डिफैंस ऑपरेशन्स में अमेरिकी सेना भी शामिल रही। मध्य-पूर्व के समुद्र में मौजूद छोटे जंगी जहाजों के उसके बेड़े ने ईरान के करीब 70 ड्रोन और एक बैलिस्टिक मिसाइल को नष्ट कर पानी में डुबो दिया।

ईरान ने इज़रायल के लक्ष्यों पर 120 बैलिस्टिक मिसाइल्स, 30 क्रूज़ मिसाइल्स और 170 ड्रोन्स दागे थे।

इस तरह के मिसाइल हमलों को रोकने और नुकसान को न्यूनतम करने को लेकर इज़रायल के पास त्रिस्तरीय डिफैंस कवर है। इस डिफैंस कवर के सबसे निचले स्तर पर आइरन डोम, फिर एरो 1 और एरो 2 सिस्टम्स के बाद डेविड्स स्लिंग है जो अपनी और आने वाले अस्त्रों को निकट आने से पूर्व आकाश में ही नष्ट कर देते हैं।

ईरानी मिसाइलों की बौछार के बाद सभी संबंधित पक्ष इज़रायल की प्रतिक्रिया को लेकर चिन्तित हैं और गत 7 अक्टूबर को हुए आतंवादी

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# सुप्रीम कोर्ट से केजरीवाल को राहत नहीं

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 15 अप्रैल। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को कोई अंतरिम राहत नहीं दी, केजरीवाल ने दिल्ली शराब नीति घोटाला के तहत हुई अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है, इस मामले में जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस जारी किया है और कोर्ट 29 अप्रैल को अप्रैल के अंतिम सप्ताह में मामले की सुनवाई करेगा।

- **सुप्रीम कोर्ट ने ई.डी. से बुधवार से पहले या बुधवार तक जवाब मांगा है, उसके बाद ही पता चलेगा कि, केजरीवाल को राहत मिलेगी या नहीं।**

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# पुलिस उप निरीक्षक पेपर लीक प्रकरण के 12 आरोपियों की रिहाई पर रोक

## राजस्थान हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई 1 मई को तय करते हुए संबंधित पक्षकारों को नोटिस जारी किए

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने पुलिस उप निरीक्षक भर्ती-2021 पेपर लीक से जुड़े मामले में 12 आरोपियों की रिहाई पर रोक लगा दी है। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश राज्य सरकार की ओर से दायर आपराधिक याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। इसके साथ ही अदालत ने मामले की सुनवाई 1 मई को तय करते हुए संबंधित पक्षकारों को नोटिस जारी किए हैं। मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट महानगर द्वितीय ने आरोपी 11 ट्रेनी एसआई और एक कांस्टेबल की अवैध हिरासत मानते हुए उन्हें सशर्त जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए थे।

- **ज्ञात रहे कि मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट महानगर द्वितीय ने आरोपी 11 ट्रेनी एस.आई. और एक कांस्टेबल की अवैध हिरासत मानते हुए उन्हें सशर्त जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए थे**
- **राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता अनुराग शर्मा ने अदालत को बताया कि एस.ओ.जी. ने आरोपियों को 3 अप्रैल को गिरफ्तार कर 4 अप्रैल को अदालत में पेश किया था। ऐसे में नियमानुसार आरोपियों को गिरफ्तारी के 24 घंटे में ही पेश किया गया था।**

राज्य सरकार की ओर से याचिका में अधिवक्ता अनुराग शर्मा ने अदालत को बताया कि एसओजी ने आरोपियों को 3 अप्रैल को गिरफ्तार कर 4 अप्रैल को अदालत में पेश किया था। ऐसे में नियमानुसार आरोपियों को गिरफ्तारी के 24 घंटे में ही पेश किया गया था। वहीं निचली अदालत ने 12 अप्रैल को आरोपियों की अवैध हिरासत मानते हुए उन्हें रिहा करने की आदेश दिए हैं। जबकि पूर्व में 4 अप्रैल को उसी अदालत ने समान आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में भेज दिया था। ऐसे में यदि उनकी अवैध हिरासत अवैध भी थी तो संबंधित मजिस्ट्रेट को पूर्व की सुनवाई के समय ही आरोपियों को रिहा करना चाहिए था। एक बार मजिस्ट्रेट की ओर से पुलिस अभिरक्षा के आदेश देने के बाद वह अवैध हिरासत नहीं कहलाएगी। इसलिए निचली अदालत के आदेश को रद्द किया जाए।

जिसका विरोध करते हुए बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता रमित पारीक ने कहा कि आरोपियों के रिलीज ऑर्डर भी जारी हो चुके हैं और निचली अदालत का आदेश विधि सम्मत है। इसलिए राज्य सरकार की याचिका को खारिज किया जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने आरोपियों की रिहाई पर रोक लगा दी है।

गौरतलब है कि मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट महानगर द्वितीय ने मामले में आरोपियों के प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए माना था कि एसओजी ने आरोपियों को पकड़ने के बाद 24 घंटे के भीतर अदालत में पेश नहीं किया था। ऐसे में उनकी पुलिस अभिरक्षा की अवधि अवैध थी। इसलिए उन्हें तत्काल रिहा किया जाए। वहीं अदालत ने मामले के दोषी पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए गृह सचिव और डीजीपी को भी निर्देश दिए थे। इससे पूर्व सुनवाई को अदालत ने इन आरोपियों को पुलिस रिमांड पर एसओजी को सौंपा था।

# डमी कैंडिडेट बैठाकर परीक्षा पास करने वाले चारों ट्रेनी एस.आई. 5 दिन की रिमांड पर

## एस.आई. भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक व डमी कैंडिडेट बैठाने का मामला

**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में अपनी जगह पर डमी कैंडिडेट बैठाकर परीक्षा पास करने वाले गिरफ्तार चारों ट्रेनी एसआई को सोमवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें कोर्ट ने पांच दिन की रिमांड पर भेज दिया है।

- **एसओजी ने अपनी जगह पर डमी कैंडिडेट बैठाकर परीक्षा पास करने वाले चार ट्रेनी एसआई को राजस्थान पुलिस अकादमी से गिरफ्तार किया।**
- **प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपियों ने परीक्षा में पास होने के लिए 15 से 20 लाख रुपए दिए थे।**

एसओजी ने एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में अपनी जगह पर डमी कैंडिडेट बैठाकर परीक्षा पास करने वाले चार ट्रेनी एसआई को रविवार देर शाम को राजस्थान पुलिस अकादमी से गिरफ्तार किया था। एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया कि एसओजी की टीम ने आरोपी चार ट्रेनी एसआई को सोमवार को सेशन कोर्ट में पेश किया। एसओजी ने दस दिन का रिमांड मांगा था, लेकिन कोर्ट ने सभी को पांच दिन की रिमांड पर भेजा है। एसओजी को अब उनकी तलाश है जो इन चारों ट्रेनी की जगह परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बन बैठे थे।

एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया कि एसओजी की टीम ने एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में अपनी जगह पर डमी कैंडिडेट बैठाकर परीक्षा पास करने वाले हरिओम पाटीदार निवासी गलियाकोट डूंगरपुर, विक्रम जीत बिश्नोई निवासी बज्जू बीकानेर हाल पार्श्वनाथ सिटी जोधपुर, श्रवण कुमार गोदारा निवासी बज्जू बीकानेर और श्याम प्रताप सिंह निवासी जोधपुर को रविवार देर शाम को राजस्थान पुलिस अकादमी से एसओजी मुख्यालय लाकर पूछताछ की गई। पूछताछ में चारों ट्रेनी एसआई ने डमी कैंडिडेट परीक्षा में बैठाना स्वीकार कर लिया है। इनमें प्रत्येक ने परीक्षा में पास होने के लिए 15 से 20 लाख रुपए दिए थे। इसमें डमी कैंडिडेट बैठाना और पेपर को खरीदना दोनों काम शामिल थे।

गौरतलब है कि चारों ट्रेनी एसआई ने अपने स्थान पर डमी अभ्यर्थी बैठा कर एसआई भर्ती परीक्षा-2021 को पास किया था। एसओजी ने जो कुछ दिनों पहले डमी परीक्षा ली थी, उसमें यह चारों फेल हो गए थे। इस पर एसओजी को उनकी योग्यता पर शक हुआ। जब इनके दस्तावेजों और सेंटर की जांच की गई तो पता चला कि इन चारों ने डमी कैंडिडेट बैठा कर परीक्षा पास की थी। एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक और डमी अभ्यर्थी केस में अब तक 36 ट्रेनी एसआई और सात आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

# राज्यपाल और मुख्यमंत्री को दैनन्दिनी भेंट

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को यहां राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र और ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को राजस्थान विधानसभा दैनन्दिनी 2024-25 भेंट की। विधानसभा के इतिहास में पहली बार दैनन्दिनी का प्रकाशन भारतीय वर्ष के अनुसार राजस्थान विधान सभा के इतिहास में पहली बार दैनन्दिनी का प्रकाशन भारतीय वर्ष के अनुसार किया गया है। देवनानी ने बताया कि नवसंवत्सर 2081 के माह चैत्र शुक्ल, प्रतिपदा से दैनन्दिनी को आरम्भ किया गया है। इस बार दैनन्दिनी अप्रेल, 2024 से आरम्भ की गई है। हिंदी तिथि के साथ-साथ वर्तमान में प्रचलित अंग्रेजी तिथियों का भी समावेश किया गया है।



स्पीकर वासुदेव देवनानी ने सोमवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर राजस्थान विधानसभा द्वारा नववर्ष की डायरी भेंट की।

- **विधानसभा के इतिहास में पहली बार दैनन्दिनी का प्रकाशन भारतीय वर्ष के अनुसार, साथ ही प्रचलित अंग्रेजी तिथियां का भी समावेश**
- **स्पीकर वासुदेव देवनानी की पहल पर विधानसभा प्रकाशन में नवाचार हुआ**

राजस्थान विधानसभा कदाचित देश की ऐसी पहली विधानसभा बन गई है जहां भारतीय वर्ष के अनुसार दैननिदनी का प्रकाशन किया गया है।

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर विधान सभा के प्रकाशन दैनन्दिनी में नवाचार किये गये हैं। भारतीय वर्ष के अनुसार माह और तिथियों का प्रमुखता से उल्लेख किया गया है। देवनानी ने बताया कि भारत वीर-वीरागनाओं और महापुरुषों का देश है। यहां ऐसे-ऐसे महापुरुष हुए है, जो भारत में ही नहीं अपितु विश्व में अपनी आध्यात्मिकता और विद्वत्ता की अमिट छाप छोड गये है। कोई तलवार के धनी तो कोई कलम के धनी तो कोई वाणी के धनी महापुरुष हुए है। उनके चिंतन से समाज को नई दिशा मिली है। नई पीढी को महापुरुषों को स्मरण में बनाये रखने के लिए विधान सभा की दैनन्दिनी में यह नया प्रयास किया है। इससे लोगों को उनके आदर्श जीवन से प्रेरणा मिल सकेगी।

अध्यक्ष देवनानी ने बताया कि डायरी में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर, महाराणा प्रताप, पृथ्वीराज चौहान, छत्रपति शिवाजी, महर्षि दयानन्द सरस्वती, मीरा बाई, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, स्वामी विवेकानन्द, सुभाष चन्द बोस, महावीर स्वामी और चन्द्र शेखर आजाद के चित्रों का समावेश किया गया है। देवनानी ने बताया कि महापुरुष राष्ट्र के लिये प्रेरणा स्त्रोत होते है। समाज के लिये आदर्श होते है।

अध्यक्ष देवनानी ने बताया कि इस बार डायरी को अधिक उपयोगी बनाया गया है। डायरी को उपयोगकर्ता आसानी से हाथ में ले जा सकता है। साथ ही एक दिवस के लिए एक पृष्ठ दिया गया है ताकि उपयोगकर्ता प्रतिदिन की अधिक से अधिक सूचनाओं को दर्ज कर सके।

# 'पहले मतदान फिर जलपान'

**जयपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने युवाओं का आव्हान किया कि वह 19 एवं 26 अप्रेल को राजस्थान में होने वाले लोकसभा चुनाव में सबसे पहले मतदान करने जाये उसके बाद ही जलपान करें। युवा प्रवाह की ओर से जयपुर के बिडला सभागार में नवमतदाता अभिनन्दन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए शहजाद पूनावाला ने क्लिक्स, ब्रिक्स, टिक्स और फिक्स के बाद भारत ने विश्व में अपनी अलग पहचान बनाई है। जय श्री राम के उद्घोष के साथ नवमतदाताओं से अबकी बार 400 पार के नारे लगवाने के साथ उन्होंने 2014 से 2024 के बीच भारत में हुए अभूतपूर्व विकास को सिलसिलेवार बताते हुए ना केवल युवाओं को प्रभावित किया बल्कि उनमें नये जोश का संचार भी किया।

उन्होंने कहा कि इन 10 सालों में लोगों की भावना भी बदली है और धरातल की वास्तविकता भी बदली है। पूनावाला ने कहा कि घोंटालों, पेपरलीक, अत्याचार, अनाचार और अपराधों के साथ-साथ आतंकवाद से बाहर निकलकर अब विकसित भारत 5जी और 6जी की ओर बढ चुका है। जी20 की सफलता ने विश्व में भारत का डंका बजा दिया है। उन्होंने कहा कि विगत 10 वर्षों मे भारत की अर्थव्यवस्था में तीव्रतम वृद्धि हुई है साथ ही विदेश नीति में भी भारत ने प्रगति की है।

## खोया पाया

मेरे आवास 22/20/04, स्वर्ण पथ, मानसरोवर, जयपुर के मूल दस्तावेज अदेय प्रमाण पत्र न.4852 दिनांक 24.09.2001 एवं आवंटन पत्र न.1697 दिनांक 09.07.1996 जो कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा जारी थे, खो गए हैं कृपया मिलने पर सूचित करें उदाराम सहारण 9468874051

## नाम परिवर्तन

मैने अपना नाम आदित्य सोनी से बदलकर आदित्य राघव सोनी रख लिया। भविष्य में मुझे नये नाम से जाना पहचाना जावे। पताः-102 कृष्णकृपा-2, सुभाष नगर, जयपुर।

मै गीता देवी ,पत्नी आर्मी नंबर-जे सी 287887एच, सूबेदार सुरेंद्र सिंह यूनिट 199 मीडियम रेजिमेंट, मेरे पति के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम गिता कुमारी है।जो गलत है।मेरा असली नाम गीता देवी है।

मै गीता देवी, पत्नी आर्मी नंबर जे-सी 287887एच, सूबेदार सुरेंद्र सिंह यूनिट 199 मीडियम रेजिमेंट, मेरे पति के सैन्य दस्तावेज़ में मेरी जन्म तिथि 28.01.1978 है। जो गलत है। मेरी असली जन्म तिथि 01.01.1982 है।

## बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** महेश नगर पुलिस ने दो साल से फरार चल रहे इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त दिगंत आनंद ने बताया कि आरपीएस पारसमल जैन के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने 2 साल से फरार 15 हजार रुपए के इनामी विशाल बोहरा पुत्र मदनराज बोहरा (42) मराठे मुम्बई हाल पृथ्वीराज रोड, पृथ्वीराज अपार्टमेंट सी-स्कीम से गिरफ्तार किया है।

नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

## तीये की बैठक



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी बहन **श्रीमती श्यामा देवी** पत्नी स्व. श्री सुखदेवशरण जी झाडलीवाला का देहावसान 14.4.2024 को हो गया है जिनकी तीये की बैठक 16.4.2024 को दोपहर 4 से 4:45 बजे पताशे वालों की बगीची, मोती डुंगरी, रोड पर होगी तत्पशात मुख्य बैठक में सम्मिलित होगी।

**शोकाकुलः** कैलाशचन्द, शंकरलाल, स्व. रामबाबू (भाई), कमल, विमल, विनय, अंकित (भतीजे) समस्त छिगनी वाला परिवार।



हमारी पूजनीया माताजी **श्रीमती श्यामा देवी** पत्नी स्व. श्री सुखदेवशरण जी का देहावसान 14.4.2024 को हो गया। तीये की बैठक 16.4.2024 को दोपहर 4 से 5 बजे पताशे वालों की बगीची, मोती डुंगरी, रोड पर होगी।

**शोकाकुल-** राजीव- मीनू (मनदीप), राजकुमार- हेमलता (पुत्र- पुत्रवधू), संजीव- अमिता (जेठुता- बहू), स्व. किशनशरण- किरण, माधुरीशरण- शशी (देवर -देवरानी), स्व. कैलाश बाई- स्व. हुकुमचन्द, कृष्णा- पुरषोतम, ललीता- भागचन्द (नन्द- नन्दोई), सरोज- लल्लूनारायण (बेटी- जंवाई), हिमिष, यशवी, पार्थ (पोते- पोती) समस्त झाडलीवाला परीवार। फर्म-Konark Event & Wedding Planner

पीहरपक्षः कैलाशचन्द, शंकरलाल, स्व. रामबाबु छिगनीवाला

# शुरुआत में खाचरियावास का आधे-अधूरे मन से मैदान में उतरना कांग्रेस के लिए नुकसान का सौदा साबित होगा

## मंगलवार को सचिन पायलट उतरेंगे खाचरियावास के पक्ष में

**जयपुर, (कासं)।** पहले दौर के मतदान के लिए प्रचार अभियान दो दिन बाद समाप्त हो जाएगा। ऐसे में अब जयपुर शहर में भी प्रचार का जोर दिखने लगा है और अब तक जो कांग्रेस प्रचार में काफी पीछे नजर आ रही थी, उसने उन क्षेत्रों में फोकस किया है, जहां कांग्रेस का वोट बैंक ज्यादा हैं।

- **अब कांग्रेस प्रचार का फोकस सिर्फ परंपरागत वोट वाले क्षेत्रों में ही ज्यादा है**
- **शुरुआत में प्रचार में पिछड़ने के बाद पार्टी ने एक सप्ताह में आठों विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक रोड शो आयोजित कर उपस्थिति दर्ज कराने का प्रयास किया**

शुरुआती दौर में कांग्रेस का कहीं भी प्रचार नजर नहीं आ रहा था, लेकिन अब जयपुर में कांग्रेस के झंडे बैनर लगे हुए रिक्शे माइक से प्रचार करते हुए भी दिख रहे है और एक दिन पहले ही जयपुर में आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के एरिया में कांग्रेस उम्मीदवार प्रताप सिंह खाचरियावास के पक्ष में बड़ा रोड शो आयोजित हुआ। इसके साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और राजस्थान के प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा ने भी कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में रविवार को आदर्श नगर और सोमवार को विद्याधर नगर के बैनाड़ रोड पर आमसभाओं को संबोधित किया। वहीं मंगलवार 16 अप्रैल को कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट भी खो नागोरियान क्षेत्र में खाचरियावास के पक्ष में आम सभा को संबोधित करेंगे।

वैसे तो जयपुर में कांग्रेस एकजुट नजर आ रही है और पूर्व मंत्री महेश जोशी के अलावा दोनों विधायक रफीक खान और अमीन कागजी सहित चुनाव हारे हुए उम्मीदवार डॉ. अर्चना शर्मा, पुष्पेंद्र भारद्वाज, गंगा देवी और जिला कांग्रेस के अध्यक्ष आर.आर. तिवारी प्रचार अभियान में अपने-अपने क्षेत्र में जुटे हुए हैं। वही विधानसभा क्षेत्र विद्याधर नगर से सीताराम अग्रवाल के भाजपा में जाने के बाद अब कमान एक बार फिर विक्रम सिंह शेखावत ने संभाल ली है। अग्रवाल के जाने के बावजूद सोमवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में एक बड़ा रोड शो आयोजित कर नाडी का फाटक एरिया में आम सभा का भी आयोजन कर कांग्रेस ने संदेश दिया कि अग्रवाल जाने से ज्यादा फर्क नहीं पड़ने वाला है।

हालांकि कांग्रेस में उम्मीदवार बदलकर सुनील शर्मा के स्थान पर प्रताप सिंह खाचरियावास को घोषित करना और शुरुआती दौर में प्रताप सिंह का आधे अधूरे मन से चुनाव मैदान में उतरना कांग्रेस के लिए नुकसान का सौदा साबित होगा। हालांकि पिछले एक सप्ताह से कांग्रेस ने धीरे-धीरे प्रचार में गति पकड़ी और अब लगभग सभी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में एक-एक रोड शो और हर विधानसभा क्षेत्र में कम से कम दो- दो कार्यकर्ता सम्मेलन के अलावा एक-एक बड़ी सभाएं की जा चुकी है।

जयपुर में कांग्रेस के लिए विद्याधर नगर, सांगानेर और बगरू जहां बड़ा खड्डा बने हुए हैं। वहीं कांग्रेस को उम्मीद है कि आदर्श नगर, किशनपोल और हवा महल से वह अच्छे वोट हासिल कर सकती है। ऐसे में कांग्रेस उम्मीदवार प्रताप सिंह इन्हीं क्षेत्रों में ज्यादा फोकस किए हुए हैं। वहीं विद्याधर नगर, सांगानेर और बगरू के उन क्षेत्रों पर फोकस है, जहां कांग्रेस का वोट बैंक है।

हालांकि प्रचार में अभी 2 दिन का समय बाकी है। ऐसे में कांग्रेस दो बड़ी सभाएं करके माहौल अपने पक्ष में करने के प्रयास में है, लेकिन जयपुर का परंपरागत वोट बैंक, जो कि भाजपा के पक्ष में नजर आता है, उसे तोड़ पाना कांग्रेस के लिए आसान काम नहीं है।

## कांग्रेस की शिकायत को विहिप ने बताया झूठ

**जयपुर।** शहर में लगी भगवा ध्वज-पताकाओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेंटी द्वारा विश्व हिंदू परिषद् के विरूद्ध चुनाव आयोग में दी गई शिकायत को विहिप ने झूठा करार दिया है। विश्व हिंदू परिषद् के क्षेत्रमंत्री सुरेश उपाध्याय ने राजनीतिक दल की शिकायत तथा भगवा ध्वज उतारने का विरोध करते हुए मीडिया के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि विश्व हिंदू परिषद् ने दलगत राजनीति अथवा किसी को राजनीतिक लाभ पहुंचाने के लिए भगवा ध्वज नहीं लगाए हैं तथा यह शिकायत झूठी है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज हजारों वर्षों से नवरात्रि का उत्सव धूमधाम से मनाता रहा है। 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान रामलला की प्रतिष्ठा के बाद पूरा देश राममय हुआ है। इसी उपलक्ष्य में हिंदू अपने प्रतिष्ठानों, बाजारों और घरों में भगवा ध्वज जो हजारों वर्षों से हिंदू समाज का प्रतीक है, लगाकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त कर रहे हैं और इस बार रामनवमी में विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है। उपाध्याय ने कहा कि विहिप क्षेत्र मंत्री के नाते मैं यह बताना चाहता हूं कि विश्व हिंदू परिषद् ने ये भगवा ध्वज नहीं लगाए हैं।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मकान नम्बर 6 च 4, जवाहर नगर, जयपुर का आवंटन पत्र क्रमांक 4998 दिनांक 27.12.1974, कब्जा पत्र क्रमांक 6747 दिनांक 07.03.1975, अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 1146 दिनांक 30.11.1990 एवं डिक्लेयरेशन दिनांक 28.05.1975 कही खो गया है, जिसके सम्बन्ध में एक ऑनलाईन पुलिस इनफोरमेशन रिपोर्ट एलआर 2089674/ 2024 दिनांक 23.02.2024 को दर्ज कराई गई थी। श्री भानूप्रकाश चेतवानी एवं श्री वासुदेव चेतवानी ने उक्त आवास को खरीदने हेतु भारतीय स्टेट बैंक आरएसीपीसी जयपुर में ऋण के लिये आवेदन किया है। यदि किसी को आपत्ति हो तो सात दिवस में संपर्क करे, बाद मियाद आपत्ति स्वीकार नही होगी। उक्त मकान के मालिक एवं विक्रेता श्री राजेन्द्र जैन पुत्र स्व. श्री पुरषोतमदास काला है।

(दीपक पारीक) अधिवक्ता, मो- 94142 38509
Email: deepakpareekadvocate@gmail.com

**आम सूचना** सर्व साधारण एवं श्रीमती रूपरेखा पत्नि स्व. श्री देवेन्द्र व्यास तथा देवांशी व्यास एवं देवांगी व्यास को सुचित किया जाता है, कि आपके दावा उनवानी रूपरेखा बनाम नन्दलाल में वर्णित पते पर दिनांक 18.03.2024 तथा 02. 04.2024 को रजिस्टर्ड नोटिस प्रेषित कर आपका रिहायशी लाईसेन्स नोटिस मे वर्णित समयावधि मकान नम्बर 111/235 की दूसरी मंजिल (फर्स्ट फ्लोर) का समाप्त किया जा चुका है। तथा दिनांक 02.04.2024 को आपको वॉट्स ऐप नम्बर 9929491875 पर भी आपको दिनांक 02.04.2024 का नोटिस भेजा गया है। दोनो नोटिस वापस आ गये है। इसलिए नोटिस में वर्णित समयावधि के बाद आपके खिलाफ सम्पत्ति खाली करने ओर मध्यवर्ती लाभ वसुल करने की कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

जयपुर (फैजान हुसैन) एडवोकेट
दिनांक-14/4/24 मो.-8824515124

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य नीरज जैन प्रोपराईटर हरिहर ज्वैलर्स पता- 644, शांति नगर, दुर्गापुरा, जयपुर के निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य की फर्म हरिहर ज्वैलर्स के फर्म के खाली लेटर पैड हस्ताक्षिरत एवं खाली हस्तलिखित पम्पलैट हस्ताक्षर किये हुए कहीं गुम हो गये है, जो कि जिस किसी भी सज्जन को मिले वह अविलम्ब मोबाईल नम्बर- 9829583534 पर सम्पर्क कर लौटा देवे। यदि कोई व्यक्ति उक्त गुमशुदा दस्तावेजात का दुरूपयोग करेगा उसके विरूद्ध मेरे अभिभाष्य द्वारा कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। सूचित रहें।

जयपुर (मुकेश वर्मा) एडवोकेट
दिनांक-15/4/24 मो.-9829583534

**आम सूचना** सर्व साथरण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती अनोख चौधरी पत्नी श्री जगदीश प्रसाद चौधरी की शिक्षण संस्था, ब्राईट सेन्ट्रल एकेडमी समिति, सांगानेर जयपुर रजिस्ट्रेशन नम्बर 175/ जयपुर / 1989-90 है, प्लॉट नम्बर 25, 26 शिव नगर, टोंक रोड, सांगानेर, जयपुर मे संचालित है। जिसमे मेरी अभिभाष्या सस्थापक, सदस्य एवं सचिव है। उक्त शिक्षण संस्थान मे अमित चौधरी व मोनी को स्कूल संचालन के लिए अधिकृत नही किया गया है और न ही उक्त शिक्षण संस्थान से उनका कोई लेना देना है। अगर अमित चौधरी व मोनी भ्रामक विज्ञापनो से किसी विधार्थी का एडमीशन उक्त शिक्षण संस्थान में करवाता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी उनके अभिभावको की होगी। भ्रामक विज्ञापनो के आधार पर अमित चौधरी व मोनी कोई गलत कार्यवाही कर संस्थान को कोई हानि कारित करता है, तो मेरी अभिभाष्या की उक्त शिक्षण संस्थान की कोई जिम्मेदारी नही होगी. साथ ही अमित चौधरी व मोनी के विरूद्ध कानूनी करने के लिए अधिकृत होगी।

दिनांक-15/4/24 रामजीलाल चौधरी (एडवोकेट) मो.9829074741

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

### कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 87/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री पृथ्वी सिंह कछावा पुत्र श्री रतन सिंह निवासी बी-02/04, चिनाब अपार्टमेण्ट, सैक्टर 28, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान 302033, ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम, 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत श्री माधव प्रिया गौ सेवा समिति, 3/18, किरण पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 के सम्बन्ध में अग्रिम जॉच किये जाने के लिये आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जाँच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियों, यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियाँ प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जाँच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।

आज दिनांक 20.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 06.05.2024.

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर

### कार्यालय उपायुक्त सिविल लाईन जोन, नगर निगम जयपुर हैरिटेज

क्रमांक-एफ-18()सि.ला.जो./2024/37 प्रारूप 5 नियम 6 (2) दिनांक-04/04/2024

**अनापत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे दिये गये व्यक्तियों द्वारा आयोजना शाखा द्वितीय में संधारित योजनाओं में साइट प्लान संशोधन/नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। इस साइट प्लान संशोधन/नाम हस्तान्तरण बावत कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन तिथि से 07 दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति/संस्था/हितधारी को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | पिता/पति का नाम | आवेदन स्थल का पता | आवेदित क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अजीत सिंह शेखावत | स्व.श्री सवाई सिंह | 06 पार्क व्यू कॉलोनी, हरि नगर, जयपुर | 143.75 वर्गगज |

उपायुक्त, सिविल लाईन जोन, नगर निगम, जयपुर हैरिटेज

### कार्यालय नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा (कोटपुतली-बहरोड)

नवोदय स्कूल के पास पावटा-303106, राज. फोन.01421-294619
Nagarpalikapaotapragpura@gmail.com Website: www.Paotapragpura.com

क्रमांक : न.पा.पाव.प्रा./ 2023-24/भूमि/71 प्रारूप-10 (नियम 6 (7) दिनांक 15/04/2024

**लोक सूचना**

कृष्ण कुमार सैनी पुत्र श्री बंशीधर सैनी जाति माली व लक्ष्मीनारायण यादव पुत्र श्री जानकीलाल जाति अहीर निवासी कुनेड रोड, पावटा जिला-कोटपूतली बहरोड़ ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतू ऐसी भूमि के अपने अभिवृति अधिकारो के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| पावटा-कोटपूतली-बहरोड | पावटा | 3186/458, 3188/459 | 0.3276 है. | आवासीय |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिवृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनो के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थन दस्तावेजो के साथ आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियम समय-समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जावेगा की किसी को आक्षेप नही है। और तदानुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर व मोहर के अधिन आज दिनांक.. को जारी की गई है।

प्राधिकृत अधिकारी, नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा

### कार्यालय नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा (कोटपुतली-बहरोड)

नवोदय स्कूल के पास पावटा-303106, राज. फोन.01421-294619
Nagarpalikapaotapragpura@gmail.com Website: www.Paotapragpura.com

क्रमांक : न.पा.पाव.प्रा./ 2023-24/भूमि/74 प्रारूप-10 (नियम 6 (7) दिनांक 15/04/2024

**लोक सूचना**

नरेश कुमार यादव पुत्र श्री हजारीलाल यादव जाति अहीर निवासी पावटा जिला-कोटपूतली बहरोड़ ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतू ऐसी भूमि के अपने अभिवृति अधिकारो के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| पावटा-कोटपूतली-बहरोड | पावटा | 3185/458 | 0.2500 है. | आवासीय |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिवृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनो के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थन दस्तावेजो के साथ आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियम समय-समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जावेगा की किसी को आक्षेप नही है। और तदानुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर व मोहर के अधिन आज दिनांक 15/4/24 को जारी की गई है।

प्राधिकृत अधिकारी, नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा

# 'राजकोट प्रत्याशी रूपाला के बयान का पार्टी से मतलब नहीं, क्षत्रिय समाज भाजपा के साथ'

## विधायक आक्या, पूर्व विधायक भिंडर और जौहर स्मृति संस्थान के अध्यक्ष ने दिया बयान

**जयपुर, (कासं)।** राजकोट प्रत्याशी पुरुषोत्तम रूपाला के बयानों को लेकर विधायक चंद्रभान सिंह आक्या और पूर्व विधायक भिंडर और जौहर स्मृति संस्थान के अध्यक्ष ने कहा कि "राजकोट प्रत्याशी रूपाला के बयान का पार्टी से मतलब नहीं है, क्षत्रिय समाज भाजपा के साथ है। यह कांग्रेस की साजिश का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यह गुजरात और एक नेता का मामला है, इसे देश के अन्य प्रत्याशियों या पार्टी से जोड़ना गलत है।

- **सी.पी. जोशी सदैव राजपूत समाज के साथ खड़े रहे, पद्मिनी महल में गलत शिलालेख को हटवाया। महाराणा प्रताप, झाला मन्ना, जयमल पर डाक टिकट जारी करवाई ः रणधीर सिंह भिंडर**
- **भाजपा ने राजपूत समाज को काफी कुछ दिया, पुरुषोत्तम रुपाला ने जो कहा वह गलत ः आक्या**

वल्लभनगर के पूर्व विधायक रणधीर सिंह भिंडर ने कहा कि चित्तौड़गढ़ प्रत्याशी सी.पी. जोशी एकमात्र ऐसे सांसद हैं, जिन्होंने रानी पद्मिनी का मामला संसद में उठाया था। महाराणा प्रताप, झाला मन्ना, जयमल पर डाक टिकट जारी करवाई थी। पद्मिनी महल में गलत शिलालेख को हटवाया। लाइट एंड साउंड में किए गए गलत वर्णन को हटवाया। जौहर स्थली पर शिलालेख लगवाया। सी.पी. जोशी ने समाज को काफी कुछ दिया है, सिर्फ विपक्षी पार्टियों के लोग माहौल खराब कर रहे हैं। क्षत्रिय समाज हमेशा से भाजपा के साथ ही रहा है।

उन्होंने कहा कि हमारे यहां किस तरह की स्थिति है, कौन कितना साथ दे रहा है, यह बाहर का व्यक्ति नहीं जान सकता। राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना सम्मानीय है। वह क्षत्रिय समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके लिए लडाई लड़ते हैं। हमारा उनसे वैचारिक मतभेद नहीं है, लेकिन पार्टी के तौर पर हम इसे हम गलत बता रहे हैं। चुनाव करीब है, ऐसे में क्षत्रिय समाज को भड़काया जा रहा है। इस समाज में भाजपा समर्थित विचारधाराओं के लोग भी है और कांग्रेस विचारधाराओं के भी है। विपक्षी विचारधाराओं के लोग इस तरह की हरकत कर रहे हैं, जबकि पूरा क्षत्रिय समाज इसमें शामिल नहीं है। हमारा समाज भाजपा से जुड़ा हुआ था और जुड़ा हुआ ही रहेगा।

राजकोट प्रत्याशी पुरुषोत्तम रूपाला ने जो भी टिप्पणी की है, वह बिल्कुल गलत है। लेकिन उसके लिए पूरे पार्टी को दोषी नहीं ठहरा सकते। जिस पार्टी ने हमेशा क्षत्रिय समाज के लिए काम किया है, वह इतना बेवकूफ नहीं हो सकता कि छोटी सी बात के लिए पार्टी को बॉयकॉट कर दे। यह सब पूरा गुजरात का मामला है। वहां के क्षत्रिय समाज जो भी फैसला करेंगे, यह वहां की बातें है। उसका राजस्थान के परिप्रेक्ष्य से लेना देना नहीं है। विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने कहा कि पुरुषोत्तम रुपाला ने जो भी कहा, वह बहुत ही गलत बात है। सिर्फ हमारे ही समाज में नहीं, किसी भी समाज के लिए ऐसी बातें नहीं करनी चाहिए।

राजपूत समाज में कुछ लोग जो पार्टी विशेष के साथ है, वह लोग ही भड़का रहे हैं। हम तो पार्टी के लिए ही काम करते आए हैं और अभी भी उनके साथ मिलकर चुनाव का काम कर रहे हैं। भाजपा ने राजपूत समाज को हमेशा काफी कुछ दिया है। पुरुषोत्तम रूपाला के बयानों को पूरे देश, राजस्थान या चित्तौडग.से जोड़ना गलत है। जो लोग कांग्रेस से जुड़े हैं या उनके विचारधाराओं से जुड़े हुए हैं, वह सब करवा रहे हैं।

चित्तौड़गढ़ जिला मुख्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, पूर्व विधायक रणधीर सिंह भिंडर, जौहर स्मृति संस्थान अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह विजयपुर, बी एन संस्थान एमडी मोहम्मद सिंह राठौड़, लोकसभा संयोजक रणजीत सिंह भाटी, पूर्व प्रधान अर्जुन सिंह ब्यावर (भदेसर), पूर्व प्रधान सुभाष सिंह राणावत, मेवाड़ क्षत्रिय महासभा पूर्व जिला अध्यक्ष नारायण सिंह बडोली, कैलाश सिंह, रूप सिंह राणावत, हर्षवर्धन सिंह रुद, कर्नल सिंह कांकरवा, देवेंद्र सिंह राणावत, भूपेंद्र सिंह भाटी, कृष्ण पाल सिंह चुंडावत उपस्थित रहे।

# सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग के मामले में मुम्बई ए.टी.एस. जांच के लिए जयपुर पहुंची

## जयपुर पुलिस से लॉरेंस विश्नोई, रोहित गोदारा, रितिक बॉक्सर सहित अन्य गैंगस्टर के बारे में जानकारी ली

■ मुम्बई ए.टी.एस. की टीम ने जयपुर पुलिस से इन गैंगेस्टर के संबंध में कई रिकॉर्ड भी लिए

**जयपुर** (कासं)। मुंबई में बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर के बाहर हुई फायरिंग के मामले में जांच के लिए मुंबई एटीएस की टीम सोमवार को जयपुर पहुंची है। टीम ने जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों से लॉरेंस विश्नोई, रोहित गोदारा सहित अन्य गैंगस्टर के बारे में जानकारी ली और कई रिकॉर्ड भी लिए। मुंबई एटीएस की टीमें अलग-अलग राज्यों में फायरिंग करने वाले बदमाशों के बारे में जानकारी जुटाने के लिए पूछताछ कर रही है।

एटीएस मुंबई को शक है कि फायरिंग की प्लानिंग राजस्थान में की गई। इसे लेकर मुंबई एटीएस के चार सीनियर ऑफिसर की टीम ने आज जयपुर पुलिस कमिश्नरेट पहुंची। यहां पुलिस अधिकारियों से मामले के संबंध में अहम जानकारी ली। इस दौरान लॉरेंस विश्नोई, रोहित गोदारा, रितिक बॉक्सर सहित अन्य गैंगस्टर के बारे में जानकारी ली और कई रिकॉर्ड भी प्राप्त किए। बताया जा रहा है कि मुम्बई एटीएस ने जयपुर पुलिस की हिरासत में चल रहे लॉरेंस विश्नोई के गुर्गे रितिक बॉक्सर से सोडाला थाने में पूछताछ की। हालांकि जयपुर पुलिस ने इस बारे में पुष्टि नहीं की है। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कैलाश चंद बिश्नोई ने बताया कि सोड़ाला थाने में बंद रितिक बॉक्सर जयपुर पुलिस की हिरासत में है, उससे केवल हमारी ही पुलिस पूछताछ करने में जुटी है। मुम्बई एटीएस की टीम ने थाने में कोई पूछताछ नहीं की है। उन्होंने बताया कि मुम्बई एटीएस ने गैंगस्टर के बारे कुछ रिकॉर्ड लिए है। पुलिस ने बताया कि रितिक बॉक्सर को एक व्यापारी को जान से मारने की धमकी के मामले में 11 अप्रैल को अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर जयपुर लाए थे। सुरक्षा के लिहाज से उसे सोडाला थाने में रखा गया है। मुंबई एटीएस की टीम के रडार में रितिक बॉक्सर, रोहित राठौड़ और नितिन फौजी थे, जिनसे एटीएस की टीम ने पूछताछ की।

पुलिस ने बताया कि पूछताछ में क्या सामने आया, यह टीम के सदस्य जानते हैं। रितिक बॉक्सर जयपुर में जी क्लब पर फायरिंग कराने से लेकर बदमाशों को हथियार उपलब्ध कराने और लोकेशन दिखाने का आरोपी है। वह राजस्थान में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का एक्टिव गुर्गा था। इसका इस्तेमाल लॉरेंस ने लोगों को धमकी देने, रेकी कराने और फायरिंग करने जैसे काम के लिए किया।

वहीं 29 फरवरी को रोहतक में गुरुग्राम के स्क्रैप व्यापारी सचिन मुंजाल मर्डर के मामले में लॉरेंस का हाथ था। लॉरेंस ने अपने गुर्गों के जरिए बाल सुधार गृह में बंद नाबालिगों को बाहर निकलवाया और उनसे यह हत्या कराई थी। पुलिस ने जब नेपाल बॉर्डर से दो नाबालिगों को पकड़ा तो उन्होंने पूछताछ में अपना अपराध कबूल कर लिया था। इसको आधार मानते हुए मुंबई एटीएस की टीम ने बाल सुधार गृह में भी पूछताछ की।

रितिक बॉक्सर जयपुर में जी क्लब पर फायरिंग मामले में अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में बंद था। फरवरी में जयपुर में एक शराब कारोबारी का मर्डर करने के लिए शूटर भेजने के मामले में 11 अप्रैल को रितिक बॉक्सर को प्रोडक्शन वारंट पर जयपुर लाया गया था। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को मारने वाले शूटर रोहित राठौड़ और नितिन फौजी को भी इसी मामले में अजमेर की जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाए थे।

# ऑर्गन ट्रांसप्लांट फर्जी एन.ओ.सी. मामले में एफआईआर की तैयारी

■ स्वास्थ्य विभाग इस प्रकरण में कानूनी सलाह ले रहा है, गृह विभाग से अनुमति मिलते ही एफ.आई.आर. दर्ज कराई जाएगी।

**जयपुर**। एसएमएस अस्पताल में ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए रिश्वत देकर फर्जी एनओसी जारी करने के मामले में स्वास्थ्य विभाग जल्द ही एफआईआर दर्ज करवाएगा। इसके लिए तैयारियां की जा रही है। विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने मीडिया को बताया कि अंग प्रत्यारोपण की प्रक्रिया 'ट्रांसप्लांटेशन ऑफ ह्यूमन ऑर्गन' एक्ट के तहत पूरी तरह से निर्धारित है। हर पक्ष को ध्यान में रखते हुए ही एएजी से विधिक राय ली गई है, ताकि एफआईआर दर्ज कराते वक्त इस एक्ट के तहत तय अपेक्षाएं पूरी हो। अब एएजी से विधिक राय मिल गई है, जिसके बाद गृह विभाग को प्रस्ताव भेजा है। गृह विभाग से अनुमति मिलते ही इस प्रकरण में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

उन्होंने कहा कि ऑर्गन ट्रांसप्लांट फर्जी एनओसी प्रकरण में कई पहलू हैं। फिलहाल एसीबी समेत अन्य एजेंसी अपने-अपने स्तर पर जांच कर रही है। चिकित्सा विभाग के स्तर पर भी पूरे प्रकरण की जांच चल रही है। ऐसे में विचार किया जा रहा है कि एक संयुक्त टीम को जांच दी जाए। इस टीम में सभी एजेंसियों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा, ताकि हर पहलू पर न सिर्फ जांच हो, बल्कि दोषियों पर एक्शन भी हो सके। उधर, दूसरी ओर 10 अप्रैल को गिरफ्तार किए गए फोर्टिस के कोऑर्डिनेटर गिरिराज शर्मा को एसीबी ने सोमवार को रिमांड अवधि पूरी होने पर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। वहीं एसएमएस अस्पताल का एएओ गौरव सिंह, ईएचसीसी अस्पताल का अंग कोऑर्डिनेटर अनिल जोशी व फॉर्टिस हॉस्पिटल का अंग कोऑर्डिनेटर विनोद सिंह पहले से ही 26 अप्रैल तक न्यायिक अभिरक्षा में जेल में है। तीनों को 30 मार्च को एसीबी ने गिरफ्तार किया था।

# 'जलियावाला बाग नरसंहार पूर्व नियोजित था'



जगदीप सिंह

**जयपुर** । किश्वर देसाई की पुस्तक "जलियावाला बाग, 1919 - द रियल स्टोरी" को जयपुर के अशोक क्लब में प्रस्तुत करते हुए जगदीप सिंह ने कहा कि, अमृतसर में 13 अप्रैल 1919 को हुआ दिल दहला देने वाला जलियावाला बाग नरसंहार जनरल रेजिनाल्ड डायर द्वारा भारतीयों को सबक सिखाने के लिए की गई एक सुनियोजित कार्रवाई थी। घटना से तीन दिन पहले, 10 अप्रैल को रॉलेट एक्ट के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आयोजित करने के लिए अमृतसर में डॉ. सैफुद्दीन किचलू और डॉ. सत्यपाल की गिरफ्तारी पर झड़प हुई थी। लोग दोनों को छुड़ाने के लिए अमृतसर के डिप्टी कमिश्नर को ज्ञापन देना चाहते थे। रेलवे ओवर ब्रिज पर पुलिस पिकेट तोड़ने की कोशिश में पुलिस ने फायरिंग कर दी, जिसमें करीब 20 भारतीयों की मौत हो गई। इसकी प्रतिक्रिया के रूप में, पुराने अमृतसर शहर में भारतीयों द्वारा 5 यूरोपीय लोगों की हत्या कर दी गई और उन्होंने टाउन हॉल, बैंक और टेलीग्राफ भवन को जला दिया।

जगदीप सिंह ने कहा कि जलियांवाला बाग में अपनी कार्रवाई से डायर स्पष्ट रूप से यह संदेश देना चाहता था कि भारतीयों द्वारा यूरोपीय लोगों के खिलाफ इस तरह की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस पुस्तक पर पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन पिक ए बुक (पीएबी) जयपुर द्वारा आयोजित किया गया था। प्रजेंटेशन के बाद प्रश्न-उत्तर सेशन हुआ। इस कार्यक्रम का संचालन पिक ए बुक की रीजनल हेड, अंशू हर्ष ने किया।

## वाहन चोर पकड़े

**जयपुर**। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने वाहन चोरों के खिलाफ थाना खो-नागोरियान इलाके में कार्रवाई करते हुए वाहन चोर रोहित, विष्णु शर्मा एवं रामवीर उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की दो मोटरसाइकिल, लैपटॉप, एलईडी व कुलर बरामद किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि सीएसटी ने खोह नागोरियान इलाके में वाहन चोरी करने वाले रोहित निवासी बामनवास जिला सवाई माधोपुर हाल कानोता जयपुर, विष्णु शर्मा निवासी कानोता जयपुर और रामवीर उर्फ गोलू निवासी कानोता को गिरफ्तार किया है।

# अलवर नगर परिषद की सभापति के बर्खास्तगी के आदेश पर रोक

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने अलवर नगर परिषद की सभापति बीना गुप्ता को राहत देते हुए उन्हें बर्खास्त करने के आदेश की क्रियान्विति पर अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले की सुनवाई 17 मई को तय की है। जस्टिस महेन्द्र कुमार गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश बीना गुप्ता की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब पेश करने के लिए चार सप्ताह का समय मांगा गया। याचिकाकर्ता की ओर से अंतरिम राहत देने की गुहार की गई। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को बर्खास्त करने के आदेश की क्रियान्विति पर आगामी आदेश तक रोक लगा दी है। याचिका में कहा गया कि डीएलबी ने न्यायिक जांच के आधार पर उसे गत 28 फरवरी को सभापति व परिषद के सदस्य पद से बर्खास्त करते हुए 6 साल के लिए चुनाव लड़ने के लिए अपात्र घोषित कर दिया था। जबकि न तो उसे नोटिस दिया गया और ना ही न्यायिक जांच की कॉपी दी गई। उसने सूचना के अधिकार के तहत न्यायिक जांच की कॉपी लेने के बाद 4 सितंबर 2023 को जवाब पेश किया, लेकिन उसे स्वीकार नहीं किया गया।

## सार-समाचार

### जीवन रक्षा की सीपीआर विधि समझाई



**जयपुर** । रोटरी क्लब जयपुर राउंड टाउन द्वारा सी.पी.आर. कार्यक्रम का आयोजन इटर्नल हॉस्पिटल सभागार में रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व अध्यक्ष रो. दीपक शर्मा को स्मरण कर श्रद्धांजलि स्वरुप किया गया। रो. दीपक शर्मा का गत 29 मार्च को हृदयाघात के कारण असामयिक निधन हो गया था। कार्यक्रम में रोटरी क्लब जयपुर के अध्यक्ष रो. डॉ. संजीव शर्मा एवं इटर्नल हॉस्पिटल के गहन चिकित्सा इकाई के डॉ. अनिल शर्मा ने सीपीआर करने की पूर्ण विधि, उससे किस प्रकार से किसी व्यक्ति को जान को बचाने में मिलने वाले लाभ एवं अचानक से अचेत हुए व्यक्ति के जीवन रक्षा में यह विधि किस प्रकार से उसकी रक्षा कर सकती है और सीपीआर विधि की जानकारी होने से जीवन रक्षा किस प्रकार से की जा सकती है, की स्थिति की विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में अचानक से किसी व्यक्ति के अचेत हो जाने पर उसे और उसके जीवन को बचाने के लिए किस प्रकार से सीपीआर विधि कारगर हो सकती है, इस विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में रोटरी क्लब प्रांत 3056 के पूर्व प्रांत पाल रो. अजय काला, रो. रमेश अग्रवाल ने दिवंगत दीपक शर्मा जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अतुल पब्लिसिटी को विज्ञापन और मार्केटिंग में उनके असाधारण काम के लिए अवार्ड देकर सम्मानित किया।

## विश्व जागृति मिशन का 33वां स्थापना दिवस कल

**जयपुर** (कासं)। विश्व जागृति मिशन का 33 वां स्थापना दिवस बुधवार को रामनवमी पर गुलाबी नगरी में जयपुर मंडल के श्रद्धालुओं द्वारा पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जयपुर मंडल के प्रधान मदन लाल अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर विश्व जागृति मिशन के संस्थापक श्री सुधांशु जी महाराज के संकल्प और संदेश का प्रसारण किया जाएगा। शाम को आदर्श नगर में बीस दुकान स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में शाम 5 बजे से आचार्य मोहन शास्त्री के सानिध्य में हवन और कन्या पूजन जैसे कार्यक्रम होंगे।

# हीरो मोटोकॉर्प की 'मैवरिक 440' बाइक लॉन्च




**जयपुर**। हीरो मोटोकॉर्प ने अपनी नई प्रीमियम मोटरसाईकिल "मैवरिक-440" को जयपुर में लॉन्च कर दिया है। यह बाइक आधुनिक रोडस्टर और मजबूत स्टाइल के साथ उतारी गई है। जयपुर में आधुनिक और अधिकृत डीलरशिप सूर्या ऑटोकोर्प इस बाइक की लॉंचिंग की गई। मैवरिक 440 कंपनी के ऊपरी प्रीमियम सेंगमेंट में प्रवेश का प्रतीक है। यह बाइक तीन वेरिएंट बेस, मिड और टॉप में मिलेगी। इसकी शुरूआती कीमत करीब 1.99 लाख रुपये से शुरू होकर 2.24 लाख रुपये तक रखी गई है। "मैवरिक-440" बाइक कंपनी के 40 साल के शानदार इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। विश्वसनीय और कुशल दुपहिया वाहन प्रदान करने वाली अपनी समृद्ध विरासत का लाभ उठाते हुए हीरो मोटोकॉर्प ने अब ऊपरी प्रीमियम सेंगमेंट की गतिशीलता को फिर से परिभाषित किया है।

### माथुर-चतुर्वेदी समाज का स्नेह मिलन




**जयपुर** । श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद और श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद के सँयुक्त तत्वावधान में रविवार को जयपुर में होली-नव संवत्सर मिलन समारोह मनाया गया। महापरिषद के महामंत्री पीयूषपाणि चतुर्वेदी ने बताया कि इस आयोजन के मुख्य अतिथि श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद रजि. के राष्ट्रीय सभापति नीरज चतुर्वेदी रहे। विशिष्ट अतिथि श्वेता चतुर्वेदी, उप-सभापति, महापरिषद महिला परिषद की राष्ट्रीय सह-संयोजक अर्चना चतुर्वेदी, विधिक परिषद के राष्ट्रीय संयोजक-प्रशान्त चतुर्वेदी, एडवोकेट महापरिषद राजस्थान के संरक्षक-कुन्दन लाल चतुर्वेदी, सुरेश चन्द्र चतुर्वेदी, अध्यक्ष-हृदयेश चतुर्वेदी, महापरिषद जयपुर के संरक्षक-पंकज भूषण चतुर्वेदी, नरेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, हरीश चतुर्वेदी, अध्यक्ष-अलकेश चतुर्वेदी तथा महामंत्री-आलोक चतुर्वेदी ने श्री माथुर चतुर्वेदी समाज की कुलदेवी चर्चिका देवी, महा विद्या देवी, कुलदेव भगवान वराह और यमुना मैया के चित्र पर माल्यार्पण एवं मंगलाचरण के साथ दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर समाज के युवा वर्ग, मातृशक्ति, वरिष्ठजनों,बच्चे-बच्चियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों यथा:-ब्रज एवं राजस्थानी होली,रसिया,गीत,कविताओं की शानदार प्रस्तुति दी गई, जिसमें वरिष्ठ नागरिक सुरेश चंद्र चतुर्वेदी, संरक्षक-श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद रजि.राजस्थान द्वारा गाये गए गीत,अर्चना चतुर्वेदी, महिला महापरिषद की राष्ट्रीय सह-संयोजक द्वारा गाई गई होली, श्वेता चतुर्वेदी -राष्ट्रीय उप-सभापति द्वारा किये गए नृत्य, पत्रकार सुनील चतुर्वेदी, अमित चतुर्वेदी, नवीन चतुर्वेदी द्वारा गाई गई होली,लांगुरिया, डॉ. अरविन्द चतुर्वेदी द्वारा तथा मारुति पाण्डे द्वारा गाये गए फिल्मी गीत की उल्लेखनीय प्रस्तुति रही।

# 'स्वच्छता का होमवर्क' मुहिम से जुड़े बच्चे



**जयपुर** (कासं)। स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में अव्वल आने के लिए जयपुर ग्रेटर निगम ने "रियूज़, रिड्यूज और रि-साईकल" थीम पर काम शुरू किया है। साफ-सफाई से नयी पीढ़ी को जोड़ने और उनकी दैनिक आदतों में शामिल करने के उद्देश्य से सरकारी और निजी स्कूलों मे अध्ध्यनरत विद्यार्थियों को टारगेट किया गया है। ग्रेटर निगम ने "स्वच्छता का होमवर्क" मुहिम छेड़कर बच्चों को इससे जोड़ना शुरू किया है।

स्वास्थ्य उपायुक्त नवीन भारद्वाज ने बताया कि ग्रेटर निगम ने "स्वच्छता का होमवर्क" अभियान से विद्यार्थियों को जोड़कर गीला और सूखा कचरा अलग-अलग एकत्रित करने तथा सेग्रिगेट कचरे को अलग-अलग हरे व नीले डस्टबिन में डालने, विद्यालय में शौचालयों और मूत्रालयों को स्वच्छ रखने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने और घरों से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थ जैसे गमले, पैन, होल्डर, फाइल, कवर, कप-गिलास को फेंकने के बजाय "रियूज़, रिड्यूज और रि-साईकल" करना सिखाया जा रहा है। इस अभियान में विद्यार्थियों ने भी उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया है। ग्रेटर नगर निगम के अधिकारियों ने स्कूल प्रबंधन के साथ मिलकर बच्चों के साथ इस मुहिम पर बातचीत की और उन्हें पुरानी खराब सामग्री का पुन: उपयोग करना सिखाया। बच्चों ने पेंटिंग, जिंगल प्रतियोगिता, टैग लाइन लिखवाने के कार्य में भी अपनी भावनाएं व्यक्त की। ग्रेटर निगम आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने बताया कि बच्चे व्यवहार परिवर्तन को तीव्रता से ग्रहण करते हैं और अपने घर-परिवार को भी सकारात्मक रूप से प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। बच्चों की स्वच्छता में रूचि को ध्यान में रखते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन कराए जाएंगे।

## दो महिलाओं सहित दस शराब तस्कर पकड़े

**जयपुर** । पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने विधायकपुरी, सांगानेर सदर, मालपुरा गेट, जयसिंहपुरा खोर, विश्वकर्मा, करणी विहार, हरमाड़ा व मानसरोवर में शराब माफियाओं पर कार्रवाई करते हुए दो महिलाओं सहित 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया। एक आरोपित फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध देशी शराब के 1087 पव्वे, अंग्रेजी शराब के 62 पव्वे, बीयर की 19 बोतल एवं बिक्री की राशि 6 हजार 600 रुपये बरामद किए है। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ ने बताया कि आरोपी वसीम मेहंदी हसन अंसारी, सुरेश सांसी, मंदीप, शारदा, सुनील बिडावत, अनिल गोयल, रोशन कुमार सांसी, सुनील कुमार और मंजू देवी को गिरफ्तार किया।


# चार आवासीय प्लॉट्स पर बना अवैध कॉम्पलेक्स सील

■ जे.डी.ए. के प्रवर्तन दस्ते ने सुमेर नगर एक्सटेंशन क्यू में कार्रवाई की

**जयपुर** (कासं)। जे.डी.ए. के प्रवर्तन दस्ते ने मानसरोवर में सेंट्र विल्फ्रेड कॉलेज के सामने स्थित सुमेर नगर एक्सटेंशन क्यू ब्लॉक में आवासीय भूखंड़ 60-61 और 73-74 की जमीन को आपस में जोड़कर बनाये जा रहे कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स को सील किया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि इन चार आवासीय भूखंड़ों पर निर्माणकर्ता ने जे.डी.ए. की बिना अनुमति और स्वीकृति बेसमेंट समेत 3 मंजिला इमारत खड़ी कर ली। यहां तक कि चारों प्लॉट्स का एकीकरण भी नहीं कराया। इस संबंध में जेडीए की प्रवर्तन विंग ने इस भूखंड़ मालिक को पूर्व में धारा 32-33 के नोटिस देकर अवैध निर्माण बंद करने को कहा था। इसके बावजूद भूखंड़धारी ने रातोंरात काम चलाकर इस बिल्डिंग को बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर और दो मंजिला निर्माण कर लिया। इस पर जेडीए के राजस्व और तकनीकी दस्ते ने इंजीनियरिंग विंग की मदद से इस अवैध निर्माण को सील किया। महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि सोमवार को जेडीए और नगर निगम के प्रवर्तन दस्ते ने सामूहिक कार्रवाई करते हुए लालकोठी अण्डरपास सब्जी मंडी के पास सड़क सीमा पर हो रही अतिक्रमणों को मुक्त भी कराया।

### डॉ. प्रशांत भारद्वाज अध्यक्ष बने


डॉ. प्रशांत भारद्वाज

**जयपुर** । इंडियन डेंटल एसोसिएशनकी जयपुर ग्रेटर ब्रांच की कमेटी का पुनर्गठन 2024-25 के लिए हुआ है। डॉ प्रशांत भारद्वाज को अध्यक्ष एवं डॉ. सुनील कुमार राघव को सचिव पद के लिए सर्वसम्मति से चयनित किया गया। डॉक्टर अंकुर कनोडिया इमीडिएट पास्ट प्रेसिडेंट; डॉ सत्यवीर वशिष्ठ प्रेसिडेंट इलेक्ट; डॉ. हरीश सिंघल, दीपक गर्ग एवं डॉ गोविंद सोनी को वाइस, हिमांशु शर्मा को जॉइंट सेक्रेटरी, शशांक गुप्ता को असिस्टेंट सेक्रेटरी, डॉक्टर अरविंद शर्मा को ट्रेजरर , डॉ. पूजा गुप्ता को कन्वीनर सीडीई, डॉक्टर शिखा बंसल एवं डॉक्टर नेहाल गुप्ता को को कन्वीनर सीडीई, डॉ. निखिल प्रसाद कन्वीनर सीडीएच, डॉ. सुशील बेनीवाल को कन्वीनर सीड्एच साथी, डॉ. सारिका, डॉ. राम पांडे एवं डॉ. श्रद्धा जाखड़ को वूमेन डेंटल काउंसिल के पद पर सदस्यों द्वारा चयनित किया गया। राजस्थान इंडियन डेंटल एसोसिएशन की सचिव डॉक्ट्र जे.एस. वालिया ने सभी चयनित प्रतिनिधियों को डेंटल फ्रेटरनिटी के वेलफेयर व समाज की भलाई के लिए काम करने की शपथ ग्रहण करवाई।

### मंदिर में देव प्रतिष्ठा 16-17 अप्रैल को

**जयपुर**। सी-स्कीम स्थित भगत सिंह मार्ग पर बने मंदिर श्री लक्ष्मीनारायणजी एवं नीलकण्ठ महादेव मंदिर में देव प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 16-17 अप्रैल को आयोजित होगा। पंडित प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि 16 अप्रैल को सुबह सवा 11 बजे पूजा-अर्चना होगी और सायंकाल को गृह शांति एवं हवन होगा। इसके अगले दिन अभिजित मुहुर्त में देव प्रतिष्ठा होगी और दोपहर 12 बजे भगवान की आरती के बाद भंडारा प्रसादी शुरू होगी।

# भारत को विश्व गुरु की मान्यता तब मिलेगी जब देश की सेना सबल और नागरिक धनवान होंगे : स्वामी गोविन्द गिरि

## शिवाजी महाराज ने किया था देश का पहला सर्जिकल स्ट्राइक : स्वामी गोविन्द देव


पतंजलि विश्वविद्यालय में "छत्रपति शिवाजी महाराज कथा" के सातवें दिन स्वामी गोविन्द देव गिरि महाराज ने कई प्रसंग सुनाए।

**हरिद्वार** । पतंजलि विश्वविद्यालय में आयोजित "छत्रपति शिवाजी महाराज कथा" के सातवें दिन स्वामी गोविन्द देव गिरि महाराज ने कहा कि हमारा देश पहले से ही विश्व गुरु है, इसको विश्व गुरु बनाने की आवश्यकता नहीं है लेकिन भारत को विश्व गुरु की मान्यता तब मिलेगी जब इसकी सेना सबल और नागरिक धनवान होगे।

उन्होंने कहा कि संसार का कौन सा देश हमें क्या सिखाएगा, मानवता व अध्यात्म के लिए क्या ज्ञान व मार्गदर्शन देगा, विश्वगुरु तो यही भारत देश है। आज के समय में धन से काम होते नहीं हैं, लेकिन धन के बिना बड़े-बड़े काम रूक जाते हैं। इसको आधुनिक काल के महात्मा हमारे पूज्य स्वामी रामदेव महाराज और आचार्य बालकृष्ण महाराज ने स्वयं अनुभव किया और दान मांग-मांगकर मानव सेवा व देश के सृजन के कार्य किए। किंतु लोगों से कितना मांग सकते हैं, कौन कितनी सहायता कर सकता है, जब लक्ष्य बड़ा हो तो उसको पूर्ण करने के लिए उसी प्रकार के साधन आवश्यक होते हैं और साधन एकत्र करने के लिए धन की आवश्यकता होती है। तब पतंजलि ने देशसेवा के लिए उद्योग प्रारंभ किया।

कथा के दौरान उन्होंने शिवाजी महाराज के पराक्रम और वीरता को प्रणाम करते हुए कहा कि सभी लोगों को जो लगभग असम्भव सा लग रहा था, वो कार्य शिवाजी महाराज ने कर दिखाया। पूणे शहर में लाल किले के भीतर लाखों की सेनाओं से आवृत्त घेरे में शाहिस्तेखान था। 258 मावलों को साथ ले करके शिवाजी महाराज किले में कैसे घुसे और सुरक्षित कैसे बाहर निकल गए, यह चमत्कार था।

कोलाहल और अंधकार का लाभ उठाकर शाहिस्तेखान जनानखाने में घुस गया और किसी तरह अपनी जान बचा पाया किन्तु उसके हाथ की उंगलियाँ कट गई और उसका पुत्र फाजलखान भी मारा गया। शिवाजी महाराज द्वारा किया गया यह देश का पहला सर्जिकल स्ट्राइक था जिसमें 55 मुगल मारे गए तथा 6 मराठे भी वीरगति को प्राप्त हुए। शिवाजी महाराज को स्वराज्य के विस्तार के साथ-साथ इन सभी पापियों से भी लोहा लेना था।

कार्यक्रम में पतंजलि परिवार के वरिष्ठ पद्मसेन आर्य, पतंजलि विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो. महावीर अग्रवाल, मानविकी संकायाध्यक्षा साध्वी आचार्या देवप्रिया, आचार्यकुलम् की उपाध्यक्षा डॉ. ऋतम्भरा, भारत स्वाभिमान के मुख्य केन्द्रीय प्रभारी भाई राकेश 'भारत' व स्वामी परमार्थदेव, आचार्यकुलम् की प्रधानाचार्या आराधना कौल, पतंजलि विश्वविद्यालय के आई.क्यू.ए.सी. सैल के अध्यक्ष प्रो. के.एन.एस. यादव, कुलानुशासक स्वामी आर्षदेव सहित सभी शिक्षण संस्थान यथा- पतंजलि गुरुकुलम्, आचार्यकुलम्, पतंजलि विश्वविद्यालय एवं पतंजलि आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्यगण व विद्यार्थी, पतंजलि संन्यासाश्रम के संन्यासी भाई व साध्वी बहनें तथा पतंजलि योगपीठ से सम्बद्ध समस्त इकाइयों के इकाई प्रमुख, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बी-टू बाइपास और झोटवाड़ा एलिवेटेड का शेष काम जून तक

**जयपुर** । जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने सोमवार को समीक्षा बैठक लेकर शहर में चल रहे तमाम निर्माणाधीन प्रोजेक्ट्स की सिलसिलेवार समीक्षा की। बैठक में प्रगतिरत महत्वपूर्ण परियोजनाओं और उद्यानिकी शाखा की समीक्षा की गई। जेडीसी ने बी-2 बाईपास प्रोजेक्ट के शेष कार्य को जून-2024 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में टोंक रोड का कार्य एवं शेष रही क्लोवर लिफ की एक-एक छतों का कार्य प्रगति पर है। जेडीसी ने झोटवाड़ा आरओबी में सर्विस सड़कों व अन्य शेष विकास कार्य को 31 मई तक पूर्ण करने की निर्देश दिए।

जेडीए कमिश्नर ने गोल्फ कोर्स में निर्माणाधीन पार्किंग प्रोजेक्ट के कार्य को तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रोजेक्ट का कार्य अप्रैल-25 तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है। आईपीडी टॉवर के लिए चिकित्सा एवं मेडिकल विभाग से शेष देय राशि लेने एवं नवीन प्रस्तावित कार्य के पेटे पुरानी देय राशि लेने के निर्देश दिए।



## Animal Cruelty / Human Violence Awareness Week

*Animal Cruelty / Human Violence Awareness Week* is observed annually to shed light on the undeniable connection between abusing animals and harming humans. This observance week creates awareness of the need to understand the intersectional nature of these issues, and for societal change, to end the cruelty. It also promotes education about better treatment for both, animals and people, and supporting local non-profits that work to protect and heal those at the 'highest risk' of abuse and violence.

#SELF-CARE

## Checking Your Own Blood Pressure

Self-monitoring of blood pressure has the potential for better outcomes and cost benefits compared to traditional care.





A new study shows that when patients regularly monitor their blood pressure outside of the clinic, they tend to have better quality of life and lower healthcare expenses. Researchers reviewed literature on the costs, benefits, and efficacy of self-monitoring of blood pressure by patients with hypertension.

The study in *JAMA* can help inform decisions by patients, healthcare providers, and policymakers on the value of self-monitoring programs.

"We collected peer-reviewed English language articles that included patients with high blood pressure, excluding studies that included children and pregnant women to ensure consistency in their analysis," says Michelle Hayek, a graduate research assistant in the Texas A&M University School of Public Health Population Informatics Lab. "We excluded duplicate articles and those that didn't compare the costs and benefits of at-home and clinical blood pressure monitoring."

Self-monitoring of blood pressure includes both, at-home blood pressure measurements (HBPM) and ambulatory measurements (ABPM), collected automatically over a 24-hour period. The research team found that around 60% of the 16 studies, they reviewed in their analysis, identified at-home or ambulatory blood pressure measurements to be cost-effective over conventional blood pressure monitoring in a healthcare office. The analysis found that HBPM was most cost-effective when combined with extra support. Additionally, the review identified ABPM as the most cost-effective method. However, the cost benefits of self-monitoring approaches, with additional support, were more evident over longer periods and not as evident over 6 to 24 months. This may be due to the high initial costs of setting up self-monitoring programs such as equipment and training.

The findings of the studies reviewed point to long-term benefits with respect to controlling blood pressure, decreases in adverse outcomes, and improved patient quality of life. These benefits could help justify the costs of establishing a self-monitoring program over traditional methods.

Another benefit of self-monitoring, ABPM, in particular, is the detection of masked hypertension and reduction of white-coat hypertension. Masked hypertension is high blood pressure that is not detected during routine in-clinic screenings. In contrast, white-coat hypertension is higher blood pressure that presents only when measured by a healthcare provider. This could lead to better control of hard-to-detect masked hypertension and eliminate unnecessary treatments due to white-coat hypertension.

Other benefits of self-monitoring at home, identified in the studies, included easier communication with healthcare providers, more timely advice, and better patient motivation. The researchers also note that patient preferences could have influenced differences between at-home and in-clinic care. Thus, further studies should focus on patient preferences. Additionally, there is a need for more research comparing different approaches in detail.

The findings of this review show that self-monitoring of blood pressure has the potential for better outcomes and cost benefits compared to traditional care. Having more information on the benefits of at-home blood pressure monitoring will help guide healthcare providers and patients in finding the best ways to manage hypertension and improve the health of millions.




# Pish Pash And Other Foods For The Raj



*Pish pash* is, in fact, a classic example of the symbiotic exchange between the coloniser and the colonised. In the kitchen, each learned from the other, gaining knowledge and techniques that they didn't possess. There are enough records to show that the imperialists counted marh (starch water from cooked rice) and bael (wood-apple) *sherbet* among their go-to remedies and benefited from the medicinal qualities of *chirata* water and *ajwain-infused* water. Likewise, Indians too took a leaf or two out of the imperialists' book. In '*Culinary Culture in Colonial India*,' scholar *Utsa Ray* wrote about the legendary physician Chunilal Bose, who swore by traditional dietary practices, but often advised his ailing patients to consume arrowroot pudding, chicken broth and meat tea. In colonial India, Ray summarised, "The cosmopolitan nature of gastronomic practices was, perhaps, most visible when it came to the matter of medicinal use of new food."


**Priyadarshini Chatterjee**
*Food and Culture writer, based in Kolkata*



In the 19th century, British colonists faced several challenges in India, none as pervasive and insidious as *malaria*. The deadly fever would lay low thousands of civilians and soldiers every year and kill a great many. The imperialists needed an answer to the problem and they found it in *quinine*. Quinine is the active ingredient in the bark of the *cinchona tree*, which had been used by some indigenous peoples in South America to cure fevers. To keep malaria at bay, the British promptly embraced quinine, consuming tonnes of it, every year by the mid-1800s. The hitch was the taste.

Quinine was so bitter that soldiers and officials began mixing the powder with soda and sugar, unwittingly giving birth to 'tonic water.' It turned out that tonic water was not only an excellent prophylactic against malaria but also a natural complement to gin. The two together were so enjoyable, and as a result successful, that it prompted Winston Churchill to once proclaim, "The gin and tonic has saved more Englishmen's lives, and minds, than all the doctors in the Empire."

It was not just malaria, though, that posed a threat to the British. *Death* and *disease* could be anywhere. If by some good fortune malaria did not claim them, plague, cholera, dysentery, enteric fever, hepatitis or the unforgiving sun could. Preserving and protecting the body was a constant challenge but, at the same time, crucial to the success of the colonial project. As historian E.M. Collingham aptly summarised in her study, "The British experience of India was intensely physical." One way, the colonists tried to deal with this challenge, was through food and drinks. "The association between food and the maintenance of health was a concern of Anglo-Indian doctors, dieticians and the British authorities throughout the duration of colonial rule and a wealth of sources and information on the relationship between food and health was publicly available throughout the nineteenth century," writes *Sam Goodman* in '*Unpalatable Truths: Food and Drink as Medicine in Colonial British India*.'


Colonial writings, medical journals and pamphlets of the time offered readers heaps of *sick food options*, ranging from bland gruel made with rice or barley, rice mixed with sweetened milk to chicken broth and quail stuffed with chillies. *The Medical Gazette*, for instance, recommended treating dysentery with a 'low diet,' comprising thin chicken soup, barley water and egg albumen. It held that rice is useful for wheat eaters, while rice eaters would benefit from sago, arrowroot, tapioca, plantain flour and milk. Botanist-physician George Watt too extolled the virtues of *sago*. In '*A Dictionary of the Economic Products of India*' (1893), he wrote that sago is "easily digestible and wholly destitute of irritating properties" and in demand for treating febrile disorders, bowel complaints and convalescence from acute diseases.

For general gastric well-being, European imperialists were strongly advised to reduce their consumption of meat in the Indian heat. For fever, weakness and sundry ailments, beef tea, a nourishing drink made from stewed extract of beef, was considered an ideal remedy. And for cholera, '*The Seamen's New Medical Guide*' (1842) prescribed brandy during the worst of sickness and half-a-tumbler of mulled wine, with toasted bread and castor oil, after the symptoms subsided.



A *cinchona* exploration camp in an Indian forest, 1905/1920.

#FOOD



An Anglo-Indian being washed, dressed and attended to by Indian servants. I Coloured lithograph by J Bouvier, 1842.

### Land and Sea

It was not just the colonists' time on terra firma that was precarious. Their arduous sea voyage to the subcontinent, which lasted several months, could be equally treacherous. Thousands would fall sick on the high seas and many perished. In the early 19th century, *Thomas Williamson*, a captain in the Bengal Service, complained that one of the banes of the long sea journey was acute constipation. "Thus may he prematurely cherish the dangerous seeds of hepatic affections long before his arrival in British India, unless he forewarned of this danger in due time," he wrote in his book, '*The East India Vade-Mecum*.' "The safest remedy for the affliction," he said, "was a proper diet, the kind of food that creates a periodical summons to the water-closet, at least once a day and if practicable, very early in the morning, as that is the hour least liable to interruption of any sort." His advice was to stick with stewed prunes, thin sago or flummery, with spruce or other beer.


Ship masters and pantrymen would stock their vessels with foods, with known medicinal benefits such as sago, arrowroot, lime juice, desiccated milk and condensed milk (the iconic Anglo-Swiss Condensed Milk tins, later known as *Milkmaid*, enjoyed a permanent spot on British ships).

Businessmen, too, recognised the precarity of life abroad and realised that therein lay a perfect commercial opportunity. By the 19th century, numerous companies had cropped up across Europe, including in England, which would sell food in hermetically sealed tin containers. One of these was Messrs Brand & Co., recommended highly in *Culinary Jottings for Madras* by Colonel Robert Kenney-Herbert. Messrs Brand & Co had several offerings for 'invalids,' essence of beef, concentrated beef tea, beef tea jelly, meat lozenges, 'invalid soups,' potted meat, York and game pie, and A.1. sauce to put on 'fish, flesh or fowl.' Another company, John Moir & Sons, focused mostly on canned soups 'for invalids,' selling oxtail, turtle, giblet and hare.

By the late 19th century such was the popularity of canned foods that rare would be the pantry in a colonial home that didn't store them, along with medical provisions like opium, quinine, chlorodyne and Fowler's solution (an arsenic compound). It was expected of every British homemaker in India to stock her kitchen with these provisions and anything else needed to keep her family safe. As Flora Steel and Grace Gardiner wrote in '*The Complete Indian Housekeeper and Cook*,' "A good mistress will remember that the bread-winner requires blood-forming nourishment, and the children, whose constitutions are being built up day-by-day, sickly or healthy, according to the food given them, and bear in mind the fact that in India, especially, half the comfort of life depends on clean, wholesome, digestible food."



An advertisement for the Anglo-Swiss Condensed Milk. Credit: Boston Public Library / Wikimedia Commons.




An advertisement for Hoofland's German tonic water, which claimed to cure dyspepsia, liver complaint, debility, and indigestion. Credit: Library of Congress / Look and Learn.

### Symbiotic Exchange

To assist the British woman in this ostensible duty, there were a number of cookbooks and housekeeping manuals, often written by British women, who had spent time in India, that featured recipes for the sick. '*The Englishwoman in India*,' for instance, published in 1864, under the pseudonym A. Lady Resident, had a whole section with recipes for 'infants and invalids.' These included carrot pap, cooked into a congee with arrowroot, barley broth, fortified with mutton, nutmeg-scented chicken panda (a paste of boiled chicken), and toast water (well-toasted bread, soaked in water). Steel and Gardiner, too, had a few recipe recommendations for convalescents, including champagne jelly (most useful in excessive vomiting) and the dangerous-sounding Cannibal Broth (beef essence), which they said should be consumed with cream or burnt sugar water to treat extreme debility and typhoid. As can be expected, some of these recipes were complex, some not. But in all likelihood, their preparation was handed over by the *memsahibs* to their Indian servants.

One dish, born of this encounter, was the *pish pash*. The pish pash is considered an invention of the colonial cook, who adapted the *kedgeree*, the colonial cousin of *khichdi*, into a light nursery food. The famous *Hobson-Jobson* defined it as 'a slop of rice soup with small pieces of meat,' while *Cassell's Family Magazine* gushed that a 'more excellent dish for children, whether on sea or at home, cannot be conceived.'

Light on the stomach, easy to digest and nutritious, pish pash was meant for children, but it became just as popular as food for the sick. None other than Warren Hastings, the first governor-general of Bengal, gave confirmation of its efficacy, when in 1784, he wrote to his wife from the sick bed, "I eat no supper, go to bed at 10, abstain wholly from wine, and every other liquid but tea and water. If this will not do, I will diet myself on pish pash and bread and water, or live like Cornaro on the daily subsistence of an egg, but I will have health in some way, though, I may forego all the blessings of it." More than two centuries have passed since Hastings penned that letter, but for *Bengalis*, the promise of pish pash hasn't dimmed.


Pish pash is, in fact, a classic example of the symbiotic exchange between the coloniser and the colonised. In the kitchen, each learned from the other, gaining knowledge and techniques that they didn't possess. There are enough records to show that the imperialists counted marh (starch water from cooked rice) and bael (wood-apple) *sherbet* among their go-to remedies and benefited from the medicinal qualities of *chirata* water and *ajwain-infused* water. Likewise, Indians, too, took a leaf or two out of the imperialists' book. In *'Culinary Culture in Colonial India,'* scholar *Utsa Ray* wrote about the legendary physician Chunilal Bose, who swore by traditional dietary practices, but often advised his ailing patients to consume arrowroot pudding, chicken broth and meat tea. In colonial India, Ray summarised, "The cosmopolitan nature of gastronomic practices was, perhaps, most visible when it came to the matter of medicinal use of new food."


*rajeshsharma1049@gmail.com*


#SCIENCE

## 'Miracle' Material Graphene

Consisting of a single layer of carbon atoms arranged in a hexa-gonal pattern, *Graphene* is one of the strongest materials ever made and, for good measure, it is a better conductor of electricity and heat than copper.





Twenty years ago, scientists announced that they had created a new miracle material, that was going to transform our lives. They called it "*graphene*." Consisting of a single layer of carbon atoms, arranged in a hexa-gonal pattern, it is one of the strongest materials ever made and, for good measure, it is a better conductor of electricity and heat than copper.

The prospects for revolutionising technology seemed endless and a new generation of ultra-fast processors and computers was predicted. Reports said that it could allow batteries to charge five times faster, and make concrete 35% stronger.


It was even put forward as the solution to potholes. Just mix it with traditional surfacing material and the curse of modern driving would be eradicated, it was claimed.

The Manchester University scientists, who discovered it, Andre Geim and Konstantin Novoselov, were awarded the Nobel Prize in Physics in 2010 and a *National Graphene Institute* was established at the university.

But the hype over this miracle material has waned significantly. Graphene has yet to trigger an electronics revolution. Potholes are still with us.

So what happened to the graphene revolution? Why has it not transformed our world? Sir Colin Humphreys, professor of Materials Science at Queen Mary University of London, has a straightforward answer, "Graphene is still a very promising material. The problem has been scaling up its production. That is why it has not made the impact that was predicted."

"Graphene was originally made in a rather unusual manner," Humphreys explained. Geim and Novoselov created it by putting sticky tape on lumps of graphite and peeled away the layers until they got one that was the thickness of an atom.



"But it would be just a tiny flake, a few millimetres across," he added. "You cannot make electronic devices with scraps like that. For functioning devices, you have to have at least 6in wafers of material."

So, the graphene revolution was put on hold, although recently, there have been encouraging signs that the technology may soon regain much of its original promise.

Humphreys believes that the market could soon be re-energised. Thanks to breakthroughs in the manufacture of graphene-based devices. A key development in this drive has been made by Humphreys and his colleagues, who realised that the technology used to make gallium nitride electronic components, could be exploited to make graphene on a large scale.

"We used some of the first graphene, we manufactured, this way to make a sensor which can detect magnetic fields," said Humphreys, who has since set up a spin-off company, Paragraf, with his team.

Based in the Cambridgeshire village of Somersham, it has now become one of the first companies in the world to mass-produce graphene-based devices. Two reactors, shaped like pizza ovens, are now producing enough graphene to make 150,000 devices a day.

These are being used by Paragraf in two ways. First, to make sensors that measure magnetic fields. These can be used to detect malfunctioning batteries in e-bikes and e-scooters, preventing fires.


The second type of sensor can differentiate between bacterial and viral infections, showing whether antibiotics would be an appropriate treatment. "We also believe that we could use our biosensors to detect whether or not someone has sepsis, in a few minutes," said Humphreys.

"The fact that graphene devices are likely to consume less energy than current devices is also important," he added.


"The silicon age is coming to an end. We have reached the limit to the number of transistors, that we can cram on a single chip, while the energy they consume is doubling every three years."

And that means if nothing happens, and we continue as we are doing, silicon devices will consume all the world's generation of electricity, which is a huge threat to our net zero aspirations.

"Graphene technology may have arrived later than we had originally hoped, but it has the potential to get around these problems and make a real difference to modern life."




### THE WALL





### BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




### ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# वैश्य समुदाय के लोग राजनैतिक दृष्टि से मेरे हाथ मजबूत करें : भजनलाल शर्मा

## अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के तत्वावधान में वैश्य बंधुओं की बैठक आयोजित

**भरतपुर, (निसं)।** अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के तत्वावधान में स्थानीय होटल पर आयोजित वैश्य बंधुओं की बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि मुझे अभी केवल 90 दिन ही कार्य करने को मिले हैं, जिसमें मैने बहुचर्चित ईआरसीपी योजना, पेपर लीक काण्ड पर एसआईटी जांच तथा कानून व्यवस्था को सुधारने के लिये त्वरित कार्यवाही की है। बैठक में मुख्यमंत्री ने उपस्थित वैश्य समुदाय से कहा कि आप राजनैतिक दृष्टि से मेरे हाथ मजबूत करें।

बैठक में पूर्व विधायक विजय बंसल ने स्वागत भाषण देते हुऐ कहा कि वर्तमान राजनैतिक परिप्रेक्ष्य में आवश्यकता है कि राजस्थान से भारतीय जनता पार्टी सभी सीट शानदार बहुमत से जीते। भरतपुर से भाजपा उम्मीदवार को भारी बहुमत से जीताकर लोकसभा भेजकर मुख्यमंत्री के हाथ मजबूत करें। बैठक में उद्योगपति कृष्ण कुमार अग्रवाल, भाजपा नेता सत्येन्द्र गोयल, जिला



अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के तत्वावधान में वैश्य बन्धुओं की बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का सम्मान किया गया।

अग्रवाल समाज अध्यक्ष अतुल मित्तल, जिला व्यापार महासंघ अध्यक्ष संजीव गुप्ता, महामंत्री नरेन्द्र गोयल, खण्डेलवाल समाज अध्यक्ष रमेश रारह वाले, महावर समाज के अध्यक्ष रविकांत गुप्ता, भाजपा नेता

- **भरतपुर से भाजपा उम्मीदवार को भारी बहुमत से जीताकर लोकसभा में भेजें : पूर्व विधायक विजय बंसल**

गिरधारी गुप्ता, शहर अध्यक्ष सत्यव्रत आर्य, उद्योगपति यश अग्रवाल, जय गोयल, मुकेश सिंघल, संजय चौधरी, सुरेश मेठी, युवा जिला अध्यक्ष मनीष गर्ग, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, सुरेश जैन, शंकरलाल अग्रवाल, राजीव गोपालिया, देवेन्द्र गुप्ता, राकेश जैन, ललित माहेश्वरी, रामकुमार गुप्ता (शहदवाले), मोहन बंसल, सुनील प्रधान, नरेन्द्र सिंघल, भारत भूषण, उमेश सिंघल, दिनेश ठेकेदार, दिनेश पीतलिया, देवेन्द्र चामड, राजकुमार तिलकधारी आदि प्रमुख लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष अनिल लोहिया ने किया तथा आभार प्रर्दशन व प्रतीक चिन्ह बृजेश अग्रवाल ने दिया।

# दरगाह जियारत करने आई चार साल की बच्ची का अपहरण

## पुलिस ने आरोपी को उत्तर प्रदेश में पकड़कर बच्ची को दस्तयाब किया, तीन युवक हिरासत में

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर दरगाह में परिवार सहित जियारत करने आई 4 साल की मासूम के अपहरण का मामला सामने आया है। पुलिस टीम ने सीसीटीवी के आधार पर आरोपी को चिह्नित कर यूपी के रामपुर में दबिश देकर बच्ची को दस्तयाब किया है। साथ ही 3 युवकों को हिरासत में लिया है। टीम बच्ची और दोनों युवकों को लेकर यूपी से अजमेर के लिए रवाना हो गई है।

एसपी देवेंद्र बिश्नोई ने बताया कि शनिवार शाम को पांच बजे के करीब परिवार सहित दरगाह जियारत करने आई 4 साल की मासूम के गायब होने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और एडिशनल एसपी के नेतृत्व में दरगाह थाना प्रभारी और साइबर के साथ मिलकर टीम का गठन

- **जयपुर निवासी एक परिवार गत 12 अप्रैल को दरगाह अजमेर जियारत करने आया था**

किया गया और कार्रवाई के निर्देश दिए थे। टीम को सीसीटीवी बरामद हुआ जिसमें एक आदमी बच्ची को गोद में ले जाता हुआ दिखाई दिया। टीम के द्वारा तुरंत आदमी की पहचान की गई। जिसकी लोकेशन यूपी के रामपुर क्षेत्र में मिली थी। लोकेशन मिलने के बाद टीम को अजमेर से रवाना किया गया। टीम वहां पहुंची और दबिश देकर 4 साल की मासूम को दस्तयाब किया है। इसके साथ 3 युवकों को डिटेन किया गया है। और बच्ची को लेकर पुलिस टीम यूपी से अजमेर के लिए रवाना हो गई है। पुलिस ने मोहम्मद अकील (21), हबीब खान (19) और मोहम्मद आसिफ (27) को पकड़ा है।

एसपी देवेंद्र विश्नोई ने बताया कि जयपुर निवासी अनीश खान की ओर से मुकदमा दर्ज करवाया गया है। उन्होंने बताया कि वह 12 अप्रैल को दरगाह अजमेर जियारत करने आए थे। 13 को करीब सुबह 6:30 बजे दरगाह आए और बाद जियारत करने के बाद ढाई दिन का झोपड़ा देखने गए थे। इसी दौरान उसकी पत्नी और बच्चे भी साथ थे। जब वह ढाई दिन का झोपड़ा देखने गए तो उसकी पुत्री अचानक गायब हो गई। जिसकी तलाश की गई लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। इसके बाद पीड़ित पिता थाने पहुंचा और मुकदमा दर्ज करवाया था।

## दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत

**उदयपुर, (निसं)।** ऋषभदेव थाना क्षेत्र हाइवे पर दो बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई तथा एक युवक घायल हो गया। रविवार सांय ऋषभदेव थाना क्षेत्र कागदर राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर दो बाइकों की भिड़ंत में मसारों की आवेरी निवासी मुकेश (25) पुत्र पाथूलाल मीणा व भाउवा निवासी देवीलाल (24) पुत्र भेरा गंभीर घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया, जहां मुकेश की मौत हो गई। सूचना मिलने पर हेड कांस्टैबल विनोद कुमार ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। मुकेश अपनी बाइक लेकर कानूवाडा से मसरों की ओवरी की तरफ जा रहा था एवं देवीलाल कागदर से भाउवा की तरफ जा रहा था, जहां बीच रास्ते हादसा हो गया।

# स्मैक तस्कर गिरफ्तार, तीन लाख रुपये जब्त

**करौली, (निसं)।** जिले में बढ़ते नशे के कारोबार एवं नशे के सौदागरों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस प्रशासन सक्रियता से कार्य कर रहा है जिसके चलते कोतवाली पुलिस ने एक स्मैक तस्कर कुमेर प्रजापत को 9 ग्राम 76 मिलीग्राम स्मैक, बिक्री की तीन लाख की राशि सहित काम में ली जा रही एक मोटरसाइकिल और इलेक्ट्रॉनिक कांटा सहित गिरफ्तार किया।

पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश और जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में अभियान के तहत कोतवाली थाना अधिकारी सुनील कुमार ने पुलिस टीम के कांस्टेबल सत्येंद्र, राजा, भगवान सिंह एवं सरकारी वाहन चालक गोपाल के साथ स्मैक तस्कर कुमेर पुत्र गणेश प्रजापत निवासी गणेश नगर तीन बढ़ करौली को स्मैक और बिक्री की राशि एक मोटरसाइकिल और एक इलेक्ट्रॉनिक कांटे के साथ गिरफ्तार कर लिया है। थाना अधिकारी ने बताया कि गश्त के दौरान कलेक्ट्रेट सर्किल की तरफ से बस स्टैंड की ओर तेज गति से आ रही एक मोटरसाइकिल से युवक को जाता हुआ देखा जिसके बगल में एक बैग लटका हुआ था जो पुलिस की गाड़ी को देखकर मोटरसाइकिल को गुलाब बाग की तरफ घुमाकर भागने लगा जिसका पीछा करके वाटर बॉक्स ऑफिस पानी की बड़ी टंकी के पास से पकड़ा गया। थाना अधिकारी ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध थाने पर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

# पिता ने 18 माह की पुत्री की हत्या की

## पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** क्षेत्र के थडोली ग्राम पंचायत अंतर्गत गोलपुर गांव में एक गुस्सैल पिता ने अपनी 18 माह की पुत्री की पटक-पटक कर हत्या कर दी। बौंली पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी एवं मासूम का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

बौंली सर्किल इंस्पेक्टर अवतार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के गोलपुर गांव निवासी रेखा रैगर पत्नी बाबूलाल रैगर ने बौंली थाने में मामला दर्ज कर बताया कि मेरा पति गुस्सेल स्वभाव का है। वह 15 अप्रैल सोमवार को सुबह से ही मुझसे झगड़ा व मारपीट कर रहा था। इस वजह से मैं गांव छोड़कर भाग रही थी। इसी दौरान मुझे मेरी 18 माह की पुत्री मीनाक्षी

- **एफएसएल टीम मौके पर पहुंची, साक्ष्य जुटाए**

उर्फ काली को जान से मारने की खबर मिली। इसके बाद मैं घर पहुंची तब तक मेरा पति फरार हो चुका था। सूचना पाकर बौंली अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश यादव, पुलिस उपाधीक्षक अंगद शर्मा, सर्किल इंस्पेक्टर अवतार सिंह मय जाब्ता मौके पर पहुंचे एवं एफएसएल टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाए एवं आरोपी बाबूलाल रैगर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पुलिस ने मासूम का बौंली चिकित्सालय के मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## बस ट्रेलर से टकराई, बस चालक की मौत

**उदयपुर, (निसं)।** टीडी थाना क्षेत्र उदयपुर-अहमदाबाद हाइवे पर अनियंत्रित बस ट्रेलर से जा टकराई। हादसे में घायल बस चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार अलसुबह टीडी थाना क्षेत्र पाटिया के समीप अनियंत्रित बस रोड नीचे उतरने के बाद खड़े ट्रेलर से जा टकराई।

हादसे में बस चालक सोनू पुत्र रामवरणसिंह निवासी अटेर भिण्ड एमपी गंभीर घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया, जहां उसकी मौत हो गई। सोनू मां वैष्णो ट्रावेल्स भीण्डर की बस लेकर अहमदाबाद जा रहा था, जहां बीच रास्ते पाटिया के समीप हादसा हो गया। एएसआई अमरसिंह ने मौके पर पहुंच मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

# प्रियंका गांधी ने अलवर में रोड शो किया

## अलवर शहर लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो

**अलवर, (निसं)।** कांग्रेस पार्टी की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने सोमवार को अलवर शहर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव के समर्थन में शहीद स्मारक कंपनी बाग से रोड नंबर दो भगत सिंह सर्किल तक रोड शो किया।

विजय रथ में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, प्रदेश प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा, विधायक जुबेर खान, मांगीलाल मीणा, शकुंतला रावत, योगेश मिश्रा, कृष्ण मुरारी गंगावत, साफिया खान, संजय यादव, अजय अग्रवाल, इमरान खान, संदीप यादव कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी की अगुवाई कर रहे थे। अलवर लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा के

- **रामगढ़ विधायक एवं कांग्रेस के वरिष्ट नेता जुबेर खान के साथ पुलिस ने हाथापाई कर दी**

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रियंका गांधी का भव्य स्वागत किया। रोड शो के दौरान प्रियंका गांधी खुली जीप (विजय रथ) में सवार होकर जनता का अभिवादन कर रही थी तो कभी हाथ जोड़कर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मत करने की अपील करती दिखाई दी। इधर रामगढ़ विधायक एवं कांग्रेस के वरिष्ट नेता जुबेर खान के साथ पुलिस ने हाथापाई कर दी। इससे कांग्रेस जनों में भारी रोष व्याप्त हो गया।

# डॉक्टर दम्पती से 10 लाख की रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

**सादुलपुर, (निसं)।** कस्बा राजगढ़ में डॉक्टर दम्पती को वाट्सएप कॉल व मैसेज कर 10 लाख रूपये की रंगदारी मांगने तथा नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में सोमवार को राजगढ़ थाना पुलिस एवं एन्टी गैंगेस्टर टोस्ट फोर्स टीम ने आरोपी को अवैध हथियार मय पांच कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया है। रंगदारी मांगने वाला आरोपी डॉक्टर दम्पती का ड्राईवर ही निकला।

जिला पुलिस अधीक्षक चूरू जय यादव आई.पी.एस ने बताया कि 11 अप्रेल डॉ. मनमोहन गुप्ता ने पुलिस थाना में रिपोर्ट देकर मामला दर्ज करवाया था कि 19 मार्च से उसके मोबाइल नम्बर एवं उसकी पत्नी के मोबाइल नम्बर पर अज्ञात व्यक्ति ने वाट्सएप कॉल व मैसेज करके उसे जान से मारने की धमकी देकर अपने आपको रोहित गोदारा व लोरेंस गैंग व सोपू गैंग का सदस्य बता रहा है तथा 10 लाख रूपये की रगंदारी की मांग कर रहा है। रूपये नहीं देने पर मुझे जान से मारने की धमकी दे रहा है। जिस पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर प्रकरण का अनुसंधान सुरेन्द्र कुमार उपनिरीक्षक पुलिस थाना राजगढ़ जिला चूरू द्वारा शुरू किया गया।

पुलिस की अलग-अलग टीम द्वारा तकनीकी सहायता प्राप्त कर आसुचना संकलन कर पीड़ित डाक्टर के पास कॉल करने वाले व्यक्ति की पहचान

- **डॉक्टर दम्पती का ड्राइवर ही निकला रंगदारी मांगने वाला आरोपी**
- **आरोपी के कब्जे से अवैध हथियार मय पांच कारतूस बरामद**

कमल कान्त पुत्र बलवीर जांगिड़ निवासी वार्ड नम्बर 29 रामदेव मन्दिर के पास कस्बा राजगढ़ के रूप में कर आरोपी की तलाश शुरू की गई। जिस मोबाइल नम्बर से वाट्सएप कॉल किया गया था उसकी कैफ आईडी व टावर लॉकेशन का पता कर टीम द्वारा फॉजिलका पंजाब एवं श्री गंगानगर पहुंच सिम कार्डधारक से अनुसंधान किया गया व साक्ष्य संकलन करते हुए आसूचना संकलन की गई तो पता चला कि आरोपी कमल कान्त द्वारा शातिराना अन्दाज में श्री गंगानगर में अनजान वृद्ध व्यक्ति का मोबाईल फोन कॉल करने के बहाने लेकर ओटीपी प्राप्त करते हुए उक्त अनजान वृद्ध व्यक्ति का वाट्सएप अपने मोबाईल में चलाकर उक्त वाट्सअप नम्बर को ही धमकी देने के लिए उपयोग में लिया गया। जिसका खुलासा टीम द्वारा साईबर तकनीकी का उपयोग करते हुए किया जाकर सही आरोपी की पहचान की गई। टीम द्वारा आरोपी कमल कान्त जागिड को कस्बा राजगढ़ में तलाश कर दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया गया।

एसपी जय यादव ने बताया कि आरोपी के कब्जा से एक पिस्टल व पांच कारतूस बरामद किये गये। जिसका अलग से प्रकरण दर्ज किया जाकर अनुसंधान किया जा रहा है तथा आरोपी कमल कान्त से रंगदारी मांगने के मामले में गहनता से पूछताछ की जा रही है।

# श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, 14 महिलाओं सहित 24 घायल

## घायलों को चिकित्सालय लाया गया, एक महिला की हालत गंभीर

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिले के घमूड़वाली थाना क्षेत्र में गांव बींझबायला के पास श्रद्धालुओं से भरी मिनी बस का टायर फटने से बस पलट गई, हादसे में 24 जने घायल हो गए। इन घायलों को जिला मुख्यालय पर राजकीय जिला चिकित्सालय में लाया गया। इसमें एक महिला श्रद्धालु की हालत नाजुक बनी हुई है। उसे परिजन उपचार के लिए निजी चिकित्सालय में ले गए। वहीं, जिला चिकित्सालय में 23 यात्रियों को भर्ती कराया गया है। ज्यादातर श्रद्धालुओं के सिर में चोटें आई है। हादसे के तुरंत बाद बस चालक घटनास्थल से फरार हो गया।

घमूड़वाली थाना प्रभारी पृथ्वीराज ने बताया कि यह बस केसरीसिंहपुर क्षेत्र

- **बस सवार सभी लोग पालीवाला के पास राधास्वामी सत्संग भवन जा रहे थे**

के गांव छोटा मलकानां से करीब छह बजे रवाना हुई। इसमें केसरीसिंहपुर से भी यात्री सवार हुए। जैसे ही यह बस पौने आठ बजे बींझबायला के पास बस के पहुंची तो टायर फटने से बस पलट गई। बस की स्पीड इतनी ज्यादा थी कि बस तीन बार पलटे खा गई। बस में फंसे यात्रियों को राहगीरों की मदद से निकाला गया। बस सवार सभी लोग पालीवाला के पास राधा स्वामी सत्संग भवन जा रहे थे। बताया जाता है कि एक निजी स्कूल ने श्रद्धालुओं के लिए यह बस भिजवाई थी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पीएमओ डॉ. दीपक मोंगा सहित कई चिकित्सक पहुंचे और घायलों के उपचार की व्यवस्था कराई।

घमूड़वाली थानाधिकारी ने बताया कि यह मिनी बस काफी पुरानी और जर्जर थी। यह बस सड़क पर चलने लायक नहीं थी, दो टायर कंडम थे। इस जुगाड़ को ड्राइवर ने हाई स्पीड से चलाई तो दोनों टायर फट गए और रिम से करीब दस फीट तक बस घसीटते हुए चली। कुछ देर बाद यह बस तीन बार पलटी खा गई। बस चालक की तलाश की जा रही है। केसंरीसिंहपुर क्षेत्र के रहने वाले इन घायलों में माया पत्नी छगन, अर्चना पत्नी नवदीप, मोना पत्नी किरणपाल, गुरुदेव पुत्र शेरसिंह, कुज पुत्र नवदीप, लालचंद पुत्र भागसिंह, गीतादेवी पत्नी रामचन्द्र, पलक पुत्री रामचन्द्र, दीक्षा पुत्री राजेन्द्र, सावित्री पत्नी पृथीवराज, मीना भाटिया पत्नी अशोक कुमार, निशानदीप कौर मेनपाल, हनुमान, मनजीत सिंह पुत्र तोता सिंह, छिन्द्रपाल कौर पत्नी जग्गा सिंह, मनजीत कौर पत्नी जोगेन्द्र सिंह, दीवानचंद पुत्र लालेराम, नक्षत्र सिंह पुत्र प्रीतम सिंह, मनीष पुत्र आंनद, अशोक कुमार पुत्र अनिल कुमार, मंजू पत्नी कालू, बलजीत कौर पत्नी नत्थासिंह, रणजीत कौर पत्नी जलंधर सिंह शामिल है। इसमें गंभीर घायल 45 वर्षीय मोना पत्नी किरणपाल की हालत नाजुक होने पर उसे रेफर किया गया है।

## अफीम सहित एक गिरफ्तार

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के सदर थाना इलाके के सुवाणा गांव में स्थित एक मकान पर दबिश देकर पुलिस ने अफीम व एक जिंदा कारतूस जब्त कर मकान मालिक (गृहस्वामी) को गिरफ्तार किया है। सदर थाना पुलिस के अनुसार, आईपीएस (प्रोबेशनर) व सदर थाना प्रभारी उषा यादव को मुखबिर से सूचना मिली कि सुवाणा निवासी बद्रीलाल जाट के घर में अवैध मादक पदार्थ छुपा रखा है। इस सूचना पर यादव मय जाब्ते के सुवाणा पहुंची और बद्रीलाल जाट के बारे में जानकारी कि तो पता चला कि बद्रीलाल जाट अफीम का सेवन करता है एवं विक्रय भी करता है। जाट के घर के बाहर पहुंची आईपीएस को बाहर दो छोटे बच्चे मिले। इन बच्चों से उनका नाम और मकान के बारे में पूछा तो उन्होंने यह मकान उनके पिता बद्रीलाल जाट का बताया। बद्री लाल के बारे में बच्चों ने बताया कि वे बाहर गये हैं। मां लाडदेवी खेत पर गई है। इसके बाद लाडदेवी को खेत से घर बुलाकर लाया गया।

## कॉलेज परीक्षा के दौरान दो नकलची पकड़े

**झुंझुनूं, (निसं)।** श्री राधेश्याम आर मोरारका कॉलेज में चल रही पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी की मुख्य परीक्षा के दौरान दो नकचली पकड़े हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सिंह न्यौला ने बताया कि महाविद्यालय में चल रही परीक्षा के दौरान प्रथम पारी में बीएससी पार्ट तृतीय वर्ष का परीक्षार्थी तीक्षण व द्वितीय पारी में एमए पूर्वार्द्ध अंग्रेजी का परीक्षार्थी अमित को महाविद्यालय की आंतरिक उड़नदस्ता टीम ने नकल करते हुए दबोचा है। उन्होंने बताया कि संबंधित नकलचियों के खिलाफ यूएम केस बनाकर विश्वविद्यालय को भेज दिया गया है।

# सोने के बिस्किट मिलने के मामले में सुपरवाइजर पर लगे आरोप

## जूनागढ़ किले की खाई में सोने के बिस्किट मिले थे

**बीकानेर, (निसं)।** जूनागढ़ किले में सोने के दो बिस्किट मिलने का पता लगा, जिसके बाद बवाल मच गया। इन सिक्कों पर राजतंत्र के समय की मुहर भी लगी है। जूनागढ़ के प्राचीना म्यूजियम के अकाउंटेंट ने मामला दर्ज करवाकर सुपरवाइजर पर आरोप लगाए हैं कि जूनागढ़ का सुपरवाइजर सोने के बिस्किट अपने साथ ले गया।

जानकारी के अनुसार प्राचीन म्यूजियम जूनागढ़ किले के एक हिस्से में संचालित होता है जिसकी संचालक बीकानेर पूर्व की विधायक सिद्धि कुमारी हैं। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बीकानेर के कोटगेट थाने में प्राचीना म्यूजियम के अकाउंटेंट और महाराजा रायसिंह ट्रस्ट के ट्रस्टी संजय शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई जिसमें उन्होंने बताया है कि यह घटना 24 मार्च की है। उस दिन मरम्मत के दौरान जूनागढ़ की खाई से सोने के आरबीएल लिखे बिस्किट मिले, इन्हें रियासलकालीन सोने की मुहर कहा जाता था। इन बिस्किटों पर आरबीपीएल लिखा है। माना जा रहा है कि ये राजघराने के समय की मुहर हैं।

मजदूरों ने ये बिस्किट लाकर म्यूजियम के सुपरवाइजर को दे दिया। एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई है। पुलिस के मुताबिक, मरम्मत के दौरान मिले ये सोने के बिस्किट मजदूरों ने जूनागढ़ के सुपरवाइजर प्रहलाद सिंह को सौंपी थी। सुपरवाइजर ने यह सोना न तो सरकार को सौंपा और न ही इस बारे में ट्रस्ट को सूचना दी। अकाउंटेंट का आरोप है कि सोने के बिस्किट हड़पने की मंशा से उसने ऐसा किया। पुलिस के मुताबिक, फिलहाल कितने सोने के बिस्किट मिले हैं यह स्पष्ट नहीं है।

# बिजौलियां में सेंड स्टोन की निर्धारित से अधिक रॉयल्टी वसूली पर आक्रोश भड़का

**मांडलगढ़, (निस)।** बिजौलिया के ऊपरमाल क्षेत्र में सेंडस्टोन पर 12 अप्रैल से नए ठेकेदार से चैकपोस्ट और नाके लगाकर रॉयल्टी वसूली शुरू कर दी है। रॉयल्टी संग्रहण ठेकेदार द्वारा सरकार की निर्धारित दर से अधिक रॉयल्टी वसूल की जा रही है। इस मामले को लेकर क्षेत्र के पत्थर व्यवसाय वर्ग जिसमें खनन ठेकेदार, पत्थर स्टॉक ठेकेदार, लघु कटिंग मशीन वाले ठेकेदार सभी ने मिलकर विरोध शुरू कर दिया हैं।

आक्रोशित व्यापारियों रॉयल्टी ठेकेदार के खिलाफ मोर्चा खोल कर पूर्वर्ती रॉयल्टी वसूलने की माँग पर अड़े हैं। बिजौलिया तहसीलदार इमरान खान और बिजौलिया खान अभियंता कार्यालय में सोमवार को आक्रोशित सेंड स्टोन व्यापारियों ने ज्ञापन देकर रॉयल्टी संवेदक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन की कॉपी सरकार के मुख्य सचिव, खान सचिव जयपुर और खान निर्देशक उदयपुर और भीलवाड़ा जिला कलेक्टर को भी मेल द्वारा भिजवाई गई है। पत्थर व्यवसाय वर्ग ने आरोप लगाया कि नए रॉयल्टी ठेकेदार द्वारा निर्धारित दर से अधिक अवैध रूप से रॉयल्टी वसूल की जा रही है। रॉयल्टी नाकों पर नियम विरुद्ध काम हो रहा है और रॉयल्टी वसूली कार्मिक गाली-गलौज करते है। कई पर्चियों पर वसूली गई राशि भी नहीं लिखी जाती है। जिसकी प्रति खनि अभियंता कार्यालय बिजौलिया और तहसीलदार विजयलों को भी प्रस्तुत की गई हैं।

खनिज व्यवसाय से जुड़े लोगों का आरोप है कि नए ठेकेदार द्वारा रॉयल्टी नाको रॉयल्टी वसूली रेट लिस्ट का बोर्ड नहीं लगा रखा है और न ही रॉयल्टी कर्मचारीयों के पास खान विभाग द्वारा



खान व्यापारियों ने तहसीलदार और बिजौलिया खान अभियंता कार्यालय में ज्ञापन दिया।

जारी परिचय पत्र है। ओर पुलिस वेरिफिकेशन भी नहीं हैं। ज्ञापन देने में नरोत्तम धाकड़, रमेश धाकड़, राधेश्याम बंजारा, ऊपरमाल सेंडस्टोन एवं डेवलेपमेंट सोसायटी अध्यक्ष अनिल जैन, पारस जैन, महेंद्र जैन, अनिल नागौरी, अर्जुन धाकड़, मांगीलाल धाकड़ ,मुकेश धाकड़ सहित काफी संख्या में पत्थर व्यवसाय वर्ग मौजूद था। खनिज विभाग के सूत्रों से

- **खनिज व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों ने ठेकेदार के खिलाफ मोर्चा खोला**

मिली जानकारी के अनुसार गत वर्ष रॉयल्टी संग्रह का ठेका 43 करोड़ रुपए था और इस वर्ष 53 करोड़ रुपए के लगभग है। वहीं खनिज विभाग द्वारा पट्टी, फर्शी पर 110, मशीन कटिंग स्टोन 240 और खंडा पत्थर पर 35 रुपए प्रति टन रॉयल्टी निर्धारित की हुई है। सबसे बड़ी बात यह है कि कोरोना काल के बाद से सेंडस्टोन व्यवसाय मंदी के दौर से गुजर रहा है, सेंडस्टोन एक्सपोर्ट नहीं हो रहा है, वहीं लोकल मार्केट में भी मंदी चली आ रही है। और ऊपर से अधिक रॉयल्टी वसूली से क्षेत्र के पत्थर व्यापारी काफी परेशान है।

उक्त मामले में खनि कार्यदेशक गिरिराज मीणा का कहना है कि सेंडस्टोन व्यापारियों का ज्ञापन आया है और उच्चाधिकारियों को भेज कर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

बिजौलिया तहसीलदार इमरान खान का कहना है कि जिला कलेक्टर भीलवाड़ा को व्यापारियों की समस्या की स्थिति से अवगत कराया जाएगा। पत्थर व्यवसाय सुनील जैन, सुनील धाकड़, शंकर धाकड़, संजीव जैन, बनवारी लाल शर्मा का कहना है कि अधिक रॉयल्टी वसूली पर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई न होने पर पूरे क्षेत्र में खनन की लोडिंग बंद की जाएगी।

शिवा कार्पोरेशन लिमिटेड ठेकेदार के प्रभारी राजेश का कहना है कि खनिज विभाग से जारी रॉयल्टी दर से नियमानुसार रॉयल्टी ली जा रही है।अधिक रॉयल्टी वसूली के आरोप निराधार हैं।

## संक्षिप्त

### श्री दुर्गा माता मंदिर में विशाल जागरण

**कोटपूतली, (निसं)।** हर वर्ष की भांति कस्बे के पूतली रोड़ स्थित प्राचीन श्री दुर्गा माता मंदिर में नवरात्रों के उपलक्ष्य में सप्तमी को मंदिर के पुजारी पं. योगेश शर्मा के सानिध्य में दुर्गा माता के विशाल जागरण का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्री श्याम शक्ति मंडल कोटपूतली ट्रस्ट के तत्वाधान में गणेश वंदन के बाद गायक कलाकारों द्वारा एक से बढकर एक भजनों की प्रस्तुती दी गई। गायक कलाकारों ने चलो बुलावा आया हैं माता ने बुलाया हैं, लाया थारी चुनरी भक्त स्वीकार करो माँ. आदि अनेक भजनों की प्रस्तुती देकर माता का गुणगान किया। प्रेम पाटौदी ग्रुप द्वारा राम भक्त हनुमान, राधा कृष्ण, शिव पार्वती, दुर्गा माता समेत अनेक सजीव झांकियों का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रमोद कुमार अग्रवाल, घनश्याम अथोनिया, एड. रमाकांत शर्मा, अमित यादव, रणधीर राठौड, आशीष शर्मा, गिरिराज नायक, महेन्द्र सैनी, रमेश जिंदल, दिनेश मित्तल, सन्नी जिंदल, रामबाबू, एड. कृष्ण शर्मा, रामौतार सैनी, रामसिंह चौधरी व रामप्रकाश बंसल सहित सैकडों की संख्या में श्रद्धालू मौजूद थे।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** श्री आदर्श महिला शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान श्रीमाधोपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था निदेशक जितेंद्र शर्मा ने छात्राध्यापिकाओं को लोकतंत्र का अर्थ बताते हुए लोकतंत्र को सशक्त बनाने में मतदान का महत्व समझाया। प्राचार्य डॉक्टर बाबूलाल सैनी ने मतदाता जागरूकता हेतु छात्राध्यापिकाओं को शपथ दिलाई और अधिक से अधिक लोगों को समझाकर मतदान में भागीदारी निभाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रवक्ता बहादुर सिंह महला, अनीता शर्मा, धर्मपाल वर्मा, सतीश तोमर, भागीरथ शर्मा, मुकेश शर्मा आदि सहित समस्त छात्राध्यापिकाओं ने शपथ ली।

### डामर प्लांट में लगी आग

**मालपुरा, (निसं)।** उपखण्ड क्षेत्र के पीमुण गांव के पास लगे डामर प्लांट में सोमवार की दोपहर आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। रिंडलिया ग्राम पंचायत के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ अन्य जगह चल रहे डामर के निर्माण कार्यो के लिये संवेदक द्वारा प्लांट तो लगाया गया लेकिन वहां पर सुरक्षा की दृष्टि से व्यवस्थाऐं नहीं करने का मामला सोमवार को प्लांट पर लगी आग से उजागर हुआ। प्लांट पर अचानक आग लगने व धुंआ का गुब्बार उठने से आसपास के गांवों में दहशत फैल गई। आग की सूचना पर मालपुरा नगरपालिका दमकल के साथ पहुंचे हॉमगार्ड के जवानों ने कडी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा डामर प्लांट पर लगी आग के कारणों की जांच के लिये अधिकारियों को निर्देशित किया। प्लांट पर आग लगने के कारणो का खुलासा नहीं हो सका।

### भाजपाईयों की बैठक आयोजित

**सांभरझील, (निसं)।** भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र डांगरा की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक आहूत की गई। जयपुर ठाामीण संसदीय क्षेत्र से तीसरी दफा भी भाजपा का परचम लहराने के लिए रणनीति तैयार की। नेता पतिपक्ष अनिल गट्टानी ने सभी कार्यकर्ताओं को कहा कि कोई भी कसर बाकी नहीं छोडे, बूथ लेवल तक अपनी तैयारी मजबूत पहले की तरह बनाए रखें। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों ने भी कार्यकर्ताओं में मतदान तक सक्रिय रहनेके लिए जान फूंकी। सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के मापदंड के अनुसार अपनी-अपनी जिम्मेदारी निर्वहन करने के लिए भी जरूरी बातें बताईं। राजेंद्र नारनोली, राजेश परीक , राजेश गुर्जर, सत्यनारायण स्वामी, संतोष सांमरिया, हृदय सुमन परीक, विनोद कुमार, विष्णु सिंघनिया, धर्मेंद्र जोपट, दिव्य राजवीर गुर्जर सहित अनेक ने पुरजोर आवाज में राजेंद्र सिंह की जीत के लिए पार्टी पदाधिकारियों को आश्वस्त किया।

### 12 मरीजों का सम्मान किया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** लायंस क्लब श्रीमाधोपुर द्वारा राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में आयोजित आंखों में मोतियाबिंद एवं लैंश प्रत्यारोपण शिविर में चयनित 12 मरीजों के ऑपरेशन के बाद जयपुर से वापस लौटने पर लायंस क्लब ने उनका हालचाल जाना और स्वागत में सभी को शॉल ओढाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर क्लब के सीताराम सैनी, सागरमल हलवाई, ललित सैनी उपस्थित रहे।

# खुली नालियों में दूषित पानी डालने वालों पर कार्यवाही करें : कलेक्टर

**खैरथल/भिवाडी, (निसं)।** जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने सोमवार को बीडा सभागार में अधिकारियों की बैठक लेते हुए भिवाडी में जल भराव की समस्या से निपटने के लिए किए गए कार्यो की समीक्षा की। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीडा सलोनी खेमका, अतिरिक्त जिला

■ **दूषित जल भराव की समस्या के समाधान को लेकर कार्यों की समीक्षा की**

कलेक्टर अश्विन के पवार, एसडीएम टपूकडा पी सत्यनारायण, क्षेत्रीय अधिकारी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, नगर परिषद भिवाडी, रीको, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर ने बीडा, नगर परिषद भिवाडी, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड एवं रीको द्वारा अभी तक किए गए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों द्वारा अभी तक की गई ड्रेनेज सफाई के बारे में समीक्षा कर सफाई की गुणवत्ता पर



कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बीड़ा सभागार में अधिकारियों की बैठक लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए।

ध्यान देते हुए त्वरित गति से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने रीको को खुले आईसी चैंबर को चिन्हित कर कवर करने के निर्देश भी दिए।

जिला कलेक्टर शुक्ला ने रीको को सीईटीपी प्लांट को पूर्ण रूप से संचालित कर पूर्ण शोधित पानी को औद्योगिक इकाइयों तक पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद द्वारा नांगलिया एवं मिलकपुर गुर्जर गांव में डल रही सीवेज लाइन एवं सीवेज कनेक्शन की समीक्षा कर जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने ड्रेनेज की सफाई का कार्य/ मरम्मत कार्य/ सीवेज लाइन डालते हुए अन्य विभागों की यूटिलिटी को ध्यान में रखते हुए पूर्व में संबंधित विभाग को अवगत कराया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि अन्य किसी समस्या का सामना न करना पडे। सहायक अभियंता नगर परिषद भिवाडी ने बताया कि एसटीपी से शोधित पानी किसानों को भी दिया जा रहा है जिस पर किसानों ने भी पानी की गुणवत्ता को लेकर संतुष्टि जताई।

जिला कलेक्टर ने बीडा द्वारा ड्रेनेज सिस्टम पर बनाई जा रही डीपीआर को जल्द से जल्द पूरा करने की निर्देश दिए साथ ही उन्होंने बीडा द्वारा मुख्य नाले की कराई जा रही सफाई की समीक्षा भी की। उन्होंने नगर परिषद एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की अवैध रूप से टैंकरों द्वारा प्रदूषित पानी को खुली नालियों में डालने वालों पर कार्यवाही करें। उन्होंने आरओ पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड को रीको द्वारा दी गई सूची के अनुसार शेष रही औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण करने एवं पूर्व में कंपनियों को दिए गए नोटिस की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए पुनः निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने बैठक के पश्चात जल भराव की मुख्य जगह नगीना गार्डन भिवाडी मोड, नांगलिया, श्याम वाटिका, सिंटेक्स ओरिएंट का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बीडा द्वारा किए गए ड्रेनेज सफाई कार्य का निरीक्षण भी किया तथा आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए जल भराव की समस्या के मुख्य कारणों को समझते हुए इससे निपटने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## स्टांप विक्रेताओं ने ज्ञापन सौंपा

**मालपुरा, (निसं)।** राज्य सरकार द्वारा हाल ही मे ऐप के माध्यम से स्टाम्प विक्रय करने की अधिसूचना जारी करने की बाध्यता को समाप्त करने की मांग को लेकर स्टाम्प विक्रेता संघ ने सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम व तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। संघ अध्यक्ष कैलाश विजय के नेतृत्व में सौंपे गये ज्ञापन में बताया कि स्टाम्प विक्रय के कार्य में लम्बे समय से वरिष्ठ नागरिक व युवा स्टाम्प वेंडर कार्य कर रहे है तथा अल्प आय से अपना परिवार चला रहे है। पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा निजी कम्पनी से अनुबंध किये जाने के बाद से ही सरकार लगातार ऐप के जरिये स्टाम्प बेचने का दबाव बना रही है। अब सरकार बदलने से स्टाम्प वेंडरों को राहत मिलने की आस लगी थी लेकिन नई सरकार भी यह दबाव बनाया जा रहा है। नवीन वित्त वर्ष के 15 दिन बीतने के बावजूद स्टाम्प वेंडरो को बिक्री रजिस्टर जारी नहीं किया गया है। जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खडा हो गया। जिससे सभी स्टाम्प वेंडरों ने विलम्ब रजिस्टर जारी करने की मांग की।

# जागरूक मतदाता का फर्ज निभा मताधिकार का उपयोग करें : प्रतिष्ठा पिलानिया

**टोंक, (निसं)।** लोकसभा आम चुनाव-2024 एवं मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के मध्यनजर सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर से गांधी खेल मैदान तक मतदाता जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली को सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप प्रतिष्ठा पिलानिया, सहायक प्रभारी अधिकारी ललित कुमार एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी टोंक राहुल सैनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मतदाता जागरूकता साइकिल रैली कार्यक्रम में नोडल अधिकारी स्वीप ने रैली में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यालय एवं रैली में उपस्थित कॉलेज के छात्र-छात्राओं लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि मतदाता अपने मताधिकार का फर्ज निभाते हुए



साइकिल रैली को नोडल अधिकारी प्रतिष्ठा पिलानिया, सहायक प्रभारी अधिकारी ललित कुमार आदि ने हरी झंडी दिखा रवाना किया।

मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। देश के लोकतंत्र ने आपको अपने मताधिकार के प्रयोग करने का अमूल्य उपहार दिया है। सभी मतदाता आगामी 26 अप्रैल को आयोजित होने वाले मतदान के महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश के लोकतंत्र को मजबूत करें। नोडल अधिकारी स्वीप प्रतिष्ठा पिलानिया ने कहा कि देश के मतदाता का एक-एक वोट अमूल्य है। आपके द्वारा मतदान करने से ही सशक्त लोकतंत्र का निर्माण होता है। कार्यक्रम

■ **साइकिल रैली को नोडल अधिकारी स्वीप ने दिखाई हरी झंडी**

के समापन पर प्राचार्य निपुण सक्सेना ने मतदाता शपथ दिलाई।

मतदाता जागरूकता साइकिल रैली में नायब तहसीलदार निर्भय शर्मा, नगर परिषद आयुक्त ममता नागर, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सीताराम गुप्ता, पीआरओ अपूर्व शर्मा, जनसंपर्क कर्मी रिजवान अनीस, सीडीपीओ संगीता दीपक, जिला स्वीप कोऑर्डिनेटर राजूलाल शर्मा, स्वीप सदस्य शैलेंद्र शर्मा, रघु शर्मा, एडीईओ हीरालाल जाट, कोठी नातमाम विद्यालय के उप प्रधानाचार्य शाहीन अफरोज समेत अन्य मौजूद रहे।

# जल संकट गहराने से नाराज मोहल्लेवासियों ने किया प्रदर्शन

**मनोहरपुर, (निसं)।** तोपचिवाडा मोहल्ले में कई सालों से पानी की किल्लत होने से नाराज मोहल्ले वासियों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

तोपचिवाडा मोहल्ले में पानी की काफी समय से गंभीर समस्या बनी हुई है। जिससे वहा के लोगों में रोष व्याप्त है। इस दौरान महिलाओं ने बताया की पानी किल्लत की समस्या को लेकर पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल, विधायक

■ **विधायक व अधिकारियों को कई बार बताने के बाद भी नहीं हुआ समस्या का समाधान**

मनीष यादव, भाजपा नेता उपेन यादव, मुख्यमंत्री पोर्टल, जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता को अवगत करवा चुके हैं मगर सुनने वाला कोई नहीं है।

मौहल्लेवासियों ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत जो पाईप लाईन् डाली गई उसमे कुछ दिनों खारा पानी आने लगा था इसको लेकर पूर्व



तोपचिवाड़ा मोहल्ले में कई सालों से पानी की किल्लत होने से नाराज मोहल्ले वासियों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

विधायक आलोक बेनीवाल को मीठे पानी की लाइन बदलवाने की बात कही थी जिस पर मोहल्ले वासियों को विधायक की और से आश्वासन ही मिला लेकिन कोई काम नहीं बन पाया। महिलाओं ने बताया की पाइप लाइन से कई लोगों द्वारा अवैध कनेक्शन कर रखे हैं जिससे भी पानी की सही से पूर्ति नहीं हो पाती है। उन्होंने बताया की कई साल से पानी की काफी समस्या होने से नाराज मोहल्ले वासियों का गुस्सा फूट पडा और उन्होंने एकजुट होकर मतदान करने से इंकार कर दिया। साथ ही साथ चेतावनी भी दी की पानी की समस्या का समाधान नहीं किया तो कार्यालय में जाकर उठा आंदोलन करेंगे। मौहल्लेवासियों का कहना है कि जलदाय विभाग द्वारा पानी की गंभीर समस्या को लेकर पूर्व ही ज्ञापन सौंपकर अवगत करवाया गया था। जिसको लेकर अभी तक न तो जलदाय विभाग और न ही विधायक की ओर से कोई समाधान किया गया। बल्कि आश्वासन पर आश्वासन दिया जा रहा है। उनका यह भी कहना है कि पानी की समस्या होने से इंसान के साथ साथ जीव जंतु भी काफी परेशान हो रहे हैं। ऐसे में पानी की पूर्ति के लिए निजी पैसों से पानी का टैंकर डलवाने को मजबूर हो रहे हैं।

# देवली में उपभोक्ताओं को बैंक से राशि निकलवाने के लिए भटकना पड़ रहा है

**देवली, (निसं)।** शहर में संचालित बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में कम पूंजी की निकासी के लिए खाता धारकों को ईमित्र से खाते में रखा पैसा प्राप्त करने के लिए भटकाया जा रहा है।

उल्लेख है कि शहर के गुरुद्वारा रोड पर स्थित बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक प्रबंधन की मनमानी इस कदर बढ़ गई है कि उपभोक्ता को मात्र दो हजार की रकम केस काउंटर से नहीं दी गई। इसके लिए खाता धारक को भीषण गर्मी के बीच बैंक के बी सी एजेंट के पास जाना पड़ा वहां पर भी उपभोक्ता को बैंक खाते में जमा राशि निकालकर नहीं दी गई। बैंक ने अपने छोटे उपभोक्ताओं को दस हजार से कम की रकम बैंक के केश काउंटर से निकालकर देना बंद कर दिया है साथ ही गरीब उपभोक्ता से कहा जाता है कि वह बैंक द्वारा नियुक्त (बी सी) ई मित्र पर जाकर खाते में जमा पैसा प्राप्त करें। बैंक प्रबंधक की इस मनमानी व्यवस्था से गरीब एवं

■ **छोटे धारक बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और बीसी एजेंट की मनमानी के फेर में हो रहे परेशान**

छोटे उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। वही पूंजीपति उपभोक्ता बैंक में आराम से बैठ कर अपने धन की निकासी कर रहे हैं। छोटे उपभोक्ताओं का मानना है कि बैंक अपने बी सी एजेंटों को कमीशन का लाभ पहुचाने के लिये यह व्यवस्था बनाई है जिसके कारण उपभोक्ताओ को धक्के खाने पर मजबूर किया जा रहा है। इस संबंध में अनुराग चतुर्वेदी, बैंक प्रबंधक, बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, देवली टोंक का कहना है कि कौन परेशान हो रहे हैं और क्यों परेशान हो रहे हैं। 10, हजार का भुगतान तो ई-मित्र निकाल कर देता है। इसमें मुझे समझाने की जरुरत नहीं है।

# अधूरी सड़क को पूरी होने का इंतजार, चुनावों का बहिष्कार करने की चेतावनी

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में पावटा से कुनेड 2.5 करोड की की लागत से 2 किमी. लंबी व 30 फुट चौडी अधूरी सडक को निर्माण कार्य पूरे होने का इंतजार है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार भी बन गई लेकिन इस अधूरी पडी सडक की आज तक किसी ने भी कोई सुध नहीं ली।

पूरी सडक में गड्ढे पड जाने व कंकर बिखरे होने से क्षेत्रीय लोग हादसे के साये में सफर करने को मजबूर है। करीब दो किमी की जर्जर सड़क की कई वर्षों से चली आ रही निर्माण की मांग को जब पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर द्वारा पूरा करते हुए इसका शिलान्यास भी किया गया था लेकिन ठेकेदार ने अपनी मनमानी व लापरवाही करते हुए विधानसभा



अधूरी सड़क के कारण धूल का गुबार उड़ता है जो लोगों की सेहत पर बुरा प्रभाव डाल रहा है।

चुनावों को देखते हुए सड़क का निर्माण कार्य दो महिने देरी से शुरू किया व बाद में आचार संहिता का हवाला देकर निर्माण कार्य को बीच में ही बंद कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि सडक जस की तस टूटी पड़ी है व सडक पर गड्ढों और जलभराव एवं बिखरे कंकरों के चलते आवागमन में परेशानी हो रही है। हालात ये है कि सडक में केवल पत्थर रोडे ही दिखाई देते हैं। मोटरसाइकिल, जीप, ट्रैक्टर चालकों को सफर के दौरान यही चिंता रहती है कि कब टायर पंचर हो जाए और सफर बीच में ही रुक जाए। इतना ही नहीं हालात ऐसे हैं कि कभी भी हादसा हो सकता है। दोपहिया वाहन चालक गिट्टी के कारण फिसल रहे हैं। वहीं अधूरी सडक के कारण धूल का गुबार उडता है जो लोगों की सेहत पर बुरा प्रभाव डाल रहा है। इस समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने बताया कि इस समस्या के कारण लोग बहुत परेशान हैं। जन प्रतिनिधियों को अवगत करवाने के बाद भी कोई समाधान नहीं हो रहा है। गर्मी शुरू होने के साथ ही इस मार्ग पर चलना अब और दूभर हो रहा है। स्थानीय लोग कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान करने के लिए प्रशासन कोई कदम नहीं उठा रहा है।

## सार-समाचार

### कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा ने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया



**मालपुरा, (निसं)।** कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा ने मालपुरा में अपने चुनाव कार्यालय का उदघाटन किया। उदघाटन समारोह में मौजूद कांग्रेसजनों को सम्बोधित करते हुये हरीश मीणा ने भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनापुरिया पर जमकर निशाना साधा। मीणा ने कहा कि भाजपा ने पैंसो के दम पर आपराधी पृष्ठभूमि के बाहरी व्यक्ति को टोंक सवाईमाधोपुर से अपना प्रत्याशी बनाया है। बाईस लाख मतदाताओं की भावनाओं से खिलवाड कर पैंसों के दम पर टिकट हासिल करने वाले जोनापुरिया को इस बार लोकसभा क्षेत्र का मतदाता अपने वोट की ताकत से करारा देने का मानस बना चुका है। रविवार को नासीरदा में आयोजित एक नुक्कड सभा में जनता ने जोनापुरिया का खुलकर विरोध करते हुये सभा में हिसाब मांगा। जिसका उनसे कोई जवाब नही लगा। मीणा ने कहा कि जोनपुरिया ने मेरी हत्या करने व बजरी माफिया होने की मंच से बयानबाजी की है। जो कि उनकी संकीर्ण मानसिकता व इस बार बोखलाहट का प्रमाण है। भाजपा प्रत्याशी जोनापुरिया एक आपराधिक पृष्ठ भूमि का व्यक्ति है। जिसे दिल्ली व हरियाणा की पुलिस ढूंढ रही है। मीणा ने कहा कि यदि जोनापुरिया मुझे मरवा भी देगा तो मैं उपर जाकर भी ईश्वर से यही कामना करूंगा की उन्हे सदबुद्धि दे। इस अवसर पर कांग्रेस नेता घासीलाल कुहाडा ने कहा कि जनता ने अबकि बार 400 पार भाजपा के नारे को बदलने व जोनापुरिया को लोकसभा से बाहर भेजने का मानस बना लिया है। मालपुरा विधानसभा में कांग्रेस पार्टी में नेता तो अनेक है लेकिन कार्यकर्ता कम है यही कारण है कांग्रेस की हार का। घासीलाल ने कहा कि पार्टी क पदाधिकारी कार्यकर्ता बनकर जमीनी स्तर पर मेहनत करे इस बार कांग्रेस की हार को जीत मे बदलने से कोई नही रोक सकता। जनता ने मोदी के नाम की माला जपना व मंदिर-मस्जिद सहित सनातन धर्म के जुम्लो मे आकर वोट देने के बजाय इस बार स्थानीय व कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष मे खुलकर मतदान करेगें। स्वंय भाजपाई भी नही चाहते की जोनापुरिया जैसा हरियाणा का व्यापारी तीसरी बार यहां से जीते। रविवार की देर रात्री को मालपुरा पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी का मुस्लिम समाज की और से स्वागत सम्मान कर जीत की दुआ मांगी। मीणा ने सोमवार को आधा दर्जन से अधिक गांवों में नुक्कड सभाऐं की।

### हनुमानजी की मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**निवाई, (निसं)।** भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर में सोमवार को अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा तहसील सभा निवाई एवं विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में वैदिक मंत्रोचारण के साथ हनुमानजी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई। जिसमें जांगिड समाज के लोगों की भीड उमड पडी। अध्यक्ष महेंद्र जांगिड बासडा ने बताया कि पंडितों ने वैदिक मंत्रोचार के साथ हवनकुण्ड में आहुतियां दिलवाई। इससे पूर्व सोमवार को हनुमानजी की मूर्ति का बैंड बाजे के साथ नगर भ्रमण करवाकर मूर्ति की स्थापना की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बद्रीलाल जांगिड, तहसील अध्यक्ष नारायणलाल जांगिड, विकास समिति अध्यक्ष रामेश्वर जैतपुर, मंदिर अध्यक्ष सुरेश जांगिड, युवा प्रकोष्ठ तहसील अध्यक्ष एवं सम्मेलन महामंत्री मनोज जांगिड, कैलाशनारायण जांगिड, बनवारी जांगिड, राजेश जांगिड, शंकर जांगिड, रमेश जांगिड, मुकेश जांगिड, घनश्याम जांगिड, किशन जांगिड, मनीष जांगिड बहकवा, शिवजी जांगिड, राम जांगिड, कैलाश जांगिड, विष्णु जांगिड व कालू सहित समाज के सैकडो लोग मौजूद थे।



### सतीश पूनियां ने आमेर में बूथ कार्यकर्ताओं से किया संवाद

**जयपुर, (निसं)।** भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने जयपुर ग्रामीण लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी राव राजेंद्र सिंह के समर्थन में आमेर विधानसभा क्षेत्र में बूथ एवं मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कर भाजपा को जिताने का आव्हान किया। सतीश पूनियां ने आमेर में रामपुरा मंडल, जालसू मंडल, अचरोल मंडल, मानपुरा मंडल और आमेर शहर मंडल के बूथ कार्यकर्ताओं से संवाद कर जन-जन तक पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी राव राजेंद्र सिंह को भारी मतों से विजय बनाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान से लेकर पूरे देश में भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लहर है, जिससे 'अबकी बार 400 पार' सीटों का भाजपा-एनडीए का संकल्प पूरा होगा।

### नृसिंह भगवान की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम खड़ब की पहाडी पर स्थित किले के अंदर सोमवार को नृसिंह भगवान की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की गई। आचार्य चिरंजीलाल शर्मा, गोविन्द शर्मा ने विधिवत् पूजा अर्चना कर भगवान नृसिंह की मूर्ति प्रतिष्ठा कर हवन की वेद मंत्रों के बीच पूर्णाहूति करवाई। शंकर दास महाराज के द्वारा संजय शर्मा को मन्दिर का पुजारी नियुक्त किया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की।

# मतदाताओं को मतदान के प्रति किया जा रहा जागरूक

**कोटपूतली, (निसं)।** लोकसभा चुनाव को लेकर स्वीप कार्यक्रम गतिविधियों के अन्तर्गत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में सतरंगी सप्ताह के तहत पीला कलर थीम की रंगोली बनाई गई। मताधिकार का प्रयोग-करेंगे वोट, यूथ चला बूथ स्लोगन को लेकर बैंड बाजा कार्यक्रम, वोट बारात, यूथ वोटर्स का आयोजन किया गया। वोटर को बूथ पर सुविधा की जानकारी दी गई। मतदाता मार्गदर्शिका, सी विजील एप, सक्षम एप, वोटर हेल्पलाईन की जानकारी दी गई। नारा लेखन व मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई व रंगोली बनाई गई।

ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामीण लोगों को डोर टू डोर व चौपाल पर जाकर समझाया गया। शत् प्रतिशत मतदान करने पर जोर दिया गया एवं वोट के महत्व को समझाया गया। इस मौके पर बीडीओ राजकुमार बायला, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट, सीबी ओ भागीरथ मीणा, रूपेंद्र कुमार आर्य, स्वीप प्रभारी शेरसिंह कटारिया, आत्माराम, सुभाष रावत, सुभाष पारीक, जयसिंह यादव, जीतू आर्य, दौलत सिंह, संदीप जांगिड़, पुष्करमल रावत, श्रीराम लहकरा, आशीष यादव, दीनाराम गुर्जर, दीपकराज बायला, महेंद्र दर्जी सहित स्टॉफ उपस्थित रहा।

वहीं इस मौके पर कस्बे के मुख्य मार्गो से मतदाता जागरूकता रैली

■ **नारा लेखन व मतदाता जागरूकता रैली निकाली**

निकाली गई। प्रधानाचार्य मनोरमा यादव, सुमित्रा, रामावतार गुर्जर, हंसराज यादव, भीमसिंह गुर्जर ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई नगर पालिका तिराहा, जीण माता मंदिर से होती हुई सरदार विद्यालय पहुंची। सरदार स्कूल के एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवक व स्काउट्स सहित यूसीईइओ क्षेत्र के समस्त स्टॉफ व विद्यार्थियों ने रैली में जोश व उत्साह के 'साथ हम भी नाचेंगे, गायेंगे, वोट डालने जाएंगे', 'अंगुली पर निशान, राष्ट्र के नाम,' 'पहले मतदान, फिर जलपान,' आदि नारों का उदघोष करते हुए वोट डालने हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान उपेंद्र कुमार आर्य, प्रधानाचार्य सुमित्रा, उपप्राचार्य हंसराज यादव, दौलत सिंह, रामावतार गुर्जर, राजकुमार सैनी, विजय कुमार सैनी, मुकेश कुमार जाट, जगदीश प्रसाद माली, रघुराज सिंह शेखावत, विपिन कुमार शर्मा, दलीप सिंह, सुमन कुमारी, सुरेन्द्र कुमार सैनी, यशस्वी, संदीप कुमार जांगिड़ सहित अनेक विद्यार्थी व अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# ‘भगवान राम को सब नैतिकता के आधार पर पूजते हैं पर कुछ लोग सत्ता के लिए पूजते हैं’

## प्रियंका गांधी ने दौसा में कांग्रेस प्रत्याशी मुरारी लाल मीणा के न्याय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए कहा

दौसा, 15 अप्रेल (निसं)। जिले के बांदीकुई नगर में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने न्याय संकल्प रैली को संबोधित किया। दौसा से कांग्रेस प्रत्याशी मुरारी लाल मीणा के समर्थन में आयोजित जनसभा में पूर्व डिप्टी सी.एम. सचिन पायलट, पूर्व मंत्री ममता भूपेश, कांग्रेस प्रत्याशी मुरारी लाल मीणा सहित कांग्रेस के अनेक नेता मौजूद थे। सभा में प्रियंका गांधी को पीली लुगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया और आभानेरी की चांद बावड़ी की तस्वीर भी भेंट की गई।

- प्रियंका गांधी ने भाषण की शुरुआत में सभी का राम-राम सा कहकर अभिवादन किया और मेहंदीपुर बालाजी का जयकारा भी लगाया। सभा में सचिन पायलट भी शामिल हुए और आमजन में उनके प्रति भारी उत्साह देखा गया।
- मुरारी लाल मीणा व स्थानीय कार्यकर्ताओं ने प्रियंका गांधी को आभानेर की चांद बावड़ी की तस्वीर भेंट की और महिलाओं ने पीली लूगड़ी ओढ़ाकर स्वागत किया।
- प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा नेता विकास की बात नहीं करते बस धर्म और मांस मछली की बात करते हैं।

चुनावी सभा में भाजपा पर पूरी तरह हमला बोलते हुए प्रियंका ने कहा कि, पूरे देश में नेगेटिव माहौल बन चुका है और देश की जनता अब बदलाव का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा, भाजपा के नेता धर्म और मांस-मछली की बात करते हैं, विकास की बात नहीं करते। जनता को जागरूक होना होगा क्योंकि आने वाले चुनाव आगामी 5 साल का भविष्य तय करेंगे। प्रियंका गाँधी ने कहा कि, भगवान राम को सब नैतिकता के आधार पर पूजते हैं लेकिन कुछ लोग सत्ता के लिए पूजते हैं। उन्होंने कहा, भाजपा ने सरकारों को तोड़ने के लिए 100-100 करोड़ रुपए खर्च किए, ऐसे में उनकी नैतिकता कहां चली गई। वैक्सीन निर्माता कंपनियों और गुजरात में जो पुल गिरा था उस ठेकेदार से चुनावी चंदा लिया है और जनता को केवल 5 किलो का अनाज का थैला दिया है।

उन्होंने कहा, जनता की संपत्तियों को उद्योगपतियों को सौंपा जा रहा है, अब देश की जनता इसको सहन नहीं करेगी। नोटबंदी करके काला धन वापस लाने का भरोसा दिया था और देश हित में जनता ने भी सरकार का साथ दिया था, लेकिन, अब 8 साल बाद काले धन की सूची चुनावी चंदे के रूप में आई है।

प्रियंका गांधी ने कहा कि, कांग्रेस पार्टी आई तो नौकरियों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा, पूरे देश में 25 लाख रुपए तक की हैल्थ बीमा की योजना लाई जाएगी, फसल नुकसान होने पर 30 दिवस के भीतर किसानों को नुकसान की भरपाई के लिए कानून लाया जाएगा, भूमिहीनों को जमीन वितरित की जाएगी, पेपर लीक पर कठोर कानून बनाया जाएगा, अग्निवीर को खत्म किया जाएगा और एम.एस.पी. पर कानून लाया जाएगा।

प्रियंका गांधी ने अपने उद्बोधन की शुरुआत "राम राम सा" से की और मेहंदीपुर बालाजी की जय भी बोली। सभा के दौरान सचिन पायलट पूरी तरह छाए रहे।



*कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने दौसा में कांग्रेस उम्मीदवार मुरारी लाल मीणा के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस सभा में पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट व पूर्व मंत्री ममता भूपेश सहित कई कांग्रेसी नेता मौजूद थे। सभा शुरु होने से पहले प्रियंका गांधी को पीली लूगड़ी ओढ़ाकर उनका स्वागत किया गया।*

## इज़राइल-इरान युद्ध का किसानों को नुकसान

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 अप्रैल। वैश्विक गैस बाजार की स्थिति बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगी कि अगले कुछ सप्ताहों और महिनों में ईरान-इज़राइल के संकट की क्या परिस्थिति रहती है।

मध्य पूर्व में उत्पन्न संकट के चलते प्राकृतिक गैस की पूर्ति पर प्रश्न खड़ा हो गया है खासतौर से निकट भविष्य में यूरोप व एशिया की आपूर्ति पर।

- सूत्रों का कहना है कि, इससे भारत को होने वाली प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बाधित हो सकती है, जिससे खाद महंगी हो सकती है।

ईरान-इज़राइल के संघर्ष से मध्य पूर्व में खतरा और गहरा गया है इसके चलते एल.एन.जी. की बाब-एल-मनड्रेब स्ट्रैट व स्ट्रैट ऑफ होर्मुज से होने वाली आपूर्ति के लिए खतरा और बढ़ गया है।

ईरान-इराक का संकट भारत के लिए भी मुश्किल स्थिति का रहेगा, इसकी वजह शहरी गैस व उद्योगों में उपयोग होने वाली गैस और खासतौर से राजनीतिक रूप से संवेदनशील उत्पाद जैसे फर्टिलाइजर में उपयोग होने वाला अमोनिया तेज गति से बढ़ रहा है।

# ‘जब खुद की बारी आई तो कहानी ही बदल गई’

नई दिल्ली, 15 अप्रेल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर गहरा तंज कसा है। उन्होंने कहा कि हम जो कहते हैं, वही करते हैं। हमारी बातों में विरोधाभास कम है। उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन साफ तौर पर इशारा करते हुए कहा कि आजकल एक नेताजी के वीडियो घूम रहे हैं। उन्हें देखकर लोग सवाल कर रहे हैं कि आखिर कैसे हमें पागल बनाया गया। कुछ कहा गया और किया कुछ और गया। दरअसल अरविंद केजरीवाल के कई वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिनमें से एक में तो वह कहते हैं कि यदि किसी नेता पर आरोप लगते हैं तो उसे पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। माना जा रहा है कि ऐसे ही वीडियोज का जिक्र पीएम मोदी ने किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल गांधी पर भी तंज कसते हुए कहा कि एक नेताजी कहते हैं कि मैं एक झटके में गरीबी दूर कर दूंगा। यह कैसी बात है। दशकों तक वे सत्ता में रहे हैं और आखिर तब क्या कर रहे थे। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर निर्माण को राजनीति से जोड़ने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के दलों के लिए राजनीतिक मुद्दा था। अब मंदिर बन गया है तो उनके लिए मुद्दा भी खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि जब रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी तो मेरे लिए यह कोई इवेंट नहीं बल्कि भावनात्मक पल था। इस दौरान मेरे मस्तिष्क में 500 सालों का संघर्ष और सैकड़ों लोगों की कुर्बानी चल रही थी। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान देश भर में अपने दौरों और अलग-अलग परंपरागत परिधान पहनने पर सवाल उठाने वालों को भी घेरा। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों में इतनी नफरत भर गई है कि हर चीज पर सवाल उठाते हैं। मैं पूर्वोत्तर के मणिपुर में जाता हूं तो लोग परंपराग वेशभूषा प्रदान करते हैं और मैं सम्मान के साथ पहन लेता हूं।

## ‘इलैक्टोरल...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

खर्च किया जाता है, इस तथ्य से कोई इन्कार नहीं कर सकता है। मेरी पार्टी भी इसे खर्च करती है, सभी पार्टियाँ, चुनावी उम्मीदवार पर व्यय करते हैं जिसे वे जनता से प्राप्त करते है। मैंने सोचा कि हम (यदि) कुछ प्रयास करते हैं कि हमारे चुनाव इस काले धन से कैसे मुक्त हो और किस प्रकार पारदर्शिता हो? मेरे मन में एक शुद्ध विचार था। हम रास्ता तलाश रहे थे। हमें एक छोटा-सा तरीका मिला, हमने कभी यह दावा नहीं किया कि यही एकमात्र सही तरीका था।" प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से कहा कि उन्होंने यह कभी नहीं कहा कि जो निर्णय लिया गया था उसमें कमियां नहीं हो सकती और उन्होंने विपक्षी दलों पर भी आरोप लगाया कि वे "इलैक्टोरल बॉण्ड्स स्कीम" पर झूठा प्रचार कर रही हैं।

## ‘500 साल बाद...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गुलाबी नगरी जयपुर के परकोटे में करीब एक घंटे रोड शो कर तीन विधानसभा सीटों पर असर डालने की कोशिश की। रोड शो में चारदीवारी की हवामहल, किशनपोल और आदर्श नगर सीटों को कवर किया गया। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव में भाजपा किशनपोल व आदर्श नगर सीट हार गई थई और हवामहल मामूली अंतर से जीती थी। लोकसभा चुनाव में भाजपा इन क्षेत्रों से बढ़त प्राप्त करना चाहती है। अमित शाह ने कहा कि राजस्थान के हम 25 की 25 सीटें जीतेंगे। दो -तीन सीटों पर फाइट होने के बारे में शाह ने कहा कि हर बार ऐसा ही लगता है पर डब्बा खुलता है तो मोदी ही जीतता है।

## अब सुप्रीम कोर्ट ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जज रघुवेन्द्र सिंह राठौड़ ने भी पत्र पर हस्ताक्षर किए थे। पूर्व जजों ने अपने पत्र में कहा कि, "इन समूहों द्वारा अपनायी गयी रणनीति बहुत चिंताजनक है, न्यायापालिका की सच्चाई को दागदार करने के लिए, ये लोग निराधार सिद्धांतों के प्रचार से लेकर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रयासों से न्यायिक निर्णयों को अपने पक्ष में करने का प्रयत्न कर रहे हैं। "पत्र में आगे था", इस तरह के अभियान न केवल न्यायपालिका की पवित्रता का अपमान करते हैं बल्कि जजों, जो कि कानून के संरक्षक हैं, के सच्चाई और निष्पक्षता के सिद्धांतों, जिसको निभाने की उन्होंने शपथ ली थी, को सीधी चुनौती प्रदान करते हैं। मार्च के महीनों में, 600 वकीलों ने, जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और बार काउन्सिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा शामिल थे, ने भारत के मुख्य न्यायाधीश को दिए गए एक औपचारिक संदेश में, "कुछ विशेष समूहों" के न्यायपालिका पर लांछन लगाने के प्रयासों पर चिंता व्यक्त की थी।

## राष्ट्रपति जो बाइडन...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हमले में इज़रायल के किबुत्ज़ और अंदरूनी बस्तियों में मारे गये इज़रायलियों की कुल संख्या के हिसाब से देखा जाए तो ईरान के हमले के पलटवार में होने वाला इज़रायली हमला मध्य-पूर्व के देशों का पूरा संतुलन बिगाड़ सकता है।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने इज़रायल से अनुरोध किया है कि वह इस हमले का जवाब ना दे, लेकिन बाइडन के इस अनुरोध पर अमेरिका के राजनीति हलकों में उबाल आ गया है, खासतौर पर रिपब्लिकन्स में। यह मुद्दा राष्ट्रपति चुनाव प्रचार में भी अपना असर दिखा सकता है।

- इन अमेरिकी विशेषज्ञों के अनुसार, इज़रायल को भारी जवाबी कार्यवाही करके, ईरान के "न्यूक्लियर हथियार विकसित" करने वाले "लैब्स" व अन्य सुविधाओं को ध्वस्त कर देना चाहिए।
- ईरान के पड़ोसी देश की भी मूक सहमति है, इज़रायली की ध्वंसात्मक जवाबी कार्यवाही के लिये, क्योंकि, अपने "न्यूलियर बम" के जोर पर, ईरान ने स्थानीय दादा का रोल अपना लिया था।

अमेरिका के पूर्व रक्षा सचिव जॉन बोल्टन ने बाइडन की प्रतिक्रिया को देश के लिए शर्मिंदगी करार दिया है। बोल्टन ने कहा कि "इज़रायल यदि पिछली बार मिसाइलों को रोकने में भाग्यशाली रहा हो तो हो सकता है अगली बार ऐसा ना कर पाए। अगली बार उनमें परमाणु हथियार भी हो सकते हैं।"

अमेरिका के सुरक्षा विशेषज्ञ इज़रायल से यह अनुरोध कर रहे हैं कि इज़रायल को यह अवसर नहीं चूकना चाहिए और ईरान की सभी परमाणु हथियार फैसीलिटीज़ को ध्वस्त कर देना चाहिए। ईरान स्वयं को परमाणु हथियार सम्पन्न देश बनाने को लेकर गंभीर रूप से काम करता रहा है।

इसमें बहुत कम संशय है कि इज़रायल इस अवसर का लाभ उठाकर ईरान की अहम रक्षा हथियारों को नष्ट करेगा क्योंकि इज़रायल के प्रधानमंत्री बैंजामिन नेतान्याहू की इन हमलों के प्रति कोई आक्रामक प्रतिक्रिया नहीं रही। कई क्षेत्रीय शक्तियाँ भी इस बार कम टकराव की पुरजोर कोशिश कर रही हैं।

ईरान भी शांति की मुद्रा में प्रतीत होता है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के प्रतिनिधि ने कहा है कि "अब जबकि ईरान प्रत्युत्तर दे चुका है तो इस मुद्दे को निस्तारित समझा जाना चाहिए।" हालांकि, ऐसा होने की उम्मीद बहुत कम है।

यह झड़प जिस दिशा में जा रही है, उसे लेकर मध्य-पूर्व की कुछ ताकतें बेहद चिंतित है और वे यह भी चाहेंगी कि ईरान की न्यूक्लियर फैसीलिटीज़ समाप्त हो जाए, क्योंकि वह एक क्षेत्रीय गुण्डा बनकर उभरा है। इसके साथ ही ये ताकतें फिलीस्तीन के मुद्दे को लेकर दुविधा में भी हैं।

## सिब्बल ...

गांधी की जब भी वो विदेश में होते हैं। इस पुस्तक का विमोचन पिछले सप्ताह वीडियो कॉन्फैंसिंग के माध्यम से किया गया था।

# ‘लोकसभा चुनाव के लिए हमारे पास दस साल का रिपोर्ट कार्ड व दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व है’

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने क्लार्क्स आमेर होटल में प्रैस वार्ता में भाजपा के घोषणा पत्र को गारंटी पूरी होने की गारंटी भी बताया

जयपुर, 15 अप्रैल। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर के होटल क्लार्क्स आमेर में एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि, भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभों, युवा, नारी, गरीब व किसान को सशक्त करने वाला है। राजस्थान, प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी के साथ है। हम प्रदेश की जनता के सहयोग और आशीर्वाद से विकसित भारत 2047 के संकल्प को और अधिक मजबूत करने के लिए प्रदेश की सभी 25 सीटों पर कमल खिलाएंगे। हमारा संकल्प पत्र जनता के लिए, जनता द्वारा तैयार किया गया एक पवित्र विज़न दस्तावेज़ है।

भाजपा ने बाबा साहब अंबेडकर की जयंती पर विकास का संकल्प पत्र देश के सामने प्रस्तुत किया है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं यह संकल्प पत्र गारंटी पूरा होने की गारंटी है।

- मुख्यमंत्री भजनलाल ने पेपरलीक माफिया पर हो रही कार्यवाही पर युवा वर्ग को राहत मिलने की बात कही तथा कहा कि, जहां समस्याएं हैं, हम वहां समाधान देते हैं।
- मुख्यमंत्री ने कहा, कांग्रेस सिर्फ घोषणा पत्र जारी करती है। भाजपा आमजन से सुझाव लेकर संकल्प पत्र जारी करती है और उसे तय समय में पूरा भी करती है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा, लोकसभा चुनाव 2024 के लिए हमारे पास 10 साल का रिपोर्ट कार्ड है। विपक्षी घमंडीया गठबंधन के पास ना तो नियत है, ना नेता है और ना ही नीति है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि, मोदी की गारंटी की बात करें तो जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाना, नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, गरीब कल्याण के तहत 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालना शामिल है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में होने वाली सभी भर्ती परीक्षाओं को पारदर्शी बनाते हुए पेपर माफियाओं के खिलाफ सख्त कानून बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, पेपर लीक माफिया पर कार्यवाही से युवा वर्ग को राहत मिली है। जहां समस्याएं होती है, वहां हम समाधान देते हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि, लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा संकल्प पत्र में मुफ्त राशन योजना को 5 साल के लिए बढ़ाया गया, जन औषधि केंद्रो का विस्तार किया गया, जहां पर 80 प्रतिशत सस्ती दवाइयां मिलती हैं, आयुष्मान भारत के तहत 70 साल की आयु से ऊपर वाले बुजुर्गों को 5 लाख का मुफ्त इलाज, पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ घर बनाने के बाद 3 करोड़ नए घर बनेंगे। पहले उज्ज्वला योजना के माध्यम से मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर दिये थे और अब गैस की पाईप लाइन बिछाने का काम किया जाएगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि, कांग्रेस केवल घोषणा पत्र जारी करती है, जबकि भाजपा आम जन से सुझाव लेकर संकल्प पत्र जारी करती है जिसे तय समय में पूरा भी किया जाता है।

## ‘राहुल गांधी व अभिषेक...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इस माह के जनवरी व फरवरी माह में की गई कुल जब्तियों में नशीली दवाएँ करीब 75 प्रतिशत है और चुनाव पैनल ने मतदान तिथियों की घोषणा से पूर्व ही इस बुराई पर फोकस कर लिया था।

पिछले कुछ वर्षों में गुजरात, पंजाब, मणिपुर, नागालैण्ड, त्रिपुरा और मिज़ोरम में सम्पन्न विधानसभा चुनावों के दौरान महत्वपूर्ण सामग्रियाँ ज़ब्त की गईं।

चुनाव प्राधिकरण ने याद दिलाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पिछले माह चुनाव तिथियों की घोषणा करते वक्त मनी पावर को प्रमुख "4 एम" चुनौतियों के रूप में रेखांकित किया था।

पिछले पाँच दशक से भारत के चुनावों पर बारीकी से नज़र रखते आ रहे चुनाव विशेषज्ञों ने कहा कि "इन तलाशियों से यह प्रकट होता है कि ये "चुनिंदा" ढंग से की जा रही हैं और इनके निशाने पर सत्तारूढ़ पार्टी की प्रतिद्वंदी पार्टियाँ हैं। उनके अनुसार, "लगता है कि चुनाव आयोग भी अब ई.डी., सी.बी.आई., आई.टी. और सरकार की अन्य एजेंसियों की जमात में शामिल हो गया है, जो विपक्षी पार्टियों और उनके नेताओं के खिलाफ सक्रिय रहती आई हैं।

## सुप्रीम कोर्ट से केजरीवाल...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कोर्ट ने ई.डी. से इस मामले में बुधवार तक अथवा इससे पूर्व जवाब मांगा है।

दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी, उसके बाद केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट की शरण में गए। वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी दिल्ली के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी को लेकर बहस करना चाहते थे कि गिरफ्तारी अवैध है, परन्तु न्यायाधीश संजीव खन्ना व दिपांकर दत्ता ने उनसे कहा कि वे ई.डी. का जवाब आने तक इंतजार करें, इसके साथ ही कोर्ट ने उस तारीख से पहले सुनवाई की तारीख देने से भी मना कर दिया।

पंजाब के मुख्यमंत्री व आप के नेता भगवंत मान ने दुख व्यक्त करते हुए कहा "यह देखकर बहुत कष्ट हुआ कि उन्हें (अरविन्द केजरीवाल) को इतनी सुविधा भी जेल में नहीं मिल रही है जो एक दुर्दान्त अपराधी को भी मुहैया होती है। उनका अपराध क्या है? यह कि उन्होंने अस्पताल बनवाये, स्कूल बनाये और जनता को मुफ्त में बिजली दी? वे उनके साथ ऐसा व्यवहार कर रहे हैं मानो कि केजरीवाल एक बहुत बड़े अपराधी हैं।"

# पायलट ने जयपुर ग्रामीण के प्रत्याशी अनिल चौपड़ा के लिए विशाल जन आशीर्वाद सभा की

## पायलट को देखने व सुनने के लिए लोगों का भारी हुजूम उमड़ा, लोगों में भारी जोश देखा गया

कोटपूतली, 15 अप्रेल (निसं)। पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने सोमवार शाम जयपुर-दिल्ली राजमार्ग पर ग्राम मोलाहेड़ा में जयपुर ग्रामीण लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी अनिल चौपड़ा के समर्थन में आयोजित विशाल जन आशीर्वाद रैली एवं जनसभा को सम्बोधित किया। पायलट को सुनने के लिये हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व क्षेत्रवासियों का हुजुम उमड़ पड़ा। जनसभा में पायलट को अपने बीच पाकर लोगों में अपार जोश व उत्साह का माहौल देखने को मिला। मुख्य अतिथि पायलट का कांग्रेस प्रत्याशी चौपड़ा ने 101 मीटर लम्बा साफा बांधकर स्वागत किया।

सभा को सम्बोधित करते हुये पायलट ने कहा, कांग्रेस पार्टी ने जयपुर ग्रामीण से एक युवा प्रत्याशी को मौका दिया है जो आपके आशीर्वाद से संसद में पहुंचा तो गरीब, किसान, मजदूर व नौजवान की आवाज को बुलंद करेगा।

- पायलट ने कहा, कांग्रेस पार्टी ने जयपुर ग्रामीण से युवा प्रत्याशी को मौका दिया है, आपके आशीर्वाद से संसद में पहुँचा तो गरीब, किसान, मजदूर व नौजवान की आवाज़ बुलंद करेगा।
- पायलट ने भाजपा और मोदी सरकार की कड़ी आलोचना की और कहा, मोदी ने हर वर्ग के साथ धोखा किया है।
- सभा को राज्यसभा सांसद दीपेन्द्र सिंह हूडा, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर रंधावा तथा स्थानीय विधायकों व पूर्व मंत्रियों ने भी संबोधित किया। पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने वीडियो संदेश भेजकर अनिल चौपड़ा को समर्थन दिया।
- जयपुर ग्रामीण के प्रत्याशी अनिल चौपड़ा ने 101 मीटर लम्बा साफा बांधकर पायलट का स्वागत किया।
- जनसभा में समर्थकों के साथ पहुँचे पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना को पायलट ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करवाई। आर.एल.पी. प्रत्याशी सतीश मांडया भी कांग्रेस में शामिल हो गए।

पायलट ने केन्द्र की मोदी सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि, विगत 10 वर्षो के शासन में प्रधानमंत्री मोदी ने केवल किसान व नौजवान के साथ ही नहीं, बल्कि समाज के सभी वर्गों के साथ धोखा किया है। वो चाहे महिला हितों की बात हो या फिर केन्द्रिय एजेन्सियों के जरिये नेताओं को घेरना हो। नोटबंदी व जी.एस.टी. जैसे उदाहरण आप सबके सामने हैं। पिछली बार जनता ने 300 सीट का आशीर्वाद दिया था तो क्या हुआ यह सब पूरे देश ने देखा। अगर गलती से इस बार पुनः सत्ता में आये तो क्या करेगें इसका अन्दाजा भी लगाना मुश्किल है।

सभा को सम्बोधित करते हुये प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि, कांग्रेस का वर्कर डरने वाला नहीं है। भारतीय जनता पार्टी विपक्षी दलों को डराकर चुनाव जीतना चाहती है लेकिन कांग्रेस का वर्कर किसी कीमत पर नहीं डरेगा। उन्होंने कहा, भाजपा डराकर उनके नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल कर रही है। लेकिन वे किसी कीमत पर डरने वाले नहीं हैं चाहे उन्हें जेल जाना पड़े। रंधावा ने कहा कि उन्हें खुशी है कि आज कोटपूतली में यह जनसभा आयोजित हो रही है।

इस मौके पर राज्यसभा सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि, देश के लिये ओलम्पिक का मैडल जीतने वाली बेटियों को अपने हितों के लिये धरने पर बैठना पड़ा इससे बड़ी शर्म की बात नहीं हो सकती। भाजपा सरकार ने सभी जाति वर्ग के लोगों के साथ धोखा किया है। जिसका सबक जनता इन्हें इस चुनाव में सिखायेगी। कांग्रेस प्रत्याशी अनिल चौपड़ा ने कहा कि, उन्होंने छात्र हितों के लिये विश्वविधालय में लड़ाई लड़ी है, अगर जनता का आर्शीवाद मिला तो लोकसभा में किसानों व नौजवानों की आवाज बुलंद करेगें। इसके लिये एक-एक कार्यकर्ता को मेहनत करनी पड़ेगी।

जनसभा में पूर्व मंत्री शकुन्तला रावत जैसे ही भाषण देने के लिये खड़ी हुईं तो उन्हें लोगों की हुटिंग का सामना करना पड़ा। हालांकि लोगों को चुप करवा दिया गया। जनसभा के दौरान पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना समर्थकों के हुजुम के साथ सभा स्थल पर पहुंचे। जहां उन्हें पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। कसाना ने कहा कि, वे कांग्रेस पार्टी को जिताने में कोई कसर नहीं छोड़ेगें। इनके अलावा आर.एल.पी. से प्रत्याशी रहे सतीश मांडैया ने भी कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।



*पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने जयपुर-दिल्ली हाइवे पर मोलाहेड़ा गाँव में कांग्रेस उम्मीदवार अनिल चौपड़ा के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। पायलट को सुनने के लिए हजारों की संख्या में कार्यकताओं एवं क्षेत्रवासियों का हुजूम उमड़ पड़ा। इस जनसभा में पायलट के साथ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा सहित कई अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद थे।*

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908




हार्दिक पांड्या की साधारण कप्तानी और गेंदबाजी के कारण उनकी टीम को चौथी हार का सामना करना पड़ा है। उनके पास प्लान बी की कमी दिखी या तो उन्होंने इसे अमल में नहीं लाया। - **सुनील गावस्कर**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, हार्दिक पांड्या की गेंदबाजी के बारे बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ **रोहित शर्मा**



**पूर्व** कप्तान रोहित शर्मा ने शतक लगाया लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। रोहित ने 63 बॉल पर नॉटआउट 105 रन बनाए। हालांकि, वे मुंबई के लिए सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले प्लेयर बने। वहीं, टी-20 क्रिकेट में 500 से ज्यादा सिक्स लगाने वाले पहले भारतीय भी बने। रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस के लिए सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। रोहित ने चेन्नई के खिलाफ करियर की दूसरी सेंचुरी जमाई। दोनों के लिए गही बनाई। रोहित के अलावा 5 और बैटर्स मुंबई के लिए 100 बना चुके हैं, लेकिन सभी ने सेंचुरी एक बार ही बनाई हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिस्टीन ओटरो ऐसी पहली महिला खिलाड़ी है जिसने एक ही ओलंपिक में 6 स्वर्ण पदक जीते। उसने सियोल ओलंपिक (1986) में तैराकी में यह रिकॉर्ड बनाया।

# हाई-स्कोरिंग मुकाबले में हैदराबाद ने बेंगलुरू को 25 रन से हराया

## हैदराबाद ने आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाया



बेंगलुरू, 15 अप्रेल। इंडियन प्रीमियर लीग इतिहास के सबसे हाई स्कोरिंग मुकाबले को हैदराबाद ने 25 रन से जीत लिया। चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। ने 20 ओवर में 3 विकेट गंवाकर 287 रन बनाए। ने भी दूसरी पारी में 7 विकेट गंवाकर 262 रन बनाए लेकिन मैच गंवा दिया। विराट कोहली की आरसीबी टीम के लिए दिनेश कार्तिक ने 35 गेंदों पर 83 रनों की पारी खेली। जबकि कप्तान डु प्लेसिस ने 28 गेंदों पर 62 रन और विराट कोहली ने 20 गेंदों पर 42 रन बनाए। मगर कोई भी टीम को जीत नहीं दिला सका। हैदराबाद के लिए पैट कमिंस ने 3 विकेट लिए। जबकि मयंक मार्कंडेय ने 2 और टी नटराजन ने 1 विकेट लिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए। ट्रैविस हेड 41 गेंदों में 104 रन की तूफानी शतकीय और हाइनरिक क्लासन 31 गेंदों में 67 रन की अर्धशतकीय पारियों की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 30वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जीत के लिए 288 रनों का लक्ष्य दिया है।

आज यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद की ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की सलामी जोडी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 108 रनों की साझेदारी की। नौवें ओवर में रीस टॉप्ली ने अभिषेक शर्मा 34 रन को लॉकी फर्ग्युसन के हाथों कैच कराकर हैदराबाद को पहला झटका दिया। ट्रैविस हेड ने 41 गेंदों में नौ चौके और आठ छक्कों की मदद से 102 रन ठोके।

वहीं हाइनरिक क्लासन ने भी ताबडतोड अंदाज में 31 गेंदों में दो चौकों और सात छक्के लगाते हुए 67 रन बनाये। इन दोनों बल्लेबाजों को लॉकी फर्ग्युसन ने आउट किया। एडन मारक्रम 32 और अब्दुल समद 37 रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट पर 287 रनों का स्कोर खड़ा किया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से लॉकी फर्ग्युसन ने दो विकेट लिये। रीस टॉप्ली ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# हरियाणा की पलक ने शूटिंग में हासिल किया 20वां ओलंपिक कोटा, क्वालीफाइंग इवेंट में जीता कांस्य



ब्राजील, 15 अप्रेल। हरियाणा की पलक ने शूटिंग में देश को 20वां ओलंपिक कोटा दिलाया है। पलक ने रियो डि जेनेरियो (ब्राजील) में खेली जा रही अंतिम ओलंपिक क्वालिफाइंग इवेंट में 10 मीटर एयर पिस्ट का ब्रान्ज मेडल जीता। इसके साथ ही संयम पांचवें नंबर पर रहीं।

आर्मेनिया की एल्मीरा कारापेत्यान ने गोल्ड और थाईलैंड की कमोनलाक साएंचा ने रजत और ओलंपिक कोटा जीता। पलक और संय ने शनिवार को 578 का समान स्कोर कर इस इवेंट के फाइनल में प्रवेश किया था। हालांकि, फाइनल में पलक और संयम दोनों पिछड़ी हुई चाल रही थीं, लेकिन दोनों ने बाद में वापसी की।

वहीं हंगरी की वेरोनिका मेजर एक समय में आगे चल रही थीं। लेकिन बाद में वह पिछड़ गईं, जिसका फायदा पलक को मिला। 19वें शॉट में पलक के 6 अंक की मेजर पर बढ़त बना ली और वह तीसरे स्थान पर पहुंच गई, जबकि संयम को पांचवें स्थान पर बाहर होना पड़ा। तीसरे और चौथे स्थान के मुकाबले में मेजर 10 का निशाना लगाने से चूक गईं, जिससे पलक कांस्य जीतने में सफल रहीं।

## धर्मशाला में बनी देश की पहली 'हाइब्रिड पिच' खेले जायेंगे आईपीएल के दो मैच

धर्मशाला, 15 अप्रेल। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ का खूबसूरत स्टेडियम बीसीसीआई द्वारा मान्यता प्राप्त पहला स्टेडियम होगा जिसमें अत्याधुनिक 'हाइब्रिड पिच' बिछाई गई है जहां इस सत्र में इंडियन प्रीमियर लीग के दो मैच होंगे। एचपीसीए के एक अधिकारी ने कहा ,'' हाइब्रिड पिच बिछा दी गई है और आईपीएल के दो मैच इसी पर खेले जायेंगे।'' नीदरलैंड की 'एसआईएस ग्रास' कंपनी को इसका जिम्मा दिया गया है। यहां जारी विज्ञिप्त के अनुसार यह पिच अधिक टिकाऊ, स्थिर और हाई परफॉर्मिंग होगी। एचपीसीए अध्यक्ष आर पी सिंह ने कहा, ''भारत में हाइब्रिड पिच तकनीक का आगमन क्रिकेट के लिये बहुत महत्वपूर्ण पल है।''

# टी-20 विश्वकप के बाद मेजर लीग में खेलेंगे ट्रैविस हेड

मुम्बई, 15 अप्रेल। ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ बल्लेबाज ट्रैविस हेड टी-20 विश्व कप के बाद आराम करने की बजाय मेजर लीग क्रिकेट के दूसरे सत्र में खेलने के लिए स्टीवन स्मिथ के जुड़ेंगे। हेड इस समय सनराइजर्स हैदराबाद के साथ आईपीएल में खेल रहे हैं। अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व कप 29 जून को समाप्त होगा।

उन्होंने टी-20 विश्वकप के बाद ऑस्ट्रेलिया में आराम करने की बजाय वाशिंगटन फ्रीडम के साथ अनुबंध करके मेजर लीग में खेलने का विकल्प चुना है। टी-20 विश्वकप के बाद सितंबर में इंग्लैंड के सफेद गेंद दौरे तक ऑस्ट्रेलिया का कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं है। हेड और स्मिथ फ्रीडम के नए कोच, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग के तहत खेलेंगे, जिन्होंने हाल ही में ग्रेग शिपर्ड की जगह ली थी।

फ्रीडम ने हाल ही में न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रवींद्र के साथ अनुबंध की घोषणा की। उन्होंने 2023 सत्र के लिए मार्को जेन्सन और अकील होसेन में दो विदेशी खिलाड़ियों को बरकरार रखा। हेड के साथ स्मिथ, एडम ज़म्पा (लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स), स्पेंसर जॉनसन (नाइट राइडर्स) और टिम डेविड (एमआई न्यूयॉर्क) शामिल हो गए हैं। उन्होंने एमएलसी के दूसरे सत्र के लिए अनुबंध की पुष्टि की है।

# शिवम दुबे मैच को नियंत्रित कर सकता है, टीमें उसके खिलाफ स्पिनरों को उतारने से डरती है : एरिक सिमंस



मुंबई, 15 अप्रेल। चेन्नई सुपरकिंग्स के गेंदबाजी कोच एरिक सिमंस ने कहा है कि ऑलराउंडर शिवम दुबे में मैचों को नियंत्रित करने की क्षमता है और टीमें उनके खिलाफ स्पिन गेंदबाजों का इस्तेमाल करने से 'डरती' हैं।

बाएं हाथ के बल्लेबाज दुबे ने रविवार को यहां मुंबई इंडियन्स के खिलाफ 38 गेंद में नाबाद 66 रन बनाए और अपनी टीम की 20 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई। मुंबई ने सात गेंदबाजों का इस्तेमाल किया लेकिन आठवें ओवर के बाद अपने स्पिनरों को गेंदबाजी का मौका नहीं दिया। दुबे ने स्पिनर की सिर्फ एक गेंद का सामना किया और वह गेंद श्रेयस गोपाल की थी।

सिमंस ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''जब वह (दुबे) आता है तो वे (विरोध टीमें) स्पिनरों को हटा देते हैं (और) वे तेज गेंदबाजों से गेंदबाजी कराते हैं। वह इसमें और अधिक प्रभावी हो गया है। लेकिन उन्होंने बाकी मैच में दोबारा स्पिन गेंदबाजी नहीं की क्योंकि वह विकेट पर था।''

उन्होंने कहा, ''यह इस बारे में है कि आप मैच को कैसे नियंत्रित करते हैं और उसके जैसा कोई व्यक्ति इसे नियंत्रित कर सकता है क्योंकि वे अब स्पिन गेंदबाजी नहीं कर सकते। वे ऐसा नहीं करना चाहते। वे डरे हुए हैं। तेज गेंदबाजी के खिलाफ प्रभावी होने की उसकी क्षमता उसके लिए बहुत फायदेमंद स्थिति बन गई है।

## बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिये भारतीय महिला टीम का हुआ ऐलान

नयी दिल्ली, 15 अप्रेल। स्पिनर आशा शोभना और बल्लेबाज साजना सजीवन को बांग्लादेश के खिलाफ 28 अप्रैल से शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिये भारतीय महिला क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है। लेग स्पिनर शोभना ने महिला प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की खिताबी जीत में अहम भूमिकर निभाते हुए दस मैचों में 12 विकेट लिये थे। सजीवन ने मुंबई इंडियंस के लिये सेमीफाइनल में 74 रन बनाये थे। टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर होंगी। यह श्रृंखला इसलिये भी अहम है क्योंकि इस साल के आखिर में टी20 विश्व कप भी बांग्लादेश में होना है। सभी पांच मैच सिलहट में खेले जायेंगे। आरसीबी की श्रेयांका पाटिल भी टीम में है जबकि डी हेमलता ने अक्टूबर 2022 के बाद वापसी की है। मैच 28, 30 अप्रैल, दो मई, छह मई और नौ मई को खेले जायेंगे। **टीम :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, डी हेमलता, साजना सजीवन, रिचा घोष, यास्तिका भाटिया, राधा यादव, दीप्ति शर्मा, पूजा वस्त्राकर, अमनजोत कौर, श्रेयांका पाटिल, साइका इशाक, आशा शोभना, रेणुका सिंह ठाकुर, टिटास साधू।

# ब्रायन लारा की हार्दिक पांड्या की टीम को सलाह, कहा- गेंदबाजी में करना होगा सुधार



मुंबई, 15 अप्रेल। वेस्टइंडीज के पूर्व महान खिलाड़ी ब्रायन लारा ने इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियन्स की 20 रन की हार के बाद कहा कि मुंबई के गेंदबाजी आक्रमण में जसप्रीत बुमराह के अलावा अधिक दम नहीं है और उन्हें खेल के इस विभाग में सुधार करने की जरूरत है।

बुमराह (चार ओवर में 27 रन देकर कोई विकेट नहीं) को सुपरकिंग्स के खिलाफ कोई सफलता नहीं मिली जो उनके द्वारा स्थापित शीर्ष मानकों को देखते हुए बेहद सामान्य प्रदर्शन है। मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या के पारी के अंतिम ओवर में महेंद्र सिंह धोनी ने भी लगातार तीन छक्के मारे और रविवार रात अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

लारा ने 'स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव शो' पर कहा, ''मुझे लगता है कि जब हम मुंबई इंडियंस को देखते हैं तो बहुत से लोग उन्हें प्रबल दावेदार के रूप में देखते हैं, सिर्फ इसलिए कि वे इतनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे। उन्होंने 230 रन बनाए, उन्होंने 196 रन का लक्ष्य हासिल किया, इसे बहुत आसान बना दिया, 15 ओवर में, इसलिए इस तथ्य के कारण मुझे लगता है कि हम उन्हें प्रबल दावेदार के रूप में चुनते हैं।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन उनकी गेंदबाजी खराब है। जसप्रीत बुमराह के अलावा, उस गेंदबाजी आक्रमण में उनका समर्थन करने वाला कोई नहीं है और सुपरकिंग्स के बल्लेबाजों ने उन्हें ध्वस्त कर दिया।''

आठवें ओवर के बाद मुंबई इंडियन्स ने अपने स्पिनरों का उपयोग नहीं किया क्योंकि धीमे गेंदबाजों के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले शिवम दुबे क्रीज पर थे। लारा ने कहा, ''स्पिनरों ने लगभग सात रन प्रति ओवर की दर से रन देने के बाद केवल चार ओवर फेंके क्योंकि शिवम दुबे की मौजूदगी में उन्हें उन पर भरोसा नहीं था। इसलिए मुंबई इंडियन्स को उस क्षेत्र में सुधार करना होगा, उन्हें कुछ गेंदबाज ढूंढने होंगे, मैच जिताने वाले गेंदबाज।

## पूर्व क्रिकेटर माइकल स्लेटर को पुलिस ने हिरासत में लिया, 19 अपराधों का आरोप लगा

ऑस्ट्रेलिया, 15 अप्रेल। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर माइकल स्लेटर को एक दर्जन से अधिक अपराधों के आरोप लगने के बाद पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। 54 साल के स्लेटर ने सोमवार को मारूचिडोर मजिस्ट्रेट कोर्ट में अपने मामले का उल्लेख किया था। वह 5 दिसंबर, 2023 से 12 अप्रैल, 2024 के बीच अलग-अलग तारीखों पर क्वींसलैंड के सनशाइन कोस्ट पर किए गए कथित अपराधों से संबंधित 19 आरोपों का सामना कर रहे हैं। आरोपों में गैरकानूनी तरीके से पीछा करना, डराना-धमकाना, रात में घर में घुसना, शारीरिक नुकसान पहुंचाने वाले हमले और घरेलू हिंसा के अपराध शामिल हैं। पूर्व सलामी बल्लेबाज और टीवी कमेंटेटर पर जमानत का उल्लंघन करने और घरेलू हिंसा के आदेश का उल्लंघन करने के दस आरोप भी लगाए गए थे। पुलिस ने पुष्टि की है कि उन्होंने कई दिनों तक घरेलू हिंसा की घटनाओं के बाद शुक्रवार को उन्हें उनके घर से गिरफ्तार किया गया। मंगलवार को अदालत के आदेश पर स्लेटर को पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया।

## मायकोलास एलेक्ना ने डिस्कस थ्रो का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया

रामोना, 15 अप्रेल। लिथुआनिया मायकोलास एलेक्ना ने पुरुष एथलेटिक्स डिस्कस थ्रो का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। मायकोलास अलेक्नाा ने रविवार को रमोना में ओक्लाहोमा थ्रो सीरीज प्रतियोगिता में डिस्कस थ्रो में 74.35 मीटर डिस्क फेंक कर जर्मनी के जर्गेन शुल्ट के 74.08 मीटर के विश्व रिकार्ड को तोड़ा। उल्लेखनीय है कि जर्मनी के जर्गेन शुल्ट ने वर्ष 1986 में 74.08 मीटर डिसक्स थ्रो फेंक कर विश्व रिकार्ड कायम किया था।

## खालसा कॉलेज ने जीता पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट

नयी दिल्ली, 15 अप्रेल। मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरे पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग का खिताब अपने नाम कर लिया है। आज यहां हुये मुकाबले में श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने कांटे की टक्कर के फाइनल में खालसा कॉलेज एलुमनी टीम को 3-2 से हराया।

विजेता श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के लिए अरबाज, मोहित और हर्ष तेवतिया ने एक-एक गोल दागे। खालसा कॉलेज एलुमनी टीम की तरफ से विपिन नांदल और मनीष ने एक-एक गोल किए। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के हर्ष तेवतिया मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया।

इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर पुरस्कार श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के ऋषभ को दिया गया। सर्वेश्रेष्ठ डिफेंडर - विपिन नांदल ( श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज एलुमनी टीम), सर्वेश्रेष्ठ मिडफील्डर - अंकित (श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज), सर्वेश्रेष्ठ फॉरवर्ड - अजय राठी (श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज एलुमनी), प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट - पवन चौहान (श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज) को नवाजा गया है। भारत के पूर्व हॉकी ओलंपियन, अर्जुन अवार्ड, पद्मश्री और ध्यान चांद लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित हरबिंदर सिंह और पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के ज्वाइंट सेक्रेटरी गौतम वडेरा ने पुरस्कार वितिरित किये

## आईपीएल में कमेंटेटर्स-खिलाड़ियों से परेशान, अब जुर्माना लगाने की तैयारी

नई दिल्ली, 15 अप्रेल। आईपीएल टीमें, खिलाड़ी और कमेंटेटर्स काफी एक्टिव नजर आ रहे हैं। वो लगातार सोशल मीडिया पर मैच के दौरान के फोटो और वीडियो शेयर करते रहते हैं। बस यही बात और ब्रॉडकास्टर्स को पंसद नहीं आ रही है। दरअसल, आईपीएल टीमों, खिलाड़ियों और कमेंटेटर्स का फोटो-वीडियो शेयर करना नियमों का उल्लंघन माना जा रहा है। बीसीसीआई अधिकारी ने बताया कि आईपीएल टीमों को मैच से फुटेज या वीडियो लेने और शेयर करने की अनुमति नहीं है, लेकिन मैच के दिन वो लिमिटेड फोटो डाल सकते हैं। ब्रॉडकास्टर्स ने आईपीएल अधिकारों के लिए बड़ी रकम चुकाई है। इसलिए कमेंटेटर मैच के दिन वीडियो या तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट नहीं कर सकते। वे लिमिटेड तरीके से ही तस्वीरें पोस्ट कर सकते हैं।

# रॉयल्स को हराकर टॉप पर पहुंचना चाहेगी केकेआर, आज होगी महाभिड़ंत

कोलकाता, 15 अप्रेल। मंगलवार को आईपीएल 2024 में केकेआर और राजस्थान रॉयल्स के बीच टक्कर होगी। वहीं कोलकाता के ईडन गार्डन्स में रॉयल्स के बल्लेबाजों के सामने सुनील नारायण की गेंदबाजी चुनौती बन सकती है। अगले महीने 36 बरस के होने जा रहे नारायण ने 2012 और 2014 में पूर्व कप्तान गौतम गंभीर के नेतृत्व में केकेआर की दो खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

साल 2012 में नाइट राइडर्स का हिस्सा बनने के बाद से नारायण ने ईडन गार्डन्स पर अपनी गेंदबाजी से विरोधी बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है। मेंटर के रूप में टीम में गंभीर की वापसी के बाद नारायण ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को खिताब के दावेदारों में शामिल कर दिया है। तालिका की शीर्ष दो टीमों के बीच होने वाले इस मुकाबले में अगर केकेआर जीत दर्ज करता है तो 10 टीम की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच जाएगा।

रविवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ केकेआर की आठ विकेट की जीत में फिल सॉल्ट को नाबाद तूफानी अर्धशतक जड़ने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। लेकिन वह नारायण थे जिनकी किफायती गेंदबाजी के सामने लखनऊ की टीम सात विकेट पर 161 रन ही बना सकी। मौजूदा सत्र में 155 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले रॉयल्स के संजू सैमसन, रियान पराग और शिमरोन हेटमायर जैसे बल्लेबाजों को हालांकि नारायण की चुनौती का हल ढूंढना होगा। यह देखना होगा कि जोस बटलर इस मुकाबले के लिए फिट हैं या नहीं। वह पंजाब किंग्स के खिलाफ रॉयल्स के पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे। मौजूदा सत्र में नारायण बल्ले से भी काफी अच्छी फॉर्म में हैं और उन्होंने 183.51 के स्ट्राइक रेट से 33 से अधिक की औसत से रन बनाए हैं।

आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी मिशेल स्टार्क ने भी सुपरजाइंट्स के खिलाफ पिछले मैच में लय हासिल करते हुए 28 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे। इस मैच में मुख्य मुकाबला केकेआर की गेंदबाजी और रॉयल्स की बल्लेबाजी के बीच होगा। केकेआर की एकमात्र कमजोर कड़ी उसके कप्तान श्रेयस अय्यर हैं जो खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं और बड़ी पारियां खेलने में विफल रहे हैं। लखनऊ के खिलाफ 162 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अय्यर 38 गेंद में 38 रन बनाकर नाबाद रहे थे लेकिन उन्हें तेज गेंदबाजों और स्पिनरों दोनों के खिलाफ परेशानी हुई थी। मौजूदा सत्र में केकेआर की बल्लेबाजी शीर्ष क्रम में सॉल्ट और नारायण की आक्रामक बल्लेबाजी और डेथ ओवरों में आंद्रे रसेल के तूफानी तेवरों पर निर्भर रही है। टीम के भारतीय बल्लेबाज मौजूदा सत्र में अब तक प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं।

## अभी से संन्यास नहीं लेंगे धोनी, 2025 में भी खेलेंगे : हरभजन

मुंबई, 15 अप्रेल। बॉलीवुड की फिल्म आनंद में राजेश खन्ना का एक मशहूर डायलॉग है- बाबू भाई जिंदगी लंबी नहीं लेकिन बड़ी होनी चाहिए। लगता है एमएस धोनी ने भी इस सीजन इस डायलॉग पर पारियां खेल रहे हैं और वह बाकी दुनिया को यही संदेश दे रहे हैं- बाबू भाई, पारी लंबी नहीं लेकिन दमदार होनी चाहिए। इसलिए धोनी कुछ गेंदें ही खेलने के लिए बैटिंग पर आते हैं और तेज-तर्रार 20-25 रन ठोककर मैच पर अपना प्रभाव छोड़ रहे हैं। कुछ ऐसा ही उन्होंने रविवार को मुंबई इंडियन्स के खिलाफ किया, जब उन्होंने अंतिम 4 बॉल पर लगातार 3 छक्के जड़कर 20 रन ठोक दिए। धोनी की ताबड़तोड़ बैटिंग देखकर माही राज की वापसी दिखी।

## 2024 में एथलेटिक ट्रैक लाल रंग की बजाय बैंगनी रंग का होगा

पेरिस, 15 अप्रेल। आगामी पेरिस ओलंपिक खेलों में एथलेटिक ट्रैक लाल रंग का नहीं बल्कि बैंगनी रंग का होगा। एथलीट इस साल इसी ट्रैक पर नए रिकॉर्ड बनाएंगे।

# लक्ष्य हासिल किया जा सकता था, पथिराना ने अंतर पैदा किया

## मुंबई इंडियंस की हार पर कप्तान हार्दिक पांड्या ने दिया बयान




मुंबई, 15 अप्रेल। मुंबई इंडियन्स के कप्तान हार्दिक पंड्या ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ 20 रन की हार के बाद स्वीकार किया कि लक्ष्य को हासिल किया जा सकता था लेकिन विरोधी तेज गेंदबाज मथीसा पथिराना ने अंतर पैदा किया।

सुपरकिंग्स के 207 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियन्स की टीम पथिराना (28 रन पर चार विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने रोहित शर्मा की 63 गेंद में पांच छक्कों और 11 चौकों से नाबाद 105 रन की पारी के बावजूद छह विकेट पर 186 रन ही बना सकी। रोहित ने इशान किशन (23) के साथ पहले विकेट के लिए 70 और तिलक वर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की लेकिन मुंबई को जीत नहीं दिला सके। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (40 गेंद, 69 रन, पांच छक्के, पांच चौके) और शिवम दुबे (38 गेंद में नाबाद 66 रन, दो छक्के, 10 चौके) ने इससे पहले अर्धशतक जड़ने के अलावा तीसरे विकेट के लिए 90 रन की साझेदारी की जिससे सुपरकिंग्स ने चार विकेट पर 206 रन बनाए।

महेंद्र सिंह धोनी ने अंत में चार गेंद में तीन छक्कों से नाबाद 20 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर 200 रन पार पहुंचाया। हार्दिक ने मैच के बाद कहा, ''निश्चित रूप से लक्ष्य हासिल किया जा सकता था लेकिन उन्होंने काफी अच्छी गेंदबाजी की और पथिराना ने अंतर पैदा किया। वे अपनी योजनाओं को लेकर काफी चतुर थे और उन्होंने लंबी बाउंड्री का अच्छी तरह इस्तेमाल किया।''

उन्होंने कहा, ''उन्होंने इसे भांप लिया और विकेट के पीछे उनके पास ऐसा व्यक्ति है जो बताता है कि क्या चीज काम कर रही है। गेंद थोड़ी रुककर आ रही थी और वे अपना पलड़ा भारी करने में सफल रहे। पथिराना के आने तक हम अच्छी तरह से लक्ष्य की ओर बढ़ रहे थे।

# ट्रेविस हेड ने 41 गेंदों में जड़ा शतक



बेंगलुरु, 15 अप्रेल। सनराइजर्स हैदराबाद की बल्लेबाजी आईपीएल 2024 में एक अलग ही टच में नजर आ रही है। अब ट्रेविस हेड इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन में की ओर से शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने की पारी के 12वें ओवर में विजय कुमार विषक की गेंद पर चौका लगाकर मात्र 39 गेंद में शतक लगा दिया है। उन्होंने 100 रन बनाने के लिए 9 चौके और 8 गगनचुंबी छक्के भी लगाए।

ट्रेविस हेड अब आईपीएल के मौजूदा सीजन में शतक लगाने वाले चौथे बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले विराट कोहली, जोस बटलरऔर रोहित शर्मा ने भी शतक बनाया था। वो आईपीएल 2024 में सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी भी हैं। उनसे पहले विराट ने 67 गेंद, रोहित शर्मा ने 61 गेंद और जोस बटलर ने 58 गेंद में शतक लगाया था।

ट्रेविस हेड ने 39 गेंद में अपना शतक पूरा किया है और इसी के साथ वो आईपीएल के इतिहास में चौथा सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। डेविड मिलर (38), युसुफ पठान (37) और क्रिस गेल (30) सबसे तेज शतक लगाने के मामले में उनसे आगे हैं। ट्रेविस हेड अब के लिए भी सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने हैं। उनसे पहले हैदराबाद के लिए सबसे तेज शतकीय पारी खेलने का रिकॉर्ड डेविड वॉर्नर के नाम था, जिन्होंने साल 2017 में के खिलाफ 43 गेंद में शतक लगाया था। ट्रेविस हेड ने साथ ही आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज होने का रिकॉर्ड भी बना दिया है। उनसे पहले यह रिकॉर्ड एडम गिलक्रिस्ट के नाम था, जिन्होंने 2008 में डेक्कन चार्जर्स के लिए खेलकर 42 गेंद में शतक ठोका था।


MARUTI SUZUKI ARENA
गर्मियां
कूल ऑफ़र्स की!
ALTO K10
S-PRESSO
SWIFT
WAGONR
CELERIO
महा बचत
ALTO K10 ₹63 100*
S-PRESSO ₹58 100*
SWIFT ₹43 100*
WAGONR ₹63 100*
CELERIO ₹58 100*
Scan to know more
SMART FINANCE
AN ONLINE END-TO-END CAR FINANCE SOLUTION
Pre-approved loans
Multiple financiers
Custom generated loans
Loan status tracking
ALSO AVAILABLE VIA SUBSCRIPTION. SCAN TO KNOW MORE.
www.marutisuzuki.com/subscribe
SCAN THE QR CODE TO SELL YOUR CAR NOW.
SCAN TO CHAT WITH US
ALTO K10
S-PRESSO
SWIFT
WAGONR
CELERIO
E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership
MARUTI SUZUKI AUTHORIZED DEALERS: KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.: VAISHALI MARG, VAISHALI NAGAR: 9209056789. VIPUL MOTORS PVT. LTD.: TONK ROAD: 2727000, 7340045958. AJMER ROAD: 4065555, 9660000363. K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.: ADARSH NAGAR: 4074444, 9549650361. BANIPARK: 0141-4072222, 9549651818. SATNAM MOTOCORP PVT. LTD.: MALVIYA NAGAR: 0141-6765318, 8302290000. PREM MOTORS PVT. LTD.: CORPORATE PARK, GOPAL BARI, AJMER ROAD: 4511111, 9785034000. JAIPUR-VKI, ROAD NO.8: 4411111, 9785023000. SANGA AUTONATION: 9057809150, 7734901000. AURIC MOTORS PVT LTD.: MANSAROVAR: 8929207471.
*Applicable Terms and conditions available at Maruti Suzuki Arena authorized dealer. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. It is inclusive of Consumer offer, Exchange Offer, Corporate/Rural Offer (wherever applicable). All offers are valid till 30th April 2024 or till stocks last. Offers applicable on selected models/variants and selected cities. Car models and accessories shown may vary from the actual product. Black glass on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purpose only. ^All loans and schemes are at the sole discretion of the Finance Partner.